वर्ष-31, अंक- 314, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
31 अगस्त 2025


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### नगड़ी में रिम्स-2 बनने दें, यह रांची का प्रोजेक्ट है : डॉ इरफान

**रांची/जामताड़ा।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स-2 की जमीन को लेकर विपक्ष के विरोध को ले भाजपा पर निशाना साधा है। मंत्री ने जामताड़ा में पत्रकारों से बात करते हुए हालिया घटनाओं पर भाजपा को चेतावनी दी और कहा कि रिम्स-2 जरूर बनेगा। भाजपा रिम्स-2 की आड़ में समाज को बांट रही है। डॉ इरफान अंसारी ने कहा, हम सबसे रिक्वेस्ट करते हैं कि वे नगड़ी में रिम्स-2 बनने दें, क्योंकि यह रांची का प्रोजेक्ट है। हम किसी के सेंटीमेंट के साथ खिलवाड़ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर रिम्स-2 प्रोजेक्ट का यूं ही भाजपा विरोध करती रही, तो इसे कहीं और शिफ्ट करने पर विचार किया जा सकता है। भाजपा शुरू से इस महत्वाकांक्षी योजना का विरोध करती आ रही है। इरफान अंसारी ने भाजपा पर समाज में बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा आदिवासी को दलित, आदिवासी को अल्पसंख्यक से अलग करने का और आपस में बांटने का काम कर रही है, जिससे फिर से वह सत्ता में आ सके। भाजपा का मकसद सिर्फ सत्ता है, रिम्स-2 बने या ना बने, इससे कोई मतलब नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि रिम्स-2 दिवंगत शिबू सोरेन के नाम से बनेगा, जिन्होंने अलग राज्य लिया। जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति अपना भरोसा जताया है। भाजपा इसे पचा नहीं पा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स-2 तो बनकर रहेगा, चाहे जितना भी समय लगे।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वाइचुंग भूटिया

# खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त खिलाड़ी वाइचुंग भूटिया ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सरकार की खेल नीति के अंतर्गत खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप, रोजगार, बेहतर कोचिंग और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल के लिए विशेष योजनाएं भी बनाई जा रही हैं, ताकि ग्रामीण स्तर से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वाइचुंग भूटिया का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल झारखंड की युवा पीढ़ी के बीच अत्यंत लोकप्रिय खेल है। सरकार इसके आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइचुंग भूटिया जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और अनुभव झारखंड के खिलाड़ियों को नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे राज्य के युवा खिलाड़ियों का मनोबल और उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड में खेल की अपार संभावना है। सरकार हर स्तर पर खिलाड़ियों को अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



**बोले मुख्यमंत्री**

- खिलाड़ियों के सपनों को पंख दे रही है झारखंड की खेल नीति
- फुटबॉल जैसे खेल के लिए बनाई जा रही हैं विशेष योजनाएं

### झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं : भूटिया

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वाइचुंग भूटिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के प्रोत्साहन एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने की दिशा में अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और यहां से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा जा रहे हैं।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का व उनकी पत्नी को सात-सात साल की सजा



- सात अन्य दोषियों को भी सुनाई गई सजा
- सीएनटी एक्ट के उल्लंघन का है मामला

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** सीबीआई की विशेष अदालत ने शनिवार को सीएनटी एक्ट के उल्लंघन मामले में राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत नौ दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई। एनोस एक्का और मेनन एक्का के अलावा जिन्हें सजा सुनाई गई है, उनमें रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात, तत्कालीन सीआई राजकिशोर सिंह, फिरोज अख्तर, अनिल कुमार, राजस्व कर्मचारी ब्रजेश मिश्रा, मणिलाल महतो और परशुराम शामिल हैं। शनिवार को सजा के बिंदु पर बहस के बाद सीबीआई के विशेष जज श्याम नंदन तिवारी की अदालत ने सजा सुनाई। सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है।

शेष पेज 11 पर...

### सीबीआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज की थी प्राथमिकी

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने अगस्त 2010 में एनोस एक्का समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। वर्ष 2012 में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की थी। नवंबर 2019 में सभी के खिलाफ आरोप तय हुआ था। ज्ञात हो कि एनोस एक्का को पारा शिक्षक मनोज कुमार की वर्ष 2014 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया। उन्हें वर्ष 2018 में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। वे जमानत पर थे। इसी बीच इस मामले में दोषी करार दिए जाने पर वे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिए गए थे। एनोस ने साल वर्ष 2005, 2009 और 2014 में कोलेबिरा से चुनाव जीता। लेकिन, आय से अधिक संपत्ति और पारा शिक्षक की हत्या के मामले सामने आने के बाद उनकी परेशानी शुरू हो गई। पूर्व में ईडी की कार्रवाई के दौरान रांची, सिमडेगा, दिल्ली समेत कई राज्यों में उनकी संपत्ति जब्त कर ली गई थी।

## अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप के लगाए कई टैरिफ को गैरकानूनी बताया

- ट्रंप ने कोर्ट पर ही राष्ट्र विरोधी का होने का आरोप लगाया

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका की फेडरल सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने बीते शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगभग हर देश पर व्यापक टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने का कानूनी अधिकार नहीं था। हालांकि, अदालत ने फिलहाल इन टैरिफ को तुरंत खत्म नहीं किया है और ट्रंप सरकार को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का समय दिया है। फेडरल सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने 7-4 के फैसले में कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति को असीमित अधिकार देने का इरादा नहीं किया था कि वह हर देश पर आयात शुल्क लगा सकें। अदालत का यह फैसला मई में न्यूयॉर्क की एक विशेष व्यापार अदालत द्वारा दिए गए फैसले को काफी हद तक बरकरार रखता है। इधर, इस फैसले से तमतमाये ट्रंप ने उस कोर्ट के ही कई जजों पर राष्ट्र विरोधी होने का आरोप लगाते हुए इस फैसले को चुनौती देने की बात कही है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, अगर यह फैसला बरकरार रहा, तो अमेरिका बर्बाद हो जाएगा। वहीं, व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने कहा कि ट्रंप ने पूरी तरह कानूनी तरीके से कार्रवाई की है और सरकार को इस मामले में जीत मिलेगी। यह फैसला ट्रंप की उस नीति को चुनौती देता है, जिसके तहत वह अकेले अमेरिकी व्यापार नीति को पूरी तरह बदलना चाहते थे। विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप के पास आयात शुल्क लगाने के अन्य कानूनी रास्ते भी हैं, लेकिन उन पर उनकी ताकत सीमित रहेगी। उनके लगाए गए टैरिफ और अचानक लिए गए फैसलों ने वैश्विक बाजारों को हिलाया है, अमेरिकी सहयोगियों को नाराज किया है और ऊंची कीमतों तथा धीमी आर्थिक वृद्धि की आशंका बढ़ाई है। ट्रंप ने यूरोपीय संघ, जापान और अन्य देशों पर दबाव बनाने के लिए भी इन शुल्कों का इस्तेमाल किया था। उनका कहना है कि इनसे अमेरिकी खजाने में अरबों डॉलर आए, जिनका इस्तेमाल 4 जुलाई को पास किए गए टैक्स कटौती कानून को लागू करने में किया गया। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अगर टैरिफ खत्म हुए तो अमेरिकी प्रशासन की वार्ता रणनीति कमजोर हो जाएगी और अन्य देश सख्त रुख अपना सकते हैं। सरकार का तर्क है कि यदि अदालत ने टैरिफ पूरी तरह रद्द कर दिए, तो पहले से वसूले गए अरबों डॉलर वापस करने पड़ सकते हैं, जिससे खजाने पर भारी बोझ पड़ेगा। ट्रंप पहले भी चेतावनी दे चुके हैं कि यदि यह व्यवस्था खत्म हुई तो हालात 1929 जैसी महामंदी वाले हो जाएंगे। अमेरिका में ट्रंप सरकार द्वारा लगाए गए टैरिफ (आयात शुल्क) से जुलाई तक 159 अरब डॉलर की कमाई हुई है, जो पिछले साल की तुलना में दोगुनी से भी ज्यादा है। अब तो इन टैरिफ को लेकर कानूनी लड़ाई तेज हो गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी चीन के तियानजिन पहुंचे

- एससीओ समिट में होंगे शामिल

**तियानजिन (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को चीन के तियानजिन पहुंचे, जहां वे रविवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में भाग लेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने जापान यात्रा समाप्त की, फिर तियानजिन के बिनहाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां उनका शानदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने चीन पहुंचने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, तियानजिन में उतर चुका हूं। एससीओ समिट के दौरान विभिन्न देशों के नेताओं से गहन चर्चा करने का इंतजार है। समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिनमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से रविवार और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सोमवार को बैठक होने की संभावना है। इससे पहले दोनों नेताओं की प्रधानमंत्री मोदी की पिछली मुलाकात 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान हुई थी। इस बैठक में भारत और चीन के बीच सीमा पर पेट्रोलिंग को लेकर एक समझौता हुआ था, जिससे चार साल से चल रहे सीमा विवाद का समाधान निकाला गया। भारत वर्ष 2017 से एससीओ का सदस्य है और वर्ष 2022-23 के दौरान इस संगठन के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल चुका है। पीएम मोदी ने कहा, भारत एससीओ का सक्रिय और रचनात्मक शेष पेज 11 पर...



## आज / कल




## रिम्स-टू खेती की जमीन पर न बनकर बंजर जमीन पर बने : मरांडी

- सूर्या हांसदा को थर्ड डिग्री टॉर्चर देकर मारा गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता और बीजेपी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने सूर्या हांसदा की मौत की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। मरांडी का दावा है कि हांसदा की हत्या पुलिस ने थर्ड डिग्री की यातना और इलेक्ट्रिक शॉक दे कर की और फिर इसे मुठभेड़ के रूप में पेश करने के लिए उनके शव को फेंक दिया गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा पुलिस ने थर्ड डिग्री टॉर्चर और बिजली के झटके देकर सूर्या हांसदा की हत्या की और लाश फेंक कर इसे एनकाउंटर बताने का षड्यंत्र रचा है। पुलिस सादी वर्दी में आती है, पूछताछ के लिए ले कर जाती है। ललमटिया थाना में यातना दें कर मार दिया जाता है। बॉडी परिवार वालों को भी पोस्टमार्टम के बाद दिया गया। इससे पहले शव के पास मीडिया को भी जानें नहीं दिया गया। सूर्या हांसदा के एनकाउंटर को बीजेपी लगातार इश्यू बनाए हुए है। हांसदा पहले बीजेपी से जुड़े थे और चुनाव भी लड़ चुके हैं। आखिरी चुनाव उन्होंने जयराम महतो की पार्टी झारखंड क्रांतिकारी मोर्चा से लड़ा था। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुझे रिम्स-2 से कोई आपत्ति नहीं है। रिम्स-टू बनना चाहिए लेकिन बंजर जमीन पर बनना चाहिए। खेती योग जमीन पर रिम्स-टू न बने। लेकिन सरकार अपनी जिद्द पर अड़ी हुई है। नगड़ी जमीन पर कई बार विवाद हुआ था। सरकार जल जंगल जमीन का नारा देकर सरकार में आई है। लेकिन आज खुद सरकार आदिवासियों की जमीन लूटने का काम कर रही है।



### आईएनडीआईए के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी ने सीएम सोरेन के साथ की प्रेसवार्ता, कहा-

## हेमंत सोरेन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद

नवीन मेल डेस्क

रांची। आईएनडीआईए गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहे पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी शनिवार को रांची पहुंचे। रेड्डी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद सीएम सोरेन के साथ प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में आईएनडीआईए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि हेमंत के सांसदों का समर्थन उन्हें मिल गया है। उन्होंने कहा, मैं सभी राज्यसभा और लोकसभा सदस्यों से आग्रह करूंगा कि अगर मैं काबिल हूं, तो मदद कीजिए।

शेष पेज 11 पर...



### हम बी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करते हैं : हेमंत

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रेस वार्ता में कहा, 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव होना है। पक्ष और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी तैयारी में जुटे हैं। तेलंगाना के बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के साझा उम्मीदवार हैं। हम इनका समर्थन करते हैं। सुदर्शन रेड्डी हमारे साझा उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जाए, इसी सोच को लेकर हम सब एकत्र हुए हैं। इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार सभी दलों के नेताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि उन्हें विजय दिलाने की रणनीति तय की जाए और आगे व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## इंडिया

## हंगामे के बीच संसद व विधानसभाओं में छूटते जनता के मुद्दे



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे से असहमत होने पर सहमत होती हैं और संसद सत्र या विधानसभा के ठप होने के लिए एक-दूसरे को दोष देती हैं। लेकिन इस साल, विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन ने आम सहमति दिखाते हुए संसद के मानसून सत्र को बेकार माना। बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के विवाद से सदन की कार्यवाही लगातार स्थगित होती रही जबकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। सांसद अपनी पार्टियों के प्रतिनिधि के तौर पर काम करते हैं, न कि मतदाताओं के । स्थगन से प्रति मिनट करदाताओं द्वारा चुकाए जाने वाले अनुमानित दो लाख रुपये बर्बाद होते हैं। विरोध के नाम पर हंगामे में जनता के गंभीर कानून और शासन पर निगरानी से जुड़े मुद्दे रखे रह जाते हैं जिसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है, जो सांसदों का प्राथमिक दायित्व है। देश के भविष्य और आजीविका को प्रभावित करने वाले मुद्दों जैसे ट्रंप के एकतरफा टैरिफ पर लोकसभा में सात और राज्यसभा में 13 सवाल उठे। बहस शुरू होनी चाहिए थी, रणनीति आधारित एक सर्वदलीय समिति भी गठित होनी चाहिए थी। लेकिन संसद में हंगामा और बाहर बयानबाजी के शोर में ऐसा नहीं हो सका पर सरकार ने घरेलू अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर केंद्रित आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र में सुधारों के लिए मंत्रियों के दो अनौपचारिक समूह बनाए हैं जो विधायी और नीतिगत सुधारों के एजेंडे तैयार करेंगे । अवंतिस रेगटेक के एक अध्ययन के अनुसार उद्यमियों को 1,500 कानूनों और 69,000 से ज्यादा अनुपालनों का सामना करना पड़ता है जिसपर सांसदों को सरकार से सवाल पूछना चाहिए था ।जबकि बहुप्रतीक्षित सुधारों का बड़ा हिस्सा राज्यों में लंबित है। सरकार ने बदलाव को गति देने के लिए फरवरी में राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक की घोषणा की थी—इसके लिए नीति आयोग द्वारा मुहूर्त और लॉन्च का इंतजार है। प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारत को अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। निजी क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए जुलाई, 2024 में एक कोष की घोषणा की गई थी। पशु चिकित्सकों के 10,839 पद रिक्त हैं। मनरेगा कार्यक्रम में अगस्त तक 17,238 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान नहीं किया गया है। 'शहरी चुनौती कोष' बजट में एक लाख करोड़ की स्थिति जानने के लिए सवाल बाढ़ का कहर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में हुआ था रिपोर्ट है कि बाढ़ क्षेत्र में निर्माण कार्यों ने शहरों को असुरक्षित बना दिया है। देश में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पिछले वर्ष के 10 अरब डॉलर के मुकाबले तेजी से घटकर 40 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 80 अरब डॉलर रहा। सांसदों को इसके कारणों पर बहस करनी चाहिए थी कि उच्च शिक्षा में निवेश क्षमता का विस्तार और नवाचार को देने की जरूरत है। वैज्ञानिक अनुसंधान पर केंद्रित संस्थानों में सैकड़ों पद रिक्त हैं। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में वैज्ञानिकों सहित 700 से अधिक पद रिक्त हैं। 23 एम्स केंद्रों में 2,500 से अधिक पद, आयुष मंत्रालय के अंतर्गत 2,200 से अधिक पद और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 4,889 शिक्षकों के पद अभी रिक्त हैं। प्राथमिक शिक्षा स्तर पर, केंद्रीय विद्यालयों में कुल 7,765 और नवोदय विद्यालयों में 4,323 शिक्षक पद रिक्त हैं। निवेशक कानूनी मुद्दों के निपटारे में देरी से परेशान हैं। एक अगस्त को, सरकार ने लंबित मामलों के आंकड़े जारी किए-सुप्रीम कोर्ट में 86,844, हाई कोर्ट में 63.32 लाख और अधीनस्थ न्यायालयों में 4.66 करोड़ मामले लंबित हैं।अदालतों में लंबित मामलों का होना बहुचर्चित विषय है और इसका एक प्रमुख कारण रिक्तियां हैं और अब पब्लिक को सांसदों से सवाल पूछना चाहिए कि संसद में बहस होनी चाहिए या बाहर बयानबाजी?



## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी से की बात

- बोले, बिना शर्त हो इस युद्ध का अंत

**कीव (आईएएनएस)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को फोन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। उन्होंने वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बैठक की भी जानकारी दी। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। मैंने उन्हें वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ यूरोपीय नेताओं की बातचीत के बारे में बताया। यह एक उपयोगी और महत्वपूर्ण बातचीत थी, जिसमें साझेदारों के बीच वास्तविक शांति कैसे प्राप्त की जाए, इस पर एक साझा दृष्टिकोण था। यूक्रेन ने रूसी नेता के साथ बैठक के लिए अपनी तत्परता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि लगभग दो हफ्ते बीत चुके हैं। इस दौरान जब रूस को कूटनीति की तैयारी करनी चाहिए थी, तब मास्को ने कोई सकारात्मक संकेत नहीं दिया है। मास्को ने सिर्फ नागरिक ठिकानों पर निंदनीय हमले किए हैं और हमारे दर्जनों लोगों को मार डाला है। मृतकों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद। जेलेंस्की ने कहा कि हमने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से पहले अपनी स्थिति का समन्वय किया। इस युद्ध का अंत बिना शर्त हो। जब हमारे शहर और समुदाय लगातार गोलाबारी की चपेट में हैं, तो शांति पर ठोस चर्चा करना असंभव है। भारत आवश्यक प्रयास करने और शिखर सम्मेलन से इतर बैठकों के दौरान रूस और अन्य नेताओं को उचित संकेत देने के लिए तैयार है।

## पैक्स में नहीं पहुंची उर्वरक की खेप, किसान लौटे

**मोहम्मदगंज।** भजनियां पैक्स में पूर्व निर्धारित समय के अनुसार उर्वरक की खेप के नहीं पहुंचने से किसानों को मायूस लौटने की जानकारी मिली है। बताया जाता है कि इस पैक्स को भी अन्य की तरह 140 बैग उर्वरक आवंटित किया गया है। जिसका उठाव जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से करना है। इन बैग में से ही आधा हिस्सा लटपौरी पंचायत के किसानों के लिए है। शनिवार को उर्वरक की बिक्री किए जाने की सूचना के आलोक में पैक्स अध्यक्ष शिवनारायण मेहता के प्रतिष्ठान में किसानों का तांता लग गया। जो काफी समझाइश के बाद रविवार को उर्वरक उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर किसानों को वापस लौटाते रहे। उन्होंने जरूरत के अनुरूप उर्वरक आवंटित नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी कम मात्रा में किस किसान को उर्वरक देंगें, समझना कठिन काम बन गया है।

# हाइवा से कुचलकर छात्रा की मौत, लोगों ने किया एनएच जाम

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज शहर से सटे औरंगाबाद जिला के संडा ग्राम स्थित किशुनपुर मोड़ के समीप शनिवार को पढ़ाई कर साइकल से घर लौट रही छात्रा 16 वर्षीय चांदनी कुमारी को अनियंत्रित हाइवा ट्रेलर ने कुचल दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका किशुनपुर गांव निवासी उपेंद्र मेहता की पुत्री है। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक हाइवा छोड़ कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि औरंगाबाद की ओर से आ रही अनियंत्रित हाइवा ट्रेलर बीआर 01 जीएम 2852 ने पहले छात्रा को टक्कर मारी, जिससे वह



गीर पड़ी तभी पिछला चक्का छात्रा के सर को कुचल डाला। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने मुआवजा, आबादी क्षेत्र में गति नियंत्रित करने और वरीय अधिकारी को घटनास्थल पर आकर आश्वासन देने की मांग को लेकर एनएच- 139 को जाम कर दिया। साथ ही घटनास्थल पर पहुंची बिहार पुलिस की टीम को खदेड़ दिया। बाद में भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर आकर स्थिति को नियंत्रित किया। उधर एनएच जाम रहने से सड़क पर छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। घटना के करीब 3 घंटा बाद भी समाचार लिखे जाने तक मेदिनीनगर औरंगाबाद रोड एनएच-139 पर आवागमन बहाल नहीं हो सकी है।

## हुसैनाबाद में बिजली चोरी मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

● 77 हजार रुपये जुर्माना भी लगा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विद्युत उर्जा चोरी के मामले में सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो ने छापेमारी कर पांच लोगों को उर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। इन पर 77 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के निदेर्शानुसार विद्युत उर्जा चोरी रोकथाम हेतु एक छापेमारी दल का गठन राम प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। इस छापेमारी दल में स्वंय राम प्रसाद सहायक विद्युत अभियंता, दशरथ कुमार, अशोक मेहता, राज कुमार यादव, संजीत कुमार सभी मानव दिवस जपला शामिल हुए। छापामारी दिन के 10 बजे से शाम 5 बजे तक हुसैनाबाद थाना अन्तर्गत विभित क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इसमें ललन शर्मा 10,000 रुपए, जपला चौबे, राकेश कुमार पटेल 30,000 रुपए,जपला चौबे, मोहमद अफरोज 10,000 रुपए, हनुमान बीघा,राजू कुमार गुप्ता 15,000 भट्ठी मोड़ हुसैनाबाद,मनोज कुमार त्रिवेदी 12000 रुपए ग्राम बसारी का नाम शामिल है। साथ ही उपरोक्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## रैनपुरी डैम में मछली पालन को लेकर दो पक्षों में गहराया विवाद

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के राजहरा एवं डबरा पंचायत के सोहगाड़ा व डबरा गांव के ग्रामीण के बीच रैनपुरी डैम में मछली पालन को लेकर विवाद गहरा गया है। मामले में सोहगाड़ा गांव के हीरालाल यादव, राजमुनि यादव, प्रमोद यादव आदि का बताया है कि रैनपुरी डैम सोहगाड़ा ग्राम में है। हमलोग समिति बनाकर वर्षों से इस डैम में मछली पालन कर अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे हैं। डबरा गांव के कुछ लोग हम सभी लोगों को तंग करने के नियत से इस डैम पर कब्जा करना चाहते हैं। जबकि डबरा गांव के रविंद्र यादव ने बताया कि हम लोग इस रैनपुरी डैम का समिति बनाकर विभाग से निबंधन करा लिए हैं। यह डैम हम लोगों के पंचायत में है। इसलिए इस डैम पर हम लोग का अधिकार है। हम लोग इस डैम में मछली का जीरा भी डाले है।

# खेल दिवस के अवसर पर पिपरा में कुश्ती का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा के प्रांगण में खेल दिवस के अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बालक बालिका कुश्ती डे बोर्डिंग सेंटर के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार,अंचल अधिकारी जितेंद्र कुमार,पलामू जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर 50 बालक बालिकाओं को जूता बैग टी-शर्ट पोशाक दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने कहा कि पिपरा खेलकूद के क्षेत्र में हमेशा से रूचि रखता है। स्व. मथुरा सिंह पहलवान के द्वारा इस क्षेत्र में खेलकूद का एक मजबूत नींव रखा गया है। वहीं रामाशीष पासवान ने कहा कि स्व. मथुरा बाबू का प्रतिमा प्रखंड कैंपस में लगना चाहिए। पिपरा निवासी हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह के द्वारा राजगीर में हीरो एशिया कप का आयोजन कराया जा रहा है। इस अवसर पर बीपीओ मनोज तिवारी, झारखंड बालिका विद्यालय की शिक्षिका सोनी साव, अंजनी कुमारी, पलामू जिला खेल विभाग से निधि उपाध्याय, कबड्डी कोच उपेंद्र कुमार, वॉलीबॉल कोच अभिलाष चंचल, जिला खेल कार्यालय के सिकंदर कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि संतोष राय, पलामू जिला कुश्ती संघ से अरुण मिश्रा, राजीव सिंह, प्रहलाद सिंह, सुनील कुमार सिंह, कपिल देव राम, रवि रोशन ,भीम प्रजापति, पप्पू यादव, हरि यादव सहित बड़ी संख्या में प्रखंड क्षेत्र के बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जपला आरपीएफ ने 24 बोतल किंगफिशर बीयर किया बरामद

● यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने मालिकाना हक नहीं बताया

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** आरपीएफ जपला पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में अपराधिक गतिविधि निगरानी समेत अन्य मामलों की रोक थाम के दौरान जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 3 पर सवारी गाड़ी संख्या 53611 अप बरवाडीह डेहरी ऑन सोन पैसेंजर ट्रेन के कोच संख्या 104263 में चेकिंग के दौरान टॉयलेट के समीप एक कला रंग का पिट्ठू बैग मिला। यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने मालिकाना हक नहीं बताया। कोच में किसी संदिग्ध व्यक्ति को भी नहीं पाया गया।

प्लेटफार्म पर बैग की तलाशी लेने पर उसमे 24 किंग फिशर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बीयर (केन) मिला। जिसे जब्त कर आरपीएफ पोस्ट लाया गया व आबकारी विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सूचना दे दिया गया।

आरपीएफ उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा ने बताया कि आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में वह भी अभियान में शामिल थे। इसके अलावा प्रधान आरक्षी सुधीर कुल्लू, सुनील कुमार राय, अजय कुमार आदि शामिल थे।

50 हजार नगद व एक लाख के गहने की चोरी

# चोरों ने एक ही रात एक घर में चोरी व तीन घरों का तोड़ा ताला

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना परिसर से सटे ही चोरों ने एक घर से डेढ़ लाख की संपति की चोरी कर भाग निकले। जबकि इसके अलावा तीन अन्य घरों का भी ताला तोड़कर चोरी करने का असफल प्रयास किया। वहीं एक घर में सेंधमारी भी कर ली है। इससे आसपास क्षेत्र दहशत कायम है। ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात्रि ड्रील से ताला तोड़ने के बाद नशीली दवा का स्प्रे छिड़ककर घर के परिजनों को बेहोश कर दिया। इसके बाद एक ही रात पांच घरों में चोरों ने जमकर तांडव मचाया। मिली जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना परिसर के पीछे बस्ती में शुक्रवार की रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने विक्रम पासवान के घर को निशाना बनाकर एक लाख रुपए के जेवरात और करीब 50 हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। भुक्तभोगी ने हैदरनगर थाना में लिखित आवेदन देकर इस घटना की जानकारी दी है। आवेदन में बताया गया है कि चोरी की वारदात उस वक्त हुई, जब परिवार के लोग घर में सो रहे थे। इस दौरान चोरों ने पास के तीन अन्य घरों में भी घुसने की कोशिश की। एक अन्य घर का ताला तोड़ने की भी घटना सामने आई है। आश्चर्य की तो बात यह है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि जिस घर में चोरी हुई है, वह हैदरनगर थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद चोरों ने बिना डर व भय के बड़ी आसानी से घटना को अंजाम दे दिया। प्रभारी थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम सक्रिय रुप से जुटी है।

## कांग्रेस पार्टी ने देश की मर्यादा को तार-तार किया : कमलेश

हुसैनाबाद ( पलामू)। पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने दरभंगा के अतरबेल में आयोजित रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे जाने की कड़ी निंदा की है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन दलों के नेताओं से शालीन भाषा की उम्मीद नहीं की जा सकती। लगातार चुनावी हार और राजनीतिक विफलताओं से उपजी उनकी हताशा और कुंठा अब गाली-गलौज और अपमानजनक बयानों के रूप में सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि गरीब तबके से निकले एक व्यक्ति को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देखकर इनका कलेजा जल रहा है। यही कारण है कि ये लोग बौखलाहट में देश के प्रधानमंत्री का अपमान करने से भी पीछे नहीं हटते। राहुल गांधी कहते हैं कि बिहार आकर उन्हें बहुत मजा आता है। लेकिन बिहार मौज-मस्ती की जगह नहीं, बल्कि भगवान बुद्ध की भूमि है। ज्ञान, तप और चेतना की पावन धरती है। पूर्व विधायक सह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तथाकथित यात्रा दरअसल घुसपैठिया बचाओ यात्रा है। उन्हें असली वोटरों के अधिकार से कोई लेना-देना नहीं है। उनकी असली चिंता इस बात की है कि अवैध घुसपैठियों को वोटर बनाकर कैसे बचाया जाए। यह पूरा आडंबर और नौटंकी इसी मकसद से रची गई है।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत की कार्यप्रणाली से दुकानदार आक्रोशित

**हुसैनाबाद (पलामू )।** नगर पंचायत का हृदय स्थली गांधी चौक को नवनिर्माण के लिये पुराना गांधी चौक को हटाकर विगत 15 दिनों से कुंआ खुला छोड़ दिया गया है। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना घटने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में वार्ड सात के निवर्तमान वार्ड पार्षद मो. सुहैल आलम ने बताया कि नगर पंचायत के कनीय अभियंता व संवेदक को कई बार कहा लेकिन अभीतक निर्माण कार्य शुरू नही नहीं किया गया। यहां बाजार में खुलेआम घूम रहे लावारिस पशुओं व आम आदमी कभी भी कुंआ में गिर सकता है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नगर पंचायत किसी बड़ी घटना होने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू करेगा। यहां के दुकानदारों में भी नगर पंचायत की कार्यप्रणाली से काफी आक्रोशित दिख रहे हैं। नगर पंचायत में कोई भी कार्य योजना की समय सीमा निर्धारित नहीं है। केवल कागजों में ही दिखाई देता है कि समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करें। फिर बाद में देखने वाला कोई नहीं है।

## राजनडीह-महुडंड मुख्य पथ के गुणवत्ता की खुली पोल

**मोहम्मदगंज।** पीएमजीएसवाई से बनी राजनडीह-महुडंड मुख्य पथ के कालीकरण के गुणवत्ता को पोल खुल गई है। जगह-जगह उखड़े स्पॉट इसके कालीकरण में बरती गई अनियमितता और मनमानी को उजागर कर दिए हैं। बारिश से इसमें जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। जिनसे आवागमन सुगम नहीं रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके निर्माण के अगले वर्ष से ही इसमें बरती गई गुणवत्ताहीनता सामने आने लगी थी। पठारी क्षेत्र की वजह से कभी किसी ने आधिकारिक रूप से इसकी जांच भी नहीं की। बताया जाता है कि समय-समय पर इसके मरम्मती की अवधि बची रहने के बावजूद इस पर काम नहीं हुआ। समय रहते इस काम को नहीं किया गया, तो वाहन की कौन कहे, इस पर पैदल चालन भी सुगम नहीं रह जाएगा। ऐसे में मात्र एक दशक पहले ही सड़क मार्ग का पूरा हुआ ग्रामीणों का सपना ओझल हो जाएगा। यह कहना गलत नहीं होगा।

## भीमबराज के गेट नंबर 36 का हटाया गया क्षतिग्रस्त काउंटर वेट

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज के गेट नंबर 36 के दरककर लटक गए काउंटर वेट को काटकर हटा दिया गया। इस काम को हार्डवेयर एंड टूल्स कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मियों ने सफलतापूर्वक पूरा कर दिया। इससे इसके टूटकर गिरने से उक्त गेट को संभावित खतरा टल गया है। इस मौके पर मौजूद कंपनी के साइट इंजिनियर व इंचार्ज नंदराज केशरी और विकास शर्मा की देखरेख और मार्गदर्शन में क्षतिग्रस्त काउंटर वेट को हटाने का काम किया गया। बताया जाता है कि फिलहाल, इस काउंटर वेट की मरम्मती के बाद उसे फिर से लगा दिया जाएगा। मरम्मती के काम को एक सप्ताह में पूरा कर इस काउंटर वेट को लग देने की संभावना जताई गई है। इस काम को विभागीय आदेशानुसार किया जा रहा है। अगले आदेश के बाद ही नए सिरे से काउंटर वेट को बदले जाने की उम्मीद की जा रही है।

# डॉ. राम सुभग सिंह ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** शनिवार को प्रभारी प्राचार्य प्रो. सूर्य मणि सिंह ने डॉ. राम सुभग सिंह को अपना पदभार सौंपा। सचिव प्रफुल कुमार सिंह ने 18 जुलाई को ही प्रो. सूर्य मणि सिंह के स्थान पर डॉ. राम सुभग सिंह को तत्काल प्रभाव से प्राचार्य नियुक्त कर दिया था। 19.07.25 को इन्होंने योगदान भी दे दिया था। फिर विश्वविद्यालय ने नियमित शासी निकाय को मनमाने ढंग से भंग कर तदर्थ शासी निकाय गठित कर दिया। इतना ही नहीं, नियम से परे जाकर डॉ. आनन्द कुमार को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर दिया। विश्वविद्यालय की मनमानी के खिलाफ सचिव प्रफुल सिंह ने राज्यपाल महोदय के समक्ष लिखित शिकायत की और राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने 14 अगस्त को नियमित शासी निकाय को पुनर्बहाल कर दिया। इस कारण डॉ. राम सुभग सिंह ही प्राचार्य मान्य हुए। प्रो. सूर्य मणि सिंह ने कागजातों की विस्तृत सूची तैयार कर डॉ.राम सुभग सिंह को संपूर्ण पदभार सौंप दिया और इन्हें प्राचार्य की कुर्सी पर बिठाया । प्रो. सूर्य मणि सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा जांच समिति गठित की गई है। मेरा दावा है कि जांच समिति मुझे क्लीनचिट देगी। इतना ही नहीं, प्राक्कलन से कम खर्च पर निर्माण कार्य कराने और न्यूनतम दर पर खरीद करने के कारण जाँच समिति मुझे शाबाशी भी देगी।

मुझ पर भ्रष्टाचार का आरोप वही लोग लगा रहे हैं जो पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के कार्यकाल में भ्रष्टाचार में भागीदार थे। पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, जो आनंद जी के मुख्य मार्गदर्शक बने हुए हैं, इन्होंने अपने कार्यकाल में 2.5 लाख की किताब मात्र 10 प्रतिशत छूट पर खरीदी थी, जबकि मेरे कार्यकाल में टेक्स्ट बुक 20 प्रतिशत की छूट पर और अन्य किताबें 30 से 65 प्रतिशत तक की छूट पर खरीदी गई हैं। मैंने अपने 5 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर पूर्ण पाबंदी लगा दी थी, भ्रष्टाचारियों और कामचोरों को दंडित किया था। सूर्यमणि सिंह द्वारा कॉलेज के चहुंमुखी विकास के लिए सचिव ने हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## बशिष्ट सिंह ने स्व. रामदास सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झामुमो किसान मोर्चा पलामू जिलाध्यक्ष बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने पूर्व स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री स्व. रामदास सोरेन के संस्कार भोज में शामिल होकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। बबलू सिंह ने स्व. रामदास सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कहा कि उनका असामयिक निधन झारखंड की राजनीति एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने स्व. सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमनी सोरेन एवं पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया और कहा कि पार्टी परिवार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। बबलू सिंह ने कहा कि रामदास सोरेन हमेशा दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बुलंद करते रहे। वे हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत थे। उनकी कमी को पूरा कर पाना असंभव है। मौके पर झामुमो किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## 3 साल बाद भी नहीं मिला जलमीनार निर्माण का पूरा भुगतान



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** 15वें वित्त आयोग मद से पंसा गांव के कैलाश सिंह उच्च विद्यालय में निर्मित सोलर ऊर्जा आधारित जलमीनार मद की पूरी राशि का भुगतान 3 साल बाद भी नहीं किया जा सका है। इससे लाभूक समिति के लोगों की मनःस्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस जलमीनार को स्कूल की जरूरत को देखते हुए पंसस सह उप प्रमुख नगीना सिंह की पहल पर लगाया गया था। बताया जाता है कि इसके साथ ही निर्मित अन्य जलमीनार मद की राशि का पूर्ण रूपेण भुगतान कर दिया गया है। लेकिन इसके मद की राशि का पूर्ण रूपेण भुगतान के मामले टाल-मटोल किया जा रहा है। जबकि 2023 के 16 अगस्त से इस जलमीनार से स्कूल के पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। इतने लंबे अंतराल के बाद भी इस मद की पूर्ण रूपेण राशि के भुगतान का नहीं होना इस मामले में टाल-मटोल को साबित करता है। जो जांच का विषय बन गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस मामले में दोषी के विरूद्ध कार्रवाई करने और इस मद की राशि का पूर्ण रूपेण भुगतान कराकर लाभुक समिति को इसके बिना हो रही परेशानी से निजात दिलाने की मांग की है।

**कार्यक्रम** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में नूतन छात्र अभिनंदन समारोह

# ड्रीम बनाइए व उस पर मेहनत कीजिए : डॉ. अमित अग्रवाल

नवीन मेल संवाददाता




**छतरपुर (पलामू)।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल महाविद्यालय, सड़मा, छतरपुर में शुक्रवार को नूतन छात्र अभिनंदन सह पुरातन छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. मुन्नी देवी, अपराजिता प्रकाश, इंदु कुमारी, जलेश्वर गुप्ता सहित अन्य ने संयुक्त रूप से संस्थापक सचिव स्व. सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी नहीं, समाज की सेवा है। स्वागत भाषण में प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देता है बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास का भी मंच है। उन्होंने नए छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां आप सिर्फ डिग्री लेने नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों को सीखने आए हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं बल्कि समाज और देश की प्रगति में योगदान देना है। कार्यक्रम में सत्र 2021-24 के आर्ट्स, साइंस एवं वाणिज्य संकाय के सभी विषयों से टॉप 3 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, शील्ड और पट्टा देकर सम्मानित किया गया। वहीं छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। नृत्य एवं गीत प्रस्तुतियों पर हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

### इच्छाशक्ति से कोई भी सपना बड़ा नहीं होता

सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्रों से कहा कि अपने जीवन में एक ड्रीम बनाइए और उस ड्रीम को साकार करने के लिए मेहनत कीजिए। सफलता आपके कदम चूमेगी। उन्होंने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों पर विचार करने की सलाह दी। चाहे वह शिक्षण, सरकारी नौकरी, डिफेंस, कॉर्पोरेट सेक्टर या स्वरोजगार हो। उन्होंने जेसिका वॉटसन की उपलब्धि का उदाहरण देते हुए कहा कि 16 वर्ष की उम्र में दुनिया का चक्कर लगाने वाली यह लड़की साबित करती है कि इच्छाशक्ति से कोई भी सपना बड़ा नहीं होता।

### संस्थापक सचीव का सपना हो रहा साकार

कार्यक्रम का सफल संचालन पंचम कुमार ने किया। अंत में परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि संस्थापक सचिव का सपना आज साकार हो रहा है और महाविद्यालय लगातार प्रगति की राह पर है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर मुन्नी देवी, इंदु कुमारी, अपराजिता प्रकाश, सुनीता कुजूर, राजकिशोर लाल, सूर्योदय कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल, राजमोहन, जैलेश सुरीन गुप्ता, रोहित कुमार, नैंसी कुमारी, योगेंद्र विश्वकर्मा, सफल कुमार मेहता, विद्यानंद, संध्या कुमारी, राजेश रजक, पंचम कुमार, अनुज गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, मनोज कुमार, विजययादव, सुनील पासवान, चंदा कुमारी, अंजलि खाखा, रेजिना तिग्गा, दीपक कुमार, कृष्ण नंदन शर्मा,आलोक कुमार ठाकुर, शंकर राम, आनंद कुमार यादव, निरंजन कुमार, पान पति देवी, शारदा जी, प्रसाद ठाकुर, संजय प्रजापति एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं अभिभावक गण इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## हैदरनगर में पीडीएस से धोती-साड़ी का वितरण

**हैदरनगर।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार की देखरेख में शनिवार को हैदरनगर के जन वितरण प्रणाली व स्वयं सहायता समूह गुलशन के प्रतिष्ठान से सोना सोबरन योजना से आवंटित धोती-साड़ी व लूंगी वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जन वितरण प्रणाली विक्रेता के माध्यम से लाभुकों के बीच साड़ी, धोती व लूंगी का वितरण कार्य शुरू किया गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों गरीब परिवार इस योजना से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि झारखंड सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना गरीब एवं जरुरतमंद परिवारों को गरिमामय जीवन प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि आगे भी सभी पात्र लाभुकों तक यह सुविधा समय पर दिलाना विभाग की पहली प्राथमिकता है। वहीं लाभुकों ने सरकार की इस पहल पर खुशी व्यक्त है।

### धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण का समापन

# अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना : डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार और कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों की 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने 65 प्रतिभागियों को आदि कर्मयोगी का प्रमाणपत्र प्रदान किया।

उन्होंने प्रशिक्षित 13 प्रखंडों के कुल 65 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को जिले के 91 चिन्हित आदिम जनजाति बहुल गांवों में सभी सरकारी योजनाओं से ग्रामवासियों को लाभान्वित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना और शासन को अधिक प्रभावी बनाना है।

उन्होंने कहा कि 10 सितंबर 2025 तक सभी जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर अपने-अपने प्रखंड में चयनित आदि साथियों को प्रशिक्षित करेंगे। 30 सितंबर तक 91 ग्रामों में बैठक आयोजित कर प्राकृतिक संसाधनों की मैपिंग,नक्शा निर्माण, मूलभूत आवश्यकताओं की सूची तैयार करना, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सुविधाओं की सूची बनाना और आदि सेवा केंद्र को पूरी तरह कार्यशील बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इसके उपरांत 2 अक्टूबर 2025 को विशेष ग्राम सभा में इन सभी योजनाओं को पारित कर ग्राम विकास विजन पुस्तिका को अंतिम रूप दिया जाएगा। समापन समारोह अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल समेत अन्य उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पोल-पोल में किया गया, जिसका उद्घाटन उपायुक्त समीरा एस द्वारा किया गया था। इसके पूर्व भी 25 अगस्त को समाहरणालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

## एनपीयू व जीएलए कॉलेज में इंटरनल परीक्षा को लेकर छात्रों में नाराज़गी, एनएसयूआई ने कुलपति से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) और जीएलए कॉलेज के अंग्रेजी पीजी विभाग में इंटरनल परीक्षा के अंकों को लेकर छात्रों में भारी नाराज़गी देखने को मिल रही है। छात्रों का आरोप है कि विभागीय शिक्षकों द्वारा जानबूझकर उन्हें इंटरनल परीक्षा में कम अंक दिए जा रहे हैं, जिससे कई छात्र फेल हो गए हैं। छात्रों का कहना है कि शिक्षकों द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है और इंटरनल मूल्यांकन में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

इसी मुद्दे को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलपति से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए सभी छात्रों की कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन कराने की मांग की। अमरनाथ तिवारी ने कुलपति को बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पहले ही निर्देश दिया गया था कि इंटरनल मूल्यांकन में विद्यार्थियों को न्यूनतम 60% अंक दिए जाएं, ताकि किसी का भविष्य प्रभावित न हो। लेकिन इस निर्देश की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कुछ चुनिंदा छात्रों को अच्छे अंक दिए जा रहे हैं, जबकि बाकी विद्यार्थियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की गई और सभी छात्रों को न्याय नहीं मिला, तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। मुलाकात के दौरान कई छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे, जिनमें एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, जीएलए कॉलेज अध्यक्ष रिशु दुबे, उपाध्यक्ष पलक सिंह, हाशिम बिस्मिल, गोपी किशन, चंचला, प्रियांशु, नेहा, पूजा, प्रियंका, मोना, नरेंद्र, नंदकिशोर, सुप्रिया बाखला, सुमन, कृति, रीना समेत कई छात्र शामिल थे।

## टीबी मुक्त पंचायत के प्रमाण पत्र व महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा का वितरण समारोह संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन और जिला क्षय रोग पदाधिकारी (डीटीओ) ने संयुक्त रूप से की। यह आयोजन टीबी मुक्त पंचायत के तहत चयनित पंचायतों को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया गया था।

इस अवसर पर सरजा, पोलपोल और जमुने पंचायतों के मुखियाओं को टीबी मुक्त पंचायत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, साथ ही महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा भी भेंट की गई। यह सम्मान उन पंचायतों को दिया गया है जिन्होंने क्षयरोग (टीबी) उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्य करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

कार्यक्रम में एनटीईपी (राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम) से जुड़े सभी स्टाफ, सहायिका (सहिया), बीटीटी (ब्लॉक टास्क टीम) के सदस्य, और अन्य स्वास्थ्य कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने मिलकर इस उपलब्धि को एक सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और भविष्य में भी क्षयरोग के खिलाफ इसी तरह जनजागरूकता और कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

इस मौके पर जिला प्रशासन ने भी इन पंचायतों की सराहना की और अन्य पंचायतों को भी प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## लोक अदालत में 172 मामलों का निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत और विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के दिशा-निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। लोक अदालत के इस सत्र में कुल 172 मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निपटारा किया गया, जिसमें कुल एक करोड़ छत्तीस लाख पचपन हजार सत्तर रुपये की राशि का सेटलमेंट हुआ।

लोक अदालत में त्वरित न्याय के उद्देश्य से कुल 11 पीठों का गठन किया गया था। साथ ही, न्यायालय परिसर में वादकारियों की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क भी बनाया गया था। अदालत में पहुंचे पक्षकारों ने आपसी सहमति से मामलों को सुलझाया, जिससे समय और धन दोनों की बचत हुई।

मासिक लोक अदालत में कुल 110 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें छह लाख ग्यारह हजार एक सौ रुपये के दावों का समाधान हुआ। वहीं, विशेष लोक अदालत में 62 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें एनआई एक्ट (चेक बाउंस मामलों) के तहत 86 लाख 27 हजार 100 रुपये और एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावों) के तहत 44 लाख 16 हजार 870 रुपये के मामलों का निपटारा किया गया।

विशेष लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन यानी अदालत में दायर होने से पहले के कुल 3,583 मामलों का निपटारा किया गया। इनमें एनआई एक्ट के चार, भूमि एवं राजस्व से जुड़े 3,540 और वैवाहिक विवादों से संबंधित 39 मामले शामिल थे। वहीं, न्यायालय में लंबित मामलों की बात करें तो एनआई एक्ट के 58, एमएसीटी के 9, भूमि व राजस्व से जुड़े 1,423 और मेट्रोमोनियल यानी वैवाहिक विवादों के 23 मामलों को सुलझाया गया।

इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार, सीजेएम मनोरंजन कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी सौरभ कुमार गौतम, निर्भय प्रकाश, रेलवे जेएम प्रज्ञेष निगम, जेएम रश्मि चंदेल, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, नीतू सिंह समेत कई अधिवक्ता और न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में अधिवक्ता शिवाजी सिंह, बीना मिश्रा, संतोष तिवारी, संजय कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और सैकड़ों वादकारी भी उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दी ध्रुव नारायण सिंह को श्रद्धांजलि



**● परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मेदिनीनगर पहुंचे। जहां उन्होंने बीजेपी प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के दिवंगत पिता व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू इकाई के पूर्व विभाग संघ संचालक स्व. ध्रुव नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। बाबूलाल मरांडी के साथ बीजेपी के क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, पूर्व सांसद रविंद्र राय, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक बिरांची नारायण समेत कई अन्य गणमान्य लोगों ने दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दिवंगत ध्रुव नारायण सिंह संघ के पुराने साथी रहे हैं और संगठन के प्रति उनके समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### पलामू में 15 से 30 अगस्त तक दो चरणों में चला फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

## फाइलेरिया से बचाव के लिए पलामू में 93 प्रतिशत लोगों ने खाई दवा : सीएस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मदिनीनगर।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान को प्रभावी बनाने और फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आज मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पलामू की ओर से स्थानीय सूचना भवन सभागार में आयोजित कार्यशाला में मीडियाकर्मियों को फाइलेरिया के दवा सेवन के महत्व, बीमारी के लक्षण, बचाव के उपाय और सरकारी प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि 15 से 25 तक अभियान का पहला चरण था। इस वर्ष की प्रगति का आकलन कर इस अभियान को आगे बढ़ाकर 26 से 30 अगस्त 2025 किया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि 93 प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया है। समाज द्वारा तिरस्कृत नहीं किया जाना चाहिए। फाइलेरिया पीड़ित व्यक्तियों को सहायता और करूणा की आवश्यकता होती है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए किए गये प्रशासनिक प्रयास की जानकारी दी। साथ ही कार्यशाला में शिरकत कर रहे सभी मीडियाकर्मियों को धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रेस, मीडियाकर्मियों के सहयोग से पलामू के लोगों में बेहतर जागरूकता आई है।

सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में प्रेस, मीडियाकर्मियों ने फाइलेरिया रोधी गोली खाई। कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाउंडेशन की सृजनी चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर, एपीआरओ अजीत तिवारी, गौरव कुमार, प्रेम कुमार, सतीश चौधरी, शशिकांत, चलीतर पाल, पप्पू कुमार, संजय कुमार आदि लगे थे। मौके पर बड़ी संख्या में प्रेस,मीडिया के सम्मानित प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## जेल आईजी ने किया मेदिनीनगर केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार को जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने मेदिनीनगर केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि चूंकि इस केंद्रीय कारा में कई कुख्यात अपराधी और नक्सली बंद हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। जेल आईजी ने कारा में साफ-सफाई और विधि-व्यवस्था को भी बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह जेल सीमित संसाधनों में संचालित हो रही है, जबकि एक मॉडल सेंट्रल जेल के लिए कम-से-कम 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ऊंटारी रोड में नया केंद्रीय कारा बन रहा है, जिसके इसी वर्ष चालू होने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल अधिकारियों से चर्चा की और मौजूदा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उनके इस दौरे को लेकर जेल परिसर में पूरे दिन सतर्कता का माहौल बना रहा।

## बच्चों को रोज स्कूल भेजना चैंपियन अभिभावक की पहचान : प्रधानाध्यापक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) और शिक्षकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता, नियमित उपस्थिति, खेल सामग्री, पोषाहार, मुखर वाचन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एसएमसी अध्यक्ष पार्वती देवी, उपाध्यक्ष ललिता देवी, संयोजिका रंजु देवी, शिक्षक सदस्य प्रियंका कुमारी, बाल सांसद सत्यम पाल सहित सदस्य कविता देवी, रूली देवी, रीता देवी, हेवंती देवी और नीलम देवी मौजूद रहीं। शिक्षकों में निशा, पूनम रानी, विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए 'प्रयास कार्यक्रम' को प्रभावी रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस को धूमधाम से मनाने और खेल सामग्री की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। विद्यालय में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम को भी सफलतापूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक बच्चों के समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को रोज स्कूल भेजना एक जिम्मेदार और चैंपियन अभिभावक की पहचान है। हम सबको मिलकर इस दिशा में कार्य करना होगा।

बैठक में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और समयबद्ध वितरण पर भी चर्चा की गई तथा पोषाहार में सुधार के सुझाव लिए गए। साथ ही मुखर वाचन व सहपठन गतिविधियों को और अधिक सशक्त करने पर जोर दिया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों को आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रभावी ढंग से लागू करने की बात सभी सदस्यों ने एक स्वर में कही।

## श्री गौशाला का शताब्दी वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा, 15 सितंबर तक चलेगा सदस्यता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बारहलोटा स्थित श्री गौशाला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को कार्यकारी अध्यक्ष विकास तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें गौशाला के शताब्दी वर्ष (2025) को पूरे वर्ष उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति ने 15 सितंबर तक विशेष सदस्यता अभियान चलाने और वर्ष भर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

कोषाध्यक्ष नरेंद्र मेहता ने बैठक में आमदनी और खर्च का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। वहीं, आजीवन सदस्य आनंद शंकर को गौशाला के जीर्णोद्धार में विशेष सहयोग के लिए समिति ने आभार जताया। सदस्यता संबंधी निर्णय में कहा गया कि जो भी व्यक्ति श्री गौशाला का सदस्य बनना चाहते हैं, वे 21,000 देकर आजीवन सदस्य तथा 2,100 प्रतिवर्ष देकर वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। पुराने सदस्य भी वार्षिक शुल्क जमा कर अपनी सदस्यता बनाए रख सकते हैं। सदस्यता अभियान के उपरांत समिति का विस्तार किया जाएगा। साथ ही, गौशाला के नियमित खर्चों के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों से धर्मादा मद में सहयोग राशि प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।



**शताब्दी वर्ष समारोह की कमेटी गठित :** श्री गौशाला के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष 2025 को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए एक आयोजन समिति भी गठित की गई है, जिसमें प्रथम महापौर अरुणा शंकर को योजना अध्यक्ष और इंद्रजीत सिंह डिंपल को सयोजना अध्यक्ष बनाया गया है। समिति ने प्रस्ताव रखा कि वर्ष के अंत तक भव्य समारोह आयोजित कर बाहरी राज्यों से भी अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक के अंत में सचिव सत्येंद्र जी ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में इंद्रजीत सिंह डिंपल, प्रदीप कुमार बाबुल, रितेश कुमार, सरस जैन, आनंद शंकर, डॉ. राजीव नयन, विकास कुमार समेत कई आजीवन सदस्य उपस्थित थे।

### शवदाह हेतु गोबर, चंदन और धूप युक्त लकड़ी तैयार की जाएगी

बैठक में समिति के संरक्षक के रूप में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नाम पर प्रस्ताव पारित किया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। संरक्षक बनने के बाद अरुणा शंकर ने कई रचनात्मक सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले महिला समूहों की मदद से गौशाला में गोबर से दीपक बनाए जाएं, जिससे स्वावलंबन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही शवदाह हेतु गोबर, चंदन और धूप मिश्रित लकड़ी का निर्माण कर उसे राजा हरिश्चंद्र घाट पर उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव दिया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर लिया गया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण

**मेराल।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को पोषण ट्रैक्कर एफआरएस इंट्री को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। रांची से आए प्रशिक्षक विश्वजीत कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से पोषण ट्रैक्कर में एफआरएस इंट्री करने को लेकर विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि पोषण ट्रैक्कर में शत प्रतिशत एफआरएस करना अनिवार्य है। जिसके लिए सेविकाओं को लगातार प्रयास करते हुए सफलता हासिल करना है। जबकि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी यशवंत नायक, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, महिला पर्यवेक्षिका प्रतिमा कुमारी, मीना देवी, समाज कल्याण विभाग के प्रभात कुमार ने भी पोषण ट्रैक्कर एफआरएस इंट्री एवं केन्द्र संचालन के विषय में जानकारी उपलब्ध कराया। सेविकाओं ने एफआरएस में होने वाले परेशानियों के बारे में अपनी अपनी समस्या को रखा। जिसमें मोबाइल में नेटवर्क की समस्या, कई लाभुकों के आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बंद होने से ओटीपी प्राप्त नहीं हो पाना, तथा आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को लाभुकों के पति या पिता द्वारा दुसरे राज्य में मजदूरी करने के लिए साथ में ले जाना।

## चैंबर ने चलाया जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आपातकालीन सहायता से संबंधित पोस्टर शहर के विभिन्न स्थानों पर चिपकाए गए। अभियान की शुरूआत गढ़वा थाना परिसर से की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार, गढ़वा थाना पदाधिकारी सुनील तिवारी और चैंबर ऑफ कॉमर्स गढ़वा के अध्यक्ष पटवा ने संयुक्त रूप से पोस्टर चिपकाकर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि यह कार्य जनहित में किया जा रहा है। किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत सूचना पुलिस को दें, सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। चैंबर अध्यक्ष बल्लू पटवा ने बताया कि संस्था आमजन के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज शहर की महिलाएं घर से बाहर निकलने पर भी खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। अगर किसी महिला को किसी प्रकार की दिक्कत हो तो वह 112 नंबर डायल कर पुलिस से तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक सहायता

**श्री बंशीधर नगर।** झामुमो युवा नेता एवं भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव के निर्देश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकतार्ओं ने विशुपुरा प्रखंड के पतिहारी गांव निवासी राजेंद्र उरांव के पुत्र के निधन पर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भोज कार्यक्रम हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके अलावा नगर उंटारी प्रखंड भोजपुर गांव निवासी जमुना भुइयां एवं अजय गुप्ता की पत्नी के निधन पर झामुमो कार्यकतार्ओं द्वारा उनके परिजनों से मुलाकात कर सहायता राशि दिया गया। इस सहयोग से शोक संतप्त परिवारों को कुछ राहत मिली है। झामुमो कार्यकर्ता मेवा कुमार गुप्ता ने कहा कि पार्टी हमेशा आम जनता के दुख-दर्द में साथ खड़ी रह रहा है और आगे भी हर जरूरतमंद की मदद के लिए तत्पर रहेगा। समाज सेवा और मानवीय सहायता ही झामुमो की असली पहचान है। झामुमो कार्यकतार्ओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता राजू गुप्ता, मेवा लाल गुप्ता, मनीष कुमार,हमीद अंसारी, अजय पासवान, विजय यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण का समापन

**गढ़वा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के लिए प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों की 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने सभी 91 प्रतिभागियों को आदि कर्मयोगी प्रमाणपत्र प्रदान किया। उपायुक्त श्री यादव ने प्रशिक्षित 15 प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया कि वे 58 पंचायतों के 113 चिन्हित ग्रामों में अनुसूचित जनजाति समुदाय के सभी परिवारों को सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने का कार्य सुनिश्चित करें। इसके लिए जिला स्तरीय सभी संबंधित विभाग अपने तकनीकी अधिकारियों के माध्यम से सहयोग देंगे। निदेर्शानुसार, 10 सितंबर 2025 तक सभी प्रखंड स्तर के मास्टर ट्रेनर अपने-अपने प्रखंड में चयनित आदि साथियों को प्रशिक्षित करेंगे। 30 सितंबर तक 113 ग्रामों में बैठक आयोजित कर प्राकृतिक संसाधनों की मैपिंग, नक्शा निर्माण, मूलभूत आवश्यकताओं की सूची तैयार करना, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सुविधाओं की सूची बनाना और आदि सेवा केंद्र को पूरी तरह कार्यशील बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## यातायात नियमों के प्रति स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा के निर्देश पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय आरंगी, गढ़वा में छात्रों के बीच यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। अपनी यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा कैसे की जा सकती है। सड़क पर वाहन चालको को मोबाइल का उपयोग पूरी तरह वर्जित है। यातायात कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। इसके साथ हिट एंड रन एवं गुड समरिटन के बारे मे बताया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तिका एवम पैंपलेट सभी छात्र एवम छात्राओ को बांटा गया। किसी भी व्यक्ति के सड़क दुर्घटना के क्रम में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर (गोल्डन ऑवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए तक की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावे दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है।

## भंडरिया में सामाजिक अंकेक्षण प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई संपन्न

**भंडरिया।** प्रखंड संसाधन केंद्र में शनिवार को सामाजिक अंकेक्षण प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं विद्यालयों में होने वाले वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। इस मौके पर उपप्रमुख श्रद्धा देवी, धर्मेंद्र पासवान जेएसएलपीएस के सुनीता कुमारी, जनप्रतिनिधि और प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी जगदीश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में अधिकारियों ने सामाजिक अंकेक्षण की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से न केवल योजनाओं का मूल्यांकन होता है बल्कि जनता की भागीदारी से पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होती है। जनसुनवाई के दौरान प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों के खातों और अभिलेखों की बारीकी से जांच की गई। विद्यालय स्तर पर हुए व्यय से संबंधित वाउचर का एक-एक करके सत्यापन किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान यह भी देखा गया कि विद्यालयों में दी जाने वाली राशि का उपयोग किस प्रकार और किस उद्देश्य के लिए किया गया है।

### डीसी ने नगर ऊंटरी में अ.ज छात्रावास व प्रखंड भवनों का किया निरीक्षण

# बाजार दर के अनुसार किराया न देने पर दुकानें हटाने के निर्देश

- किराया न मिलने पर दुकान आवंटन रद्द, पालन सुनिश्चित करने के आदेश
- जर्जर भवन न हटाने पर 48 घंटे में जवाब मांगा, गंभीर नाराजगी जताई

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने नगर ऊंटरी स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति कुछ भागों में जर्जर पाई गई, जिसे तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने उपायुक्त को बताया कि विद्यालय के मुख्य द्वार के आसपास विद्यालय द्वारा बनाई गई दुकानों का किराया नियमित रूप से नहीं मिल रहा है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी दुकानों का किराया बाजार दर के अनुसार प्रत्येक माह के अंत तक विद्यालय को दिया जाए। जो लोग किराया नियमित रूप से नहीं देंगे, उनके दुकान आवंटन को रद्द कर दुकान खाली कर दिया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को इसका पालन सुनिश्चित कराने का जिम्मा दिया गया। उपायुक्त श्री यादव ने हॉस्टल की मरम्मत कार्य की देखरेख करने हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश और भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रेमलाल सिंह को निर्देशित किया। साथ ही, प्रखंड कार्यालय नगर ऊंटरी के बाहर पुराना जर्जर भवन पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद हटाया नहीं गया।

इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर ऊंटरी से 48 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया। समय पर कार्रवाई नहीं होने पर उपायुक्त ने अपनी गंभीर नाराजगी व्यक्त की। यह निरीक्षण क्षेत्र के शिक्षा और आधारभूत संरचना सुधार में प्रशासन की तत्परता और जवाबदेही को दशार्ता है।

# चिनियां में हाथियों का आतंक जारी, किसान परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के सीदे गांव में बीते देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने धावा बोलकर तबाही मचा दी। गांव के 9 किसानों की धान की फसल को रौंदते हुए हाथियों ने खेतों को सफाचट कर दिया, जिससे किसान बबार्दी के कगार पर पहुंच गए हैं। फसल बर्बाद होने वाले किसानों में उपेंद्र यादव, संतोष यादव, प्रतिमा देवी, कौशल्या देवी, पूजा देवी, रामस्वरूप यादव, बिंदु यादव, सुनील यादव और उमेश यादव शामिल हैं। किसानों का कहना है कि एक तरफ यूरिया खाद को लेकर हम पहले ही बेहाल हैं, ऊपर से हाथियों ने हमारी सारी मेहनत चौपट कर दी। अब हमारे सामने खाने के भी लाले पड़ जाएंगे। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल मुआवजे की मांग की है और हाथियों को गांव से खदेड़ने के लिए ठोस कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मामले में प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथियों द्वारा फसलों के नुकसान की जानकारी मिली है। सरकारी प्रक्रिया के तहत क्षति का आकलन कर सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। बताते चलें कि पिछले तीन सालों से हाथियों का यह आतंक चिनियां थाना क्षेत्र में लगातार बना हुआ है, जिससे किसान और ग्रामीण रोजमर्रा की जिंदगी में खौफ के साए में जीने को विवश हैं।


## कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
जेलहाता मेदिनीनगर (पलामू)
फोन न0ः–9431138224 ईमेल आई0डीः–civilsurgeonpalamu@gmail.com

पत्रांक..........................मेदिनीनगर ,दिनांक ...............................

**Walk in Interview**

सरकार के अपर सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–33(5)ब, योजना, दिनांक–25.05.2023 द्वारा पलामू जिले के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासीयों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित संचालित "चलंत ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सा पदाधिकारीयों एवं चिकित्सा सहायकों की Walk in Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएँ लिया जाना हैं। जिसके लिए इच्छुक निजी आयुष चिकित्सा पदाधिकारीयों एवं चिकित्सा सहायकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्रम | पद का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | पद संख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | चिकित्सक ( आयुष ) | मेडिकल काउसिल ऑफ इडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से Bachelor in Ayurved/Homoeopath/Unani with working Knowledge of Computer. | 07 | रू0 21000/– |
| 02 | चिकित्सा सहायक | B.Sc Nursing/GNM or B.Sc Community Heath or Bachelor/Diploma in Pharmacy From recognize university/institution. | 06 | रू0 15000/– |
| 03 | सूचिबद्ध किये गये आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | |
| 04 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | | |
| 05 | उपरोक्त दोनों पदों के लिए वैद्य Driving Licence होना आवश्यक हैं। | | | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk In Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल–प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ उप विकास आयुक्त कार्यालय मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक–10.09.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 360805 (District) 25-26 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)
**अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 1/2025-26/NREP/GARHWA  दिनांक – 29.08.2025

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | ग्राम–सुखवाना, आदर्श नगर रेलवे लाईन से तीनमुहान तक पक्की नाली निर्माण कार्य। (लं0–0.503 कि0मी0) | 27,22,200 | सताईस लाख बाईस हजार दो सौ रू0। | 5000 | 55000 | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 01.09.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.09.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.09.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

PR 360790 Rural Development(25-26).D



## झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित निर्धारित सुनवाई की तिथि एवं समय को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभ्युक्ति | सुनवाई की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 22/2025 | (1) TATA SFC 407/27 ट्रक, निबंधन संख्या CG15AC0124, चेचिस नं0– MAT357105A8A00389 तथा इंजन नं0/मोटर नं0 497SPTC35AZY800458 एवं (2) साल चौपहल – 80 पीस | वाहन मालिकः बजरंग लाल अग्रवाल, पिता– महावीर अग्रवाल, ग्राम– गुमगा, पोस्ट– दंडगांव, थाना– दंडगांव, जिला– सुरगुजा, राज्य– छत्तीसगढ़, पिन–497117 | दिनांक 07.10.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 360792 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

**आम सूचना**

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांकः–13 वीं सितंबर, 2025 (शनिवार)
स्थान–व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

**निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 13.09.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः–

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क कर सकते हैं।

सादिक अनवर रिजवी, आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा
डॉ.कुमार ताराचन्द, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा
राजकमल मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

जनहित में जारी
द्वाराः–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 360778 (Lohardaga) 25-26 (D)



## झारखण्ड सरकार
**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।**
**निजी एवं लीज पर लिए गए सरकारी जलकरों में मत्स्य बीज का आच्छादन पर अनुदान योजना की द्वितीय सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–10रा(वि0), दिनांक–04.07.2025(तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वित्तीय वर्श 2025–26) द्वारा जिला–खूँटी को कुल 100 एकड़ जलक्षेत्र(अजजा/अन्य के लिए–80 एकड़ तथा अजा के लिए–20 एकड़) को मत्स्य बीज से आच्छादन पर चयनित लाभुकों को अनुदान दिये जाने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है। इस योजना अंतर्गत निजी तालाब लाभुक तथा सरकारी जलकरों के बन्दोबस्तधारी लाभुक योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में चयनित लाभुक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से संबद्ध प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं का क्रय करेंगे एवं अपने तालाब में 5000 बीज प्रति एकड की दर से संचयन करेंगे(तालाब के जलक्षेत्र अनुसार समानुपातिक रूप से मत्स्य बीज संचयन की दर होगी)। योजन की प्राक्कलित राशि मो० 3750/– रु० मात्र प्रति एकड़ की दर से गणना की जाएगी। मत्स्य अंगुलिका के क्रय पर 50 प्रतिशत सहायता/अनुदान अर्थात् अधिकतम 1875/– रुपये प्रति एकड़ की दर से गणना की जाएगी। अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में डी०बी०टी० की जाएगी।

लाभुकों का चयन जिला स्तरीय सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जाएगा तत्पश्चात् योजना क्रियान्वित की जाएगी। लाभुक के साथ मत्स्य बीज संचयन का Geo tagged फोटोग्राफ्स (Lattitude-Longitude सहित) लाभुक द्वारा समर्पित किया जाएगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्श 2025–26 में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल से फिश फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृशकों को प्राथमिकता दी जाएगी। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में निःशुल्क उपलब्ध है। आवेदक स्वयं ग्राम पंचायत से तालाब के जलक्षेत्र के साथ अनुमोदन प्राप्त करते हुए दिनांक 20.09.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में ऑफलाईन (Offline) आवेदन जमा करेंगे साथ ही सभी वांछित कागजातों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय में उपस्थित होकर Blockchain Platform में अपना निबंधन कराते हुए आनलाईन (Online) आवेदन भी करेंगे।

योजना की विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से प्राप्त की जा सकती है।
यह योजना "पहले आओ पहले पाओ" की तर्ज पर दिया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी।

PR 360815 Fish(25-26)D



## Govt. of Jharkhand
**Department of Mines and Geology**
**District- Latehar**

**Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**
(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1.ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| NIT-MINES/LATEHAR/SAND | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है कि विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री– बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1/2025 | GROUP-A 1. Tubed 2. Durua 3. Bajkum 4. Rajhar 5. Marmar 6. Malhan 7. Latehar 8. Tapakhas | 01.09.2025 | समाहरणालय सभागार कक्ष, लातेहार तिथि–02.09. 2025 समय–03:00 बजे अपराहन् | 01.09.2025 3:00 PM एवं 15.09.2025 4:00 PM | 16.09.2025 04:00 PM | 19.09.2025 को 10:00 बजे पूर्वाहन् से 6:00 बजे अपराहन् तक |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालूघाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Policy, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
9. निविदादाता द्वारा ई–प्रोक्योरमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Officer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
8. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, लातेहार।
ह0/– जिला कोषागार पदाधिकारी, लातेहार।
ह0/– जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार।
ह0/– अपर समाहर्ता, लातेहार।
ह0/– उप निदेशक, खान, पलामू अंचल मेदिनीनगर
ह0/– उपायुक्त, लातेहार।

PR 360771 (Mines and Geology) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के ब्लड बैंक में आज थैलेसेमिया, सिकल सेल एनेमिया मरीज के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो के द्वारा किया गया। शिविर में सूरज गुप्ता, विकास, अजीत कुमार, राजू राम, सतीश कुमार चंद्रा, रूपक कुमार, पंकज दास, झूमन लोहरा, संजीत उरांव, नामधनी राम, नन्दलाल सिंह, विक्रम भुईया, श्याम उरांव, कौसर अली,जेना उरांव आदि के द्वारा रक्तदान किया गया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मशीला चौधरी, डॉ. पिंकी कश्यप, निर्मल दास (डीपीएम) सिविल सर्जन कार्यालय एवं रक्त केंद्र लातेहार के कर्मचारियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विद्या मंदिर में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के बाजकुम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज प्रधानाचार्य राजबलम शर्मा, खेल प्रमुख सह विज्ञान आचार्य रमेश कुमार, उप खेल प्रमुख सह संगणक आचार्य ज्ञानदीप के कुशल मार्ग निर्देशन में विद्यालय के शिशु वर्ग बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग के भैया बहनों ने विभिन्न खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लिया। विभिन्न खेलों के लिए विभिन्न वर्गों के भैया बहनों ने भाग लिया। जिसे देखने के लिए भैया बहनों के अभिभावक व दर्शकों की उत्सुकता देखते बनी। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ , मेंढक दौड़ 50 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी का पुरस्कार प्रदान हेतु चयनित कर लिया गया है। इस कार्यक्रम में धुर्जन राम, मुकेश कुमार, विनय कुमार विश्वकर्मा, आनंद शर्मा, रवि शंकर यादव, अविनाश कुमार, चंदन कुमार, अश्विनी कुमार, ज्योति देवी, प्रीति कुमारी आदि का सहभागिता काफी सराहनीय रहा।

## चकला में सर्पदंश से महिला की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला गांव में गुरुवार की देर रात सर्पदंश से आरती देवी (पति अमर नायक) की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरती देवी जमीन पर बिस्तर बिछाकर सोई हुई थीं, इसी क्रम में करैत सांप ने उसे डंस लिया। परिजनों ने महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लातेहार रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर मुखिया रंजीता ने परिजनों को सांप काटने से मौत के पश्चात मिलने वाले मुआवजे की जानकारी दी व परिजनों को समझा-बुझाकर शव को वापस पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बता दें कि चंदवा प्रखंड में इस वर्ष अब तक सर्पदंश से पांच लोगों की जान जा चुकी है, जिसमें अधिकांश मौत करैत सांप के काटने से हुई है।

## शराब दुकान खोलने का ग्रामीण कर रहे विरोध

**चंदवा।** शहर से सटे कंचन नगरी मुहल्लेवासियों ने उक्त मोहल्ले में विदेशी शराब दुकान को नहीं खुलवाने को लेकर उपायुक्त लातेहार को ज्ञापन सौपाां है। जिसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक लातेहार, अनुमण्डल पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, अचलाधिकारी चंदवा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवा, थाना प्रभारी चंदवा को भी दिया गया है। आवेदन में कहा गया है कि प्रखंड के कंचन नगरी मोहल्ला स्थित राजकुमार अग्रवाल के मकान में विदेशी शराब की दुकान खोली जा रही है। मोहल्ले में घनी आबादी निवास करती है। उक्त स्थान के 200 मीटर के दायरे में स्कूल, निमार्णाधीन मंदिर, मस्जिद, मदरसा स्थित है। इस मुहल्ले से बड़ी संख्या में लड़के एवं लड़कियां स्कूल आते जाते हैं। मोहल्लेवासियों ने विदेशी शराब दुकान को किसी दुसरे जगह खुलवाने का आग्रह किया है। आवेदन में शंकर कुमार, विनोद कुमार, चंद्रभूषण केसरी, डॉ. शम्स आलम, दिनेश महतो, मो. एकराम, भुनेश्वर बैठा, मो. शमीम, विनोद रजक, मो. नदीम आलम, मो. अमानुल्लाह, शिव कुमार, मो. वसीम, मनोज कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।

## बाबा गणिनाथ का 25वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

**चंदवा।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य समाज के द्वारा शनिवार को चंदवा के कामता स्थित बाबा गणिनाथ विवाह मंडप में बाबा गणिनाथ की 25वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में चंदवा प्रखंड समेत लातेहार, पलामू, गढ़वा, खलारी समेत दूसरे प्रदेशों से भी समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद संघ के राजेश चंद्र पांडेय, नरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज, राजकुमार पाठक, रामदास साहू व अन्य ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम में समाज ने अन्य समाज के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित करने का सराहनीय कार्य किया है। ऐसे ही प्रयासों ने सनातम समाज को मजबूती आती है। कार्यक्रम में मौजूद समाज के प्रबुद्धजनों व अतिथियों ने समाज में एकजुटता, शिक्षा को बढ़ावा, नारी उत्थान पर बल देने की बात कही। संबोधन के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरदेव प्रसाद ने किया। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद, विनय कुमार बिनु, महावीर प्रसाद, ब्रजेश कुमार, विनोद कुमार, सुजीत कुमार, आकाश समेत काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**लातेहार।** थैलेसीमिया पीड़ितों की सहायता के उद्देश्य से शनिवार को ब्लड बैंक लातेहार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कमांडेंट के निर्देश पर सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के सब इंस्पेक्टर विकास अहलावत, अजीत कुमार हेड कांस्टेबल ने धर्मपुर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। रक्तदाताओं ने कहा कि हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक-दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से किसी की जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने समाज के लोगों से भी रक्तदान जैसे नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## सद्भावना वालीबॉल मैच का आयोजन

**लातेहार।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर डीवीसी तुबेद कोयला खदान लातेहार के कैंप ऑफिस में एक सदभावना वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। मौके पर डीवीसी के अधिकारी व कर्मचारियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर वरीय महाप्रबंधक एंव परियोजना प्रधान अरविंद ठाकुर ने कहा कि खेल ना सिर्फ हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करते है, अपितु मानसिक विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी विकसित करते है। इससे हम सदैव उजार्वान बने रहते है।

## दूसरे दिन भी महुआडांड़ में दुकानें रही बंद, हिंदू महासभा ने कहा-

# एसडीएम का लगाया गया आरोप निराधार

- हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल पर एसडीएम ने लगाया है जमीन हड़पने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** एसडीएम बिपिन कुमार दुबे पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर हिंदू महासभा के आह्वान पर अनिश्चित कालीन बंद का दूसरे दिन शनिवार को प्रखंड में मिला जुला असर दिखा। इस दौरान हिंदू समुदाय के सभी दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी अपनी दूकाने व प्रतिष्ठान बंद रखे अन्य दुकाने सामान्य दिनों की तरह खुले रहे। बस स्टैंड से छोटी बड़ी गाडियों का आवागमन जारी रहा। हिंदू महासभा ने शुक्रवार देर शाम एसडीएम बिपिन कुमार द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एसडीएम एक विशेष समुदाय के पक्ष में पक्षपात कर रहे हैं। महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि संगठन के किसी भी सदस्य पर कार्रवाई की गई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। हिंदू महासभा के अनुसार, 28 अगस्त को एसडीएम के बुलावे पर हिंदू महासभा और सरना समाज के प्रतिनिधि उनके कार्यालय में बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के दौरान प्रारंभ में यह सहमति बनी कि बैगई जमीन बैगा समाज के अधीन है और यदि बैगा चाहे तो वे स्वयं घेराबंदी या खेती कर सकते हैं। उक्त भूमि का घेराव आदिवासी सरना विकास मंच के सदस्य तुरंत करेंगे, मैं भी स्थल पर जाकर घेराव करूंगा। देखता हूं कौन रोकता है, रोकने पर जेल भेज दूंगा। इस बयान से वहां मौजूद हिन्दू महासभा एवं सरना समिति के सदस्य आक्रोशित हो गए और बैठक का बहिष्कार कर दिया। महासभा का आरोप है कि एसडीएम ने संगठन के अध्यक्ष मनोज जायसवाल को व्यक्तिगत रूप से धमकी दी। एसडीएम द्वारा अध्यक्ष पर जमीन हड़पने का आरोप पूरी तरह निराधार है और यह आरोप संगठन को कमजोर करने की साजिश है। संगठन ने एसडीएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि इस मामले में उनकी मांगें नहीं मानी जातीं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। एसडीएम पर कार्रवाई, बैगई जमीन पर बने भवन की चाबी बैगा पाहन सुलेमान बैगा को सौंपना, अवैध घेराव हटाना, दूसरे समुदाय की आवाजाही रोकना और उक्त भूमि पर किसी भी कार्यक्रम की अनुमति न देना। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### हिंदू महासभा ने बंदी वापस लिया

महुआडांड़। हिंदू महासभा के आह्वान पर आयोजित अनिश्चितकालीन बंद महुआडांड हिंदू महासभा ने वापस ले लिया। अब सभी लोग अपनी अपनी दुकानें एवं प्रतिष्ठान खोल सकते हैं। इसकी जानकारी देते हुए महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी एवं महुआडांड एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया के साथ हिन्दू महासभा के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक हुई। दोनों बैठक में हमें आश्वासन दिया गया कि उक्त बैगई स्थल पर कोई भी संगठन निर्माण कार्य नहीं करेगाऔर उक्त स्थल पर कोई भी सरना समाज के लोग अपनी पंरपरा के अनुसार पूजा पाठ कर सकते हैं। किसी को रोक नहीं रहेगी। उक्त स्थल बैगा का है और बैगा का ही रहेगा। उनके बिना मर्जी के कोई कार्य नहीं होगा। इसके बाद स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में हिंदू महासभा की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से बंद को वापस लेने का निर्णय लिया गया।

## दस साल से राशन से वंचित, लाभुक ने उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू ।** साल्वे पंचायत के जुठाटांड़ टोला निवासी राशन कार्डधारी बालदीप गंझू ने शनिवार को उपायुक्त के नाम एक आवेदन प्रखंड नाजीर अजय मुंडा को सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि पिछले दस वर्षों से जनवितरण प्रणाली दुकानदार मोहम्मद कय्यूम उद्दीन उनके परिवार को राशन नहीं दे रहे हैं। बालदीप के अनुसार, उनकी पत्नी रेखा कुमारी के नाम पर बने राशन कार्ड में दोनों पति-पत्नी का नाम दर्ज है। इसके बावजूद जब वे बार-बार डीलर के पास राशन लेने जाते हैं, तो यह कहकर भगा दिया जाता है कि उनका नाम लिस्ट में नहीं है। बाद में ऑनलाइन जांच में सामने आया कि उनके नाम के साथ किसी और का आधार लिंक कर दिया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आशीष रंजन ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच की बात कही है। वहीं, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि गरीबों का राशन हड़पने वाले डीलर को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे स्वयं उपायुक्त से मिलकर डीलर का लाइसेंस रद्द कराने की सिफारिश करेंगी। जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने भी कहा कि अन्य लाभुकों की स्थिति की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## छिपादोहर थाना क्षेत्र के गणेशपुर में दोहरे हत्याकांड का खुलासा

- 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार,भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के गणेशपुर में हुए दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। मृतकों में पत्नी सोनमणि देवी और उनका बेटा सूरज उरांव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी मोहनलाल उरांव को गिरफ्तार कर लिया है,जो हत्या का मुख्य संदिग्ध है। शनिवार को छिपादोहर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने बताया कि 28 अगस्त को मोहनलाल उरांव की पत्नी सोनमणि देवी घर आई थी, जो बाहर काम करने गई थी। घर लौटने पर दोनों के बीच पैसों को लेकर बहस हुई, जो धीरे-धीरे हिंसा में बदल गई। गुस्से में आकर मोहनलाल ने अपनी पत्नी और छोटे बेटे सूरज की हत्या कर दी।

**एसआईटी ने सुलझाया मामला :** एसडीपीओ ने कहा कि इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने लगातार छापेमारी की और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

## एक सितंबर से पूर्व नहीं मिला उचित भाड़ा तो ट्रक ऑनर्स करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** मगध कोल परियोजना से जुड़े विस्थापित ट्रक मालिकों ने 1 सितंबर तक वर्ष 2018 में तय किए गए पुराने भाड़ा दरों को लागू करने की मांग की है। शनिवार को चमातू मंदिर परिसर में हुई बैठक में यह चेतावनी दी गई कि अगर भाड़ा दर लागू नहीं हुआ, तो सेल कोयला उठाव पूरी तरह से ठप कर दिया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख सह मगध विस्थापित कामेश्वर राम ने की। ट्रक मालिकों का कहना है कि डीलर और ट्रांसपोर्टर लगातार भाड़ा घटा रहे हैं, जिससे ट्रकों की किस्त तक चुकाना मुश्किल हो गया है। इस मांग को लेकर मगध महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में केदार साव, त्रिवेणी साव, मिथुन साव, सोनू साव, शंभू प्रसाद, राजेंद्र साव, अरविंद यादव, मोहन साव, गोपाल यादव, खुशियाल साव सहित सैकड़ों ट्रक ऑनर शामिल हुए।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत होटल राम वाटिका में 28 से 30 अगस्त 2025 तक प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की उपस्थिति में शनिवार को प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने तीन दिनों तक चली प्रशिक्षण कार्यशाला के विषयों, प्रशिक्षण की पद्धतियों और प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं के बारे में प्रशिक्षकों से जानकारी ली। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला के माध्यम से विकसित हुई समझ के विषय में फीडबैक भी लिया। उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को शपथ दिलाई।

कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को समझाया गया कि इस अभियान से जुड़कर विभिन्न विभागों के साथ सेवा का कार्य किया जा सकता है। अधिकारियों ने प्रशिक्षण की बारीकियों को अपनाकर आगे के स्तर पर कर्मठता से कार्य करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सशक्त बनाना है। आदि कर्मयोगी अभियान में कर्मयोगियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में 28 अगस्त से शुरू हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रखंडस्तर के मास्टर ट्रेनर्स को सहभागी पद्धति से प्रशिक्षित किया गया है। कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पत्र वितरित किया गया। समापन अवसर पर निदेशक, डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, एसीएमओ, डॉ शोभना टोप्पो, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर, नंद कुमार महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रिंस कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अल्का हेम्ब्रम, कार्यपालक अभि. पेयजल एवं स्वच्छता प्र०, लातेहार, दीपक कुमार महतो, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर (बीपीओ), महिला पर्यवेक्षिका और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

## महुआडांड़ गढ़बूढनी पहुंचा सोमरा नागेसिया का शव

**महुआडांड़।** प्रखंड के गढ़बूढनी निवासीसोमरा नगेसिया (32) का शव शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे गांव पहुंचा। शनिवार सुबह 9 बजे पूरे गांव की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। शव यात्रा के दौरान ग्रामीण भावुक हो उठे और परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए। रोजगार की तलाश में निकले महुआडांड़ प्रखंड के सोमरा नागेसिया का शव कुछ दिन पहले आंध्रप्रदेश के नेल्लोर जिले, कवाली रेलवे स्टेशन से बरामद हुआ था। वह काम के लिए केरल जा रहे थे, इसी दौरान ट्रेन से गिरने से उनकी मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने शव लाने में हुई प्रशासनिक मदद और विशेषकरविधायक रामचंद्र सिंह के प्रयासों की सराहना की। गांव के हीबिनोद नागेसिया और रबुल अंसारीने भी पूरे मामले में लगातार प्रशासन से संपर्क बनाए रखा और हर कदम पर परिवार की मदद की। वहीं विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी, रानू खान, शहीद अख्तर सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार को दो बोरा चावल और अन्य सामग्री सहयोग के रूप में दी।

## झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन का प्रथम एक दिवसीय आवासीय जिला सम्मेलन सह प्रशिक्षण शिविर शनिवार को चंदवा के होटल मयूर इंटर नेशनल के कामरेड अतुल अंजान सभागार में संपन्न हुई। सम्मेलन की शुरूआत शहीदों को श्रद्धांजलि व झंडोतोलन से की गई। शोक प्रस्ताव में भाकपा के पूर्व महासचिव एस सुधाकर रेड्डी और प्राकृतिक आपदाओ में दिवंगत आत्माओं को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आंदोलन के बल पर मजदूरों के पक्ष में कई कानून बने। लेकिन आज उन्हीं कानूनों की ताकत को कमजोर किया जा रहा है। यहां तक कि 8 घंटे काम का अधिकार भी बढ़ाकर 12 से 14 घंटे तक कर दिया गया है। इसके विरुद्ध संगठित संघर्ष को और तेज करने की आवश्यकता है। इप्टा के रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने व्यवस्था परिवर्तन के आह्वान के साथ एक जनवादी गीत प्रस्तुत किया। अतिथि उपेंद्र कुमार मिश्रा ने मजदूर और किसानों को आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए दैनिक मजदूरों की वास्तविक स्थिति पर प्रकाश डाला और संगठित संघर्ष के लिए प्रेरित किया। मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहु ने कहा कि वे लगातार मजदूरों के हित के लिए संघर्षरत है मजदूर यूनियन मजदूरों किसानों के हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेगी। सम्मेलन की अध्यक्षता मो. अलाउद्दीन ने की और संचालन अनिल कुमार साहू ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में इंदु भूषण पाठक, माखन चौरसिया, भूषण रजक, सुरेश वासपति सहित कई नौजवानों की सक्रिय भूमिका रही।

## ई-केवाईसी को लेकर शिविर आयोजित

**चंदवा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लंबित ई-केवाईसी कराने के लिए अंचल चंदवा अंतर्गत सभी 17 पंचायतों में पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन 30 अगस्त से 24 सितंबर तक विभिन्न पंचायतों में किया जाएगा। अंचल कार्यालय चंदवा से मिली जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 3,246 लाभुकों का लंबित ईकेवाईसी कराने के लक्ष्य है। इसके तहत प्रत्येक पंचायत में निर्धारित तिथि पर शिविर लगाए जाएंगे, जहां लाभुकों का निःशुल्क ई-केवाईसी किया जाएगा। शिविर के पहले दिन शनिवार को अलौदिया, माल्हन आदि पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं 1 सितंबर को पंचायत भवन बनहरदी, 2 को बारी, 6 को बरवाटोली, 8 को बोदा, 9 को चकला,10-11 सितंबर को चंदवा पूर्वी व पश्चिमी, 12 को चेटर,13 को डुमारो, 15 को जमीरा, 16 को हुटाप,18 को कामता,19 लाधुप, 20 को सेस्क, 23 को माल्हन को, 24 सितंबर को पंचायत भवन सासंग में शिविर आयोजित होगा। अंचल अधिकारी ने एटीएम, बीटीएम, सभी कृषक मित्रों और प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक किसानों को शिविर में पहुंचने की सूचना दें।

## जानवरों को सुरक्षा को लेकर नई तकनीक अपना रहा है वन विभाग

**लातेहार।** बेतला नेशनल पार्क के जानवरों को सुरक्षा को लेकर बेतला रेंजर उमेश दुबे एवं प्रभारी वनपाल संतोष सिंह ने बेतला रेंज कार्यालय में सभी वनरक्षि एवं टेकर गार्ड के साथ जानवरों को सुरक्षा लेकर बैठक किया। इस बैठक में बेतला रेंजर उमेश दुबे एवं भारी वनपाल संतोष सिंह ने वनरक्षि एवं टेकर गार्ड को नई तकनीक के साथ शिकारियों पर शिकांजा कसने को लेकर नई तकनीक बताया। साथ ही बेतला प्रभारी वनपाल संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बेतला नेशनल पार्क के जंगलों में अब शिकारियों को शिकार करना कठीन हो गया है। अब हमलोग नई तकनीक के साथ काम करेंगे, जिससे जंगल में छिपे शिकारी वन विभाग के कमियों तक सूचना पहुंच जाएगा और हमलोग शिकारी गिरफ्तार कर लेंगे।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 21/2025-26

पत्रांक– 654 लातेहार/दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दनदाहा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, प्रखंड– बरवाडीह, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 78.70 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी, प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 360813 Water Resource(25-26)#D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 24/2025-26

पत्रांक– 657 लातेहार/दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | टाना नाला से पक्का वियर आउटलेट और पक्का सिंचाई नाली का निर्माण प्रखंड– गारू जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 66.235 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक )e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 360818 (Water Resource) 25-26 (D) लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 22/2025-26

पत्रांक– 655 लातेहार/दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सिरसिरिया नाला से पक्का वियर आउटलेट और पक्का सिंचाई नाली का निर्माण, प्रखंड– सरयु, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 68.069 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक )e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 360814 (Water Resource)25-26*D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 23/2025-26

पत्रांक– 656 लातेहार/दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डुब्बा नाला पर पक्का वियर का निर्माण, प्रखंड– गारू जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राषि | 52.251 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक )e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 360816 Water Resource(25-26)D

# न्यूज बॉक्स

## पूर्व राज्यसभा सांसद ने लिया गणपति बप्पा का आशीर्वाद



**लोहरदगा।** देवस्थल किस्को मोड़ में पाँच दिवसीय गणेशोत्सव के तीसरे दिन कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने गणेश भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गणेश पुजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा धीरज प्रसाद साहु का स्वागत किया गया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, बैजनाथ प्रसाद ( गुड्डुस) के द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकार स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व राजयसभा सांसद ने गणपति बप्पा के भक्तो को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की भक्ति और आस्था से भरा यह पावन पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। मैं भगवान गजानन से प्रार्थना करता हूं कि वे अपने सभी भक्तों को सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

## विश्व हिंदू परिषद का मनाया गया स्थापना दिवस




**भंडरा ।** विश्व हिन्दू परिषद का 61वां स्थापना दिवश भंडरा प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के निकट गणेश पूजा पंडाल परिषर में भव्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद प्रांत मार्गदर्शक मंडल संयोजक कृष्ण चेतन्य ब्रह्मचारी के अगुवाई में मनाया गया.स्वामी जी ने अपने संबोधन में विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना के उद्येश्य एवं आवश्यक्ता के बारे में विस्त्रित रूप से व्याख्या किया.उन्होंने कहा की आज के समय में हिन्दू हित एवं हिन्दुत्व की रक्षा के लिए सभी सनातनियों को संगठित होकर रहने की आवश्यकता है.मौके पर विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री रंजित कुमार साहु नगर सुरक्षा प्रमुख प्रद्युमन पाठक भंडरा है. प्रखंड अध्यक्ष शंकर साहु , उमेश गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, अमर साहु ,विवेक यादव , विशाल सोनी ,बिट्टू साहु, सनियाल यादव, करण साहु एवं प्रखंड के बजरंग दल दुर्गा वाहिनी मात्री शक्ति सहित भारी संख्या में सनातनी लोग उपस्थित थे।

## प्रेशर हॉर्न लगे वाहन होंगे जब्त: डीटीओ



**लोहरदगा।** सड़क हादसों में कमी लाने और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने को लेकर उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद के निर्देश पर परिवहन विभाग ने सघन वाहन जांच अभियान शनिवार को चलाया। जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू व जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी ने शहरी क्षेत्र के कचहरी चौक में दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच किया। इस दौरान वाहनों में प्रेशर हॉर्न, बिना हेलमेट बाइक चलाने, मोडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। तत्काल वाहनों से प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर को हटाने की कड़ी चेतावनी दी गई। चेतावनी के बावजूद फिर प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करते पकड़े जाने पर वाहन जप्त कर चालक को जेल की हवा खिलाने के चेतावनी मिली। इस दौरान चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले चालकों को भी परिवहन विभाग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने कहा गया। वाहन जांच अभियान के दौरान परिवहन विभाग ने लगभग 37 वाहनों पर कार्रवाई किया। इस दौरान दंडात्मक कार्रवाई करते हुए विभाग ने वाहन चालकों से लगभग 65000 जुर्माना राशि की भी वसूली किया। इस संदर्भ में डीटीओ जया सांखी मुर्मू ने कहा कि, विभाग अभी लगातार अभियान चलाएगा। अब प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन जप्त होंगे।

## कुंए में गिरे हाथी को ग्रामीणों व वन विभाग ने बचाया

**कुडू-लोहरदग़ा।** कुडू-चान्हो थाना क्षेत्र के सीमाने पर स्थित कोकर गांव में शुक्रवार देर रात एक हाथी कुंए में गिर गया। बताया जा रहा है कि करीब 19 हाथियों का झुंड गांव में पहुंचा था, तभी उनमें से एक हाथी अनजाने में गहरे कुंए में जा गिरा। हाथी की चिंघाड़ सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और चान्हो थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हाथी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# सतत् विकास के सूचकांक के पीछे छूट गए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मुख्यधारा में लाएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि सतत् विकास के सूचकांक में जो अंतिम पायदान का व्यक्ति है उसे मुख्यधारा में जोड़े जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी सूचकांकों पर कार्य करने की आवश्यकता है। पदाधिकारी अपने कार्यशैली में सुधार लाएं और आमजनों से बेहतर व्यवहार करें। आज देश की आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अनुसूचित जनजाति वर्ग पीछे छूट गए हैं। हमें इस विषमता को ठीक करना है। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग में जो वंचित परिवार व व्यक्ति है, उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना है। सरकार द्वारा जो निर्धारित बिंदु हैं उन सूचकांकों पर जिला की स्थिति बेहतर करना है। उक्त बातें उपायुक्त ने आज "आदि कर्मयोगी अभियान" से संबंधित नगर भवन लोहरदगा में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, भारत सरकार की ओर से जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के हिंदी प्रभाग से आए सौरभ कुमार वर्मा ने भी अपने विचार रखे। जिला कल्याण पदाधिकारी ने भी अभियान संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा सभी को अभियान से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, सभी मास्टर लेवल ट्रेनर्स समेत अन्य उपस्थित थे।

### सिंगल विंडो सिस्टम डेवलप करें

उपायुक्त ने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर एक सिंगल विण्डो सिस्टम की शुरुआत करें जिसमें लोग आकर अपनी समस्याओं को रख सकें। बीते विभिन्न तरह के अभियानों में सूचकांकों के सुधार का अवसर मिला था लेकिन उसमें हम अपेक्षा अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। हम सामाजिक स्तर पर विभिन्न वर्गों में बंटे हुए हैं, इसे दूर करना है। सभी वंचित को एक मंच पर लाना है जिसे समेकित विकास का लक्ष्य पूरा हो सके। पदाधिकारी अपने स्तर से सूचकांकों पर कार्य करें और अभियान के उदेश्य को पूरा करें। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अंतिम व्यक्ति को भी अच्छे स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आधारभूत संरचना जैसी चीजों का अधिकार है।

## भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ गणपति विसर्जन उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शुक्रवार की देर शाम तीन दिवसीय गणपति पूजनोत्सव का समापन भक्ति-भाव और उल्लास के साथ हुआ। सनातन धर्म समिति महादेव टोली रोड दुर्गा मंदिर, महाकाल क्लब गणेश पूजा समिति कृषि बाजार तथा अन्य पूजा पंडालों में पूजन उत्सव संपन्न होने के बाद प्रतिमा विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहितों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, आरती और हवन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सनातन धर्म समिति बौली बगीचा, दुर्गा मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। "गणपति बप्पा मोरया" के उद्घोष से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा। शोभायात्रा के दौरान भक्तगण भजनों की धुन पर थिरकते नजर आए। नाचते-गाते हुए श्रद्धालु प्रतिमा लेकर ठकुराइन तालाब, बड़ा तालाब और शंख नदी सहित अन्य जलाशयों तक पहुंचे। वहां विधि-विधान से आरती उतारकर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल और महामंत्री प्रदीप साहू ने लोहरदगा वासियों के सुख-समृद्धि और रिद्धि-सिद्धि की कामना की।

उन्होंने कहा कि गणपति पूजन से घर-परिवार में खुशहाली और संपन्नता आती है तथा सभी विघ्न बाधाएं दूर होती हैं। विभिन्न तालाबों और नदी घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर में पुलिस बल की तैनाती की थी, जिससे विसर्जन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। पूजा पंडालों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने गणेश उत्सव को सफल बनाने में सहयोग के लिए प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाबा गणिनाथ पूजा महोत्सव का भव्य समापन



**भंडरा ।** भंडरा के झिको चट्टी में स्थित मध्यदेशीय वैश्य समाज के समारोह स्थल पर 26वें बाबा गणिनाथ पूजा महोत्सव का भव्य समापन हुआ। यह महोत्सव न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि समाज के लिए एक सांस्कृतिक और सामाजिक महासंगम भी बन गया, जिसमें हजारों भक्तों ने बाबा गणिनाथ के प्रति अपनी अटूट आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया। यह महोत्सव जिसमें एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्होंने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुबह की शुरुआत बाबा गणिनाथ की विशेष पूजा-अर्चना और आरती से हुई थी, जिसमें पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। इसके बाद, भजन-कीर्तन और लोक गीतों का दौर चलता था, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज और मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें पारंपरिक नृत्य, नाटक और झांकियां शामिल थीं। इन कार्यक्रमों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि लोगों को अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ा। सबसे खास बात यह रही कि इसमें युवा पीढ़ी की भागीदारी भी काफी उत्साहजनक थी, जिससे यह संदेश गया कि समाज अपनी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महोत्सव में सभी जगहों से भी मध्यदेशीय वैश्य समाज के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया गया सफल आयोजन

# खेल, टीम भावना व आत्मविश्वास को भी बढ़ाता हैं : दिलीप

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, लोहरदगा के तत्वावधान में एम.एल.ए. कॉलेज कोर्ट में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त लोहरदगा दिलीप सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा एवं जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद, समाजसेवी अजातशत्रु जिला खेल पदाधिकारी ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने कहा कि खेल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि फिटनेस और खेलों का महत्व आज की पीढ़ी के लिए कितना जरूरी है। बैडमिंटन जैसे खेल युवाओं को तेज, फुर्तीला और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। समाज सेवी अजातशत्रु ने कहा कि खेल युवाओं को नशा और गलत आदतों से दूर रखते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मकता बढ़ती है। जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद ने कहा कि जिला बैडमिंटन एसोसिएशन हमेशा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य करता रहा है। हमारा उद्देश्य है कि लोहरदगा के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएँ। आयोजन को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, एम एल ए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, अरुण राम, मुरारी गोस्वामी, रंजीत साहू, नसीम अख्तर, दुबराज यादव, गणेश पांडेय, शिवकुमार भगत, वाल्मीकि सिंह सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## भाजपा जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक संपन्न

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जनजाति सुरक्षा मंच की एक अहम बैठक शनिवार को शहर के होटल नोवेल्टी के सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश राम भगत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय पंकज, शनि उरांव, दिलीप भगत, लक्ष्मी नारायण भगत समेत अनेक ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश राम भगत ने कहा कि आदिवासी समाज का शोषण अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनकी जमीनें छीनने और उन्हें उनकी जड़ों से काटने की कोशिश करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 18/2025-26

पत्रांक– 651 लातेहार / दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डेलीकरचा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–महुआडाड़, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 52.471 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 360806 (Water Resource) 25-26 (D) लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 20/2025-26

पत्रांक– 653 लातेहार / दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बोदे मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, प्रखंड– बरवाडीह, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राषि | 69.524 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक )e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

PR 360808 Water Resource(25-26)D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 16/2025-26

पत्रांक– 649 लातेहार / दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सेडे नदी पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–महुआडाड़, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राषि | 64.83 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक )e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

PR 360802 (Water Resource)25-26*D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 19/2025-26

पत्रांक– 652 लातेहार / दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बरखेता मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, प्रखंड– बरवाडीह, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 64.327 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 360807 (Water Resource) 25-26 (D) लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
यॉत्रिक प्रमण्डल,मण्डल (लातेहार) शिविर
मेदिनीनगर**

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–
WRD/MDMANDAL / 03 / 2025–26 दिनांक 30.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Fabrication and Installion work of H/R gate with embedded parts,Hoisting arrangement of Different Distributary and special repair of C/R, H/R and Escape Gate of Different chain no of Malay Reservior Scheme. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रू0. 44,44,110.00 (रूपेय चौवालिस लाख चौवालिस हजार एक सौ दस) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 05 (पाँच) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 88,900.00(रूपेय अठ्ठासी हजार नौ सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 02.09.2025 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 15.09.2025 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.09.2025 (02:00 बजे अपराहन)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 360854 District(25-26).D



**Office of District Education Officer, Latehar
Request for Proposal (RFP)
Very short Tender**

| Sl. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Request for Proposal(RFP)for "Installation, Commissioning and Maintenance of ARTIFICIAL INTELLEGANCE & TIKERING LABS" in some selected govt. schools of Latehar district. Latehar district". |
| b. | Availability of RFP document at | Digital Copy fromhttp://jharkhandtenders.gov.in |
| ` | Date of Issue of RFP | 30 / 08 /2025 |
| d. | Last Date for submission of Proposal | 10/ 09 /2025 at 05:00 PM |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 12/ 09/2025 at 11.00AM |
| f. | Dateof openingof Financial Proposal | 12 / 09 /2025 |
| g. | Time allowed for completion | 90 days from the date of the work order. |
| h. | Earnest money deposit (EMD)(Refundable) | INR ...1,00,000/-(Rupees one lakh only) http://jharkhandtenders.gov.in |
| i. | Tender Fee | Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) Non-refundable through http://jharkhandtenders.gov.in |
| L. | Method of Selection | Cost-BasedSelection(CBS)Method; Stage1:The eligibility criteria documentsasperAnnexure -A,Bid Fee & EMD submitted by the bidders will beevaluated inthe first stage.The bidders meeting the technical evaluation criteria only will besh or tlisted for further financial bide valuation. Stage2:Out of the technicallye ligible bidders,the agency submitting the lowest financialbid will be awarded the project. The Rate quoted by the agencies should be valid for 1 years. |

Note:
The District Education Officere serves the right to change any schedule. Please visit the website mentionedin the RFP document regularly. Proposals must be receive dnolater than the time,and date mentione din the FactSheet. Proposals that are received after the deadline will not be considered. The District Education Office, Late hare serves the right to cancel or change the tender without any prior notice/information.

District Education Officer Latehar

PR 360843 Human Resource Developement(25-26)D

# न्यूज बॉक्स

## मध्याह्न भोजन व मंडल कारा का निरीक्षण



**गुमला।** उपायुक्त के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने शनिवार को राजेंद्र अभ्यास स्कूल करमटोली एवं मंडल कारा गुमला में मध्याह्न भोजन व खाद्य भंडारण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल कारा से चीनी, मसूर दाल, अरहर दाल, आटा, गुड़, तेल और मूंग दाल के सैंपल एकत्र कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी सामग्री में गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित वेंडर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर पेयजल जांच, पेस्ट कंट्रोल, खाद्य सामग्री की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट, लाइसेंस नंबर की जांच अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। साथ ही रसोईघर, परिसर और खाद्य भंडारण स्थलों को हमेशा स्वच्छ और सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में एक सप्ताह में 22 हजार पौधे लगाए गए

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा "मिशन लाइफ" के अंतर्गत शुरू किया गया विशेष पौधारोपण अभियान "एक पेड़ माँ के नाम" पूरे जिले में उत्साहपूर्वक चल रहा है। इस अभियान को "हरित विद्यालय – हरित गुमला" नाम दिया गया है। वन प्रमंडल गुमला के सहयोग से अब तक 52 हजार पौधे विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए हैं। केवल इस सप्ताह के दौरान ही 22 हजार पौधे विभिन्न विद्यालय परिसरों में लगाए जा चुके हैं, जबकि प्रतिदिन लगभग 10 हजार पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जुलाई के अंतिम सप्ताह से अब तक जिले में एक लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने संकल्प लिया कि प्रत्येक पौधा "माँ के नाम" समर्पित होगा। इससे न केवल विद्यालय हरियाली से आच्छादित होंगे बल्कि बच्चों में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव भी विकसित होगा।

## नशापान से दूर रहें : किरण माला



**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के बसिया रोड में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर न्यू विद्यार्थी विकास क्लब के सौजन्य से नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह तथा अतिथियों में भाजपा पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा, भाजपा सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, चरवा उरांव, नंदकिशोर सिंह,शामिल रहे। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा ने विधिवत फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात किरण माला ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है आप सभी दर्शकों के मनोरंजन के लिए ये सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जा रहा है। इसका आनंद उठाएं। और नशापान से दूर रहें। आज के युवा वर्ग नशापान करके अपनी जिंदगी तबाह व बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने विशेष कर युवा वर्ग को नशापान से दूर रहने की अपील की। और सभी दर्शकों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। न्यू विद्यार्थी विकास क्लब श्री गणेश पूजा समिति बसिया रोड के अध्यक्ष पंकज कुमार साहु ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं सभी अतिथियों को बेच पहनाकर अभिवादन एवं स्वागत किया। कार्यक्रम में रांची से आए सेवन स्टार म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक ठेठ व आधुनिक नागपुरी गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत एकदिवसीय कार्यशालाओं का सफल आयोजन



**गुमला।**"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित "आदि कर्मयोगी अभियान" के तहत शनिवार को गुमला जिले के सभी प्रखंडों में एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशालाओं का उद्घाटन संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने किया। इस दौरान बताया गया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तरीय कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षित करना है, ताकि वे ग्राम स्तर पर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। गुमला प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने अभियान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना में ग्राम पंचायत सचिवों, स्वयंसेवकों और स्थानीय समुदाय की अहम भूमिका होगी। पूरी योजना को डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीणों को सभी सेवाएँ और योजनाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

## वाहन परमिट कैंप में आठ चालाकों को मौके पर मिला परमिट

**गुमला।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण, रांची के निर्देश पर शनिवार को गुमला में विशेष वाहन परमिट कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव की उपस्थिति में आयोजित कैंप में कुल 8 तीनपहिया वाहन चालकों को मौके पर परमिट निर्गत किया गया, जबकि 21 अन्य वाहनों का परमिट निर्गत करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। कैंप का उद्घाटन सचिव हरिवंश पंडित ने किया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, मोटरयान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह एवं प्रदीप तिर्की उपस्थित रहे। अधिकारियों ने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे बिना विलंब अपने वाहन का परमिट बनवाएं और केवल परमिट प्राप्त वाहनों का ही परिचालन करें।

### आजीविका महिला संकुल का वार्षिक आमसभा समारोह आयोजित

# सखी मंडल से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं : पारस नाथ

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** जेएसएलपीएस के तत्त्वाधान में दक्षिणी भरनो आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा शनिवार को भरणो प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम जेएसएलपीएस मंसूर बस्त, प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, मुखिया रश्मि लकड़ा और बीपीएम नीलकंठ कच्छप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक स्वागत गीत, अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर किया गया। समारोह में प्रमुख पारस नाथ उरांव ने कहा कि सखी मंडल से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं, जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में भी सहायता मिल रही है।

बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला समूह से जुड़कर महिलाएं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही हैं। डीएम मंसूर बस्त ने बताया कि वे स्वयं भी महिला मंडल से जुड़ी हुई हैं और इससे महिलाओं में जागरूकता और स्वालंबन बढ़ा है। बीपीएम नीलकंठ कच्छप ने भी महिलाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसमें सत्र 2024-25 की कुल आय, व्यय और मुनाफा की जानकारी दी गई। साथ ही महिला समूह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीएम नीलकंठ कच्छप, मुखिया रश्मि लकड़ा, शिव कुमार केशरी, शाखा प्रबंधक नूर मनीषा मिंज, रंजीत करमाली, खुदीया उरांव, पंसस बिरसा उरांव, अजय बेहरा, गीता बरवार, मीना देवी, सपना देवी, अंजू देवी, संध्या कुमारी, रेशमी कुमारी और मोनिका कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।

### चैनपुर में अंचल दिवस कार्यक्रम में सुनी गयी लोगों की समस्याएं

# लाभुकों के बीच 35 परिसंपत्तियों व प्रशस्ति पत्रों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की पहल पर प्रत्येक शनिवार को विभिन्न प्रखंडों में नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे अंचल दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आज चैनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने की। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक,अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर पूर्णिमा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता,जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया मधुरा मिंज, अमिता केरकेट्टा सहित प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि के साथ साथ अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंचल दिवस में कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 73 आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि 64 आवेदनों को विस्तृत जांच हेतु संबंधित अधिकारियों के पास भेजा गया। उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय जनशिकायत निवारण दिवस से प्राप्त सभी 7 आवेदनों का भी तत्काल समाधान किया गया। भूमि सत्यापन प्रतिवेदन से संबंधित 8 आवेदनों का निपटारा मौके पर ही किया गया। नागरिकों की सुविधा हेतु ऑन द स्पॉट प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। इनमें 18 जाति प्रमाण पत्र, 16 आय प्रमाण पत्र, 12 आवासीय प्रमाण पत्र एवं 7 पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र शामिल रहे। भूमि विवाद के 15 मामलों में विस्तृत जांच उपरांत निर्णय लेने हेतु निर्देश दिए गए। पंजी-II सुधार के 40 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया तथा दाखिल-खारिज के 1 मामले का निस्तारण मौके पर ही किया गया। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा से संबंधित 4 आवेदन एवं राशन कार्ड से जुड़े 5 मामलों का भी तत्काल समाधान किया गया। अंचल दिवस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच कुल 35 परिसंपत्तियों एवं प्रशस्ति पत्रों का वितरण भी किया। इसमें दाखिल-खारिज, पेंशन प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता, आम बागवानी, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण से जुड़ी स्वीकृतियाँ शामिल रहीं।

## स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत की जयंती समारोह की तैयारियां जोर-शोर से



**बिशुनपुर (गुमला)।** शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत की जयंती समारोह की तैयारी बैठक स्मारक स्थल चिंगरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बलकु टाना भगत और जनार्दन भगत ने संयुक्त रूप से की। बैठक में बताया गया कि जयंती समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के महामहिम राज्यपाल होंगे। इसके अलावा आदिवासी समाज के उत्कृष्ट सामाजिक कार्य में लगे अगुवाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से स्थानीय और अन्य राज्यों से भी नामों की सूची तैयार की जा रही है। समारोह में झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार के रोहतासगढ़ से भी सामाजिक अगुवागण उपस्थित रहेंगे।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रलाय भारत सरकार द्वारा "आदि कर्मयोगी अभियान" के तहत आज घाघरा प्रखण्डों के सभागार में एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों दिनेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर कार्यरत सभी कर्मियों एवं फ्रंट लाइन वर्कर्स को प्रशिक्षित करना है। जिससे कि वह ग्राम स्तर पर योजना का सफल क्रियानव्यन कर सकें।

### पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक अपराध की हुई समीक्षा बैठक

# गुमला में समय-समय पर चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** आज पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार, चंदाली में किया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (चैनपुर/गुमला/बसिया), अंचल निरीक्षक (गुमला/बसिया/चैनपुर), पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, सभी थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत जिला सड़क सुरक्षा कोषांग द्वारा आई-डार और हिट एंड रन से संबंधित आंकड़ों की ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रविष्टियों की विस्तृत जानकारी से हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आई-आरएडी, ईआरएस और डायल 112 से संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। लंबित वारंट और कुर्की का निष्पादन किया जाएगा और ई-साक्ष्य ऐप से जुड़े कांडों की निगरानी की जाएगी। मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा अवैध उत्खनन, बालू और चिप्स तस्करी की पहचान कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत लंबित आवेदन पत्रों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा और जेल से जमानत पर छोड़े गए अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही डायन प्रथा और महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए प्रत्येक सप्ताह जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## आदि कर्मयोगी अभियान ब्लॉक वर्कशॉप

**बिशुनपुर (गुमला)।** शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ब्लॉक ओरियंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तर की टीमों और नागरिक समाज संगठनों को ग्राम कार्य पुस्तिका से जोड़ते हुए सामुदायिक भागीदारी को सशक्त बनाना था, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, पेयजल और स्वच्छता सहित अन्य क्षेत्रों में सतत और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने की।


**Office of District Education officer, Latehar**

**Request for Proposal (REP) Very short Tender**

| Sl. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Request for Proposal (RFP) for "Installation, Commissioning and Maintenance of STEM Labs" in selected govt. schools of Latehar district". |
| b. | Availability of RFP document at | Digital Copy from http://jharkhandtenders.gov.in |
| ` | Date of Issue of RFP | 30 / 08 /2025 |
| d. | Last Date for submission of Proposal | 10 / 09 /2025 at 05:00 PM |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 12 / 09 /2025 at 11.00 AM |
| f. | Date of opening of Financial Proposal | 12 / 09 /2025 |
| g. | Time allowed for completion | 60 days from the date of the work order. |
| h. | Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | INR 50,000/- (Rupees fifty thousand only) through http://jharkhandtenders.gov.in |
| i. | Tender Fee | Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) Non-refundable through http://jharkhandtenders.gov.in |
| L. | Method of Selection | Cost-Based Selection (CBS) Method; Stage 1: The eligibility criteria documents as per Annexure - A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid evaluation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The Rate quoted by the agencies should be valid for1 years. |

Note:
The District Education Office reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly. Proposals must be received no later than the time, and date mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline will not be considered. The District Education Office, Latehar reserves the right to cancel or change the tender without any prior notice/information.

District Education Officer
Latehar

PR 360844 (Human Resource Developement)25-26*D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1180 न0प0/दिनांक – 30/08/2025

4th Call

**आम–सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर परिषद्, बिश्रामपुर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित अर्बन आयुश्मान आरोग्य मंदिर के संचालन हेतु चिकित्सक का सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक 10.09.2025 को नगर परिशद्, बिश्रामपुर को पूर्वाह्ण 11:30 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 10.09.2025 को नगर परिषद्, बिश्रामपुर को पूर्वाह्ण 11:30 AM बजे को Walk in interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

प्रशासक
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 360838 District(25-26)D



**कार्यालयः– जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉची के राज्यादेश संख्या–42 दिनांक–13.08.2025 के आलोक में राज्य योजना **"उद्यान विकास की योजना"** अन्तर्गत उद्यानिकी फसलों के विकास के साथ–साथ कृषकों के आय में अधिक से अधिक वृद्धि लाने के उद्देश्य से योग्य कृषकों को अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न कार्य अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है, एवं वर्तमान मे लक्ष्य अप्राप्त है:–

उद्यान विकास की योजना

| क्र० | कार्य योजना अवयव | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण (संख्या में) | उम्र 20–40, मैट्रिक पास |
| 2 | मिर्चा की खेती (हेक्टेयर में) | अधिकतम अनुदान 40 प्रतिशत |
| 3 | ओल की खेती (हेक्टेयर में) | अधिकतम प्रति हे० सहायता अनुदान 40000 रू० |
| 4 | अदरख की खेती (हेक्टेयर में) | अधिकतम अनुदान 40 प्रतिशत |
| 5 | खुले वातावरण में फूलो की खेती (हे० में) (गेन्दा एवं ग्लेडियोलस) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 6 | संरक्षित फूलों की खेती (हे० में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 7 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमील) | |
| 8 | सब्जी की तकनीकी खेती हेतु प्रत्यक्षण ( प्रति इकाई हे०) | अधिकतम अनुदान 0.10 रूपये |
| 9 | मशरूम कीट वितरण सह 5 दिवसीय प्रशिक्षण (संख्या में) | |
| 10 | कीट रहित सब्जी उत्पादन (इकाई में) | अधिकतम अनुदान 75 प्रतिशत |
| 11 | टिशु कल्चर स्ट्राबेरी की खेती (हे० में) | |
| 12 | टिशु कल्चर केला की खेती (हे० में) | |
| 13 | पॉली हाउस का निर्माण (प्रति 500/1000 Sq.mt) | अधिकतम अनुदान 75 प्रतिशत |
| 14 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, फुल, फल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैंपलिंग नर्सरी) संख्या में | अधिकतम अनुदान 75 प्रतिशत |

योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह अपना आवेदन पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि/जिला परिषद् सदस्य से अनुशंसा कराकर आवश्यक कागजात यथा पहचान पत्र/आधार कार्ड/बैंक पासबुक विवरणी/मोबाईल न०/जमीन का रकबा/सब्जी का नाम/जमीन का खाता सं०/प्लॉट नम्बर के साथ पूर्ण विवरणी संलग्न करते हुए आवेदन पत्र दिनांक 15.09.2025 के संध्या 05:00 बजे तक जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार में जमा कर सकते है। लाभुक का चयन पहले आओ–पहले पाओं के आधार पर किया जाएगा।

अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगाः–

1. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कागजात के साथ होगा।
2. आवेदन की प्रति मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा अनुशंसित किया हुआ हो।
3. आवेदक द्वारा पूर्व के तीन वर्षों तक इस योजना कार्य अवयव का लाभ नहीं लिया हो।
4. आवेदक के पास प्रर्याप्त भूमि हो तथा सब्जी, फल, फूल आदि का खेती करते हों।
5. कृषक अंशदान की राशि व्यय करने को इच्छुक हो।
6. आवेदक द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित आवेदन ही स्वीकार्य होगा।
7. लाभुक के चयन में FPO/प्रगतिशील कृषकों/महिला स्वयं समूह/सिचाई सूविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
8. विशेष परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकृत करना या रद् करने का अधिकार जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के पास सुरक्षित रहेगा, जिसपर किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। योजना का विस्तृत जानकारी जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार से प्राप्त की जा सकती है। आवदेन का प्रारूप atmalatehar.in पर उपलब्ध है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लातेहार

PR 360801 Agriculture(25-26)#D

# पहली हरितालिका तीज की यादें तब और अब

आज संगिनी के 'दिल चाहता है' कालम को पढ़कर मुझे अपने विवाह के शुरुआती दिनों की याद ताजा हो आई.जब मैंने भी हरितालिका तीज का व्रत रखा था तब उसकी गहराई को नहीं समझ पाई थी, बस अच्छे कपडे ,गहने पहन कर भूखी रहना और पूजा के बाद एक एक मिनट घडी देखते गुजारना याद रह गया है.भोर की प्रतीक्षा इतनी आतुरता से तो कभी हाईस्कूल की परीक्षाओं में भी नहीं की थी. भोर होते ही जल्दी से नहा धो, दान की सामग्री को छूकर माँ के हाथों बनाये गए स्वादिष्ट भोजन को सबसे पहले खाकर एक लम्बे पर कठिन अनुष्ठान की समाप्ति पर राहत की सांस लेती स्मृतियों के झरोखे से झांकती वे यादें आज भी मन में स्नेह व् अनुराग की हिलोरें बन गुदगुदा जाती हैं. तब सोलह वर्ष की कच्ची उम्र और जिन्दगी की अनुभव हीनता ने प्रेम की परिपक्वता और निष्ठा के विषय में जाना ही क्या था?..पर पति के असीम स्नेह और प्रेरणा ने मेरे जीवन की राह सरल बना दी.अब मै बड़े ही स्नेहिल भाव से निष्ठां पूर्वक तीज व्रत करती हूँ,पूजा,व्रत, सुहाग -दान ,सभी बड़े नियम पूर्वक ,निपटाती हूँ.और माँ पार्वती की पूजा भी करती हूं।''देहि सौभाग्यंमारोग्यम देहि में परमम् सुखं, रूपं देहि, जयं देहि यशो देहि, द्विषो जहि'। भोर में सरगही खाकर प्रसाद बनाना, गुझिया ठेकुआ और फलों को धोकर साफ कर डलिया में सजाना सब बहुत ही अनुशासित और नियमानुसार करती हूं। तीज व्रत की कथा भी मैं ही सुनाती हूं सबको। भगवान शिव को वर रुप में प्राप्त करने के लिए देवी पार्वती का प्रेम की पराकाष्ठा तक समर्पित और साधनारत होना अभिभूत करता है। सच कहूँ तो इन छोटी छोटी खुशियों ने ही मेरे घरौंदे का निर्माण किया है, ..जीवन साथी का साथ गृहस्थी के ऊँचे नीचे रास्तों को आसान बना देता है। मेरी अल्पवय की अनुभवहीनता ने ऐसी कई हास्यास्पद स्थितियां उत्पन्न की हैं, कभी कच्चे चावल तो कभी जली सब्जी, विश्व के नक्शों की बेडौल रोटियाँ। इन सबको मेरे पति ने झेला है, और मेरी गलतियों को सुधारा भी है। आज मेरा दिल चाहता है कि ईश्वर मुझे जिन्दगी के इतने दिन तो अवश्य दे ताकि मैं अपने सुहाग की लालिमा में एक सूरज की तरह तप कर आजीवन उनके अधरों पर मुस्कान, खुशी की किरण बन खिलती रहूँ, उनके आंसुओं को मेरी पलकों से पनाह मिले.उसी तरह इस दिन हर सुहागन भगवान शिव और पार्वती से अपने पति की लम्बी उम्र की याचना करती है। हरितालिका व्रत न केवल आध्यात्म से जुडा है बल्कि आपसी संबंधों के सशक्त निर्वहन ,दाम्पत्य जीवन की मधुरता से भी जुडा है। वस्तुतः व्रत, तप, उपवास हमारी आत्मिक शुद्धि के लिए होते हैं,और हमें जुड़ कर सामाजिक समरसता का सन्देश भी देते हैं।



पद्मा मिश्रा

# दहेज! हमें नहीं चाहिए



स्मिता



सौम्या के माता-पिता संजय खुराना और नैना खुराना का स्वागत कपूर साहब और उनके परिवार ने बड़ी गर्मजोशी से किया। अंश कपूर ने कहा-"खुराना साहब, आपका बहुत स्वागत है।हम लोग मंगनी से शादी तक के सभी रस्मों और आयोजन स्थल पर बात कर लें। पंडित जी भी आते होंगे,तिथि भी तय हो जाए।"

"जी जी बिल्कुल कपूर साहब"- खुराना साहब मुस्कुरा दिए।

"मंगनी के लिए जगह सोच लिया क्या आपने?"- राशि कपूर ने बात आगे बढ़ाई।

"अभी कहां,हमने सोचा आज मिल ही रहे हैं मंगनी और शादी दोनों की जगह तय कर लेते हैं।"- खुराना साहब ने कहा।

"दोनों परिवारों की सहमति से जगह तय हो तो बढ़िया रहेगा।"-निशा खुराना बोल पड़ीं।

"मंगनी में तो हमारे तरफ से परिवार के लोग और कुछ खास दोस्त ही होंगे।क्यों ना रेडिशन ब्लू बुक कर लें? क्या कहते हैं खुराना साहब!"-कपूर साहब ने कहा।

"हां हां क्यों नहीं। मैं देख लेता हूं फिर।"- खुराना साहब ने कहा।

"शादी के लिए भी जगह सोच ही लेनी चाहिए हमें। आजकल बुकिंग बहुत मुश्किल होती जा रही है। अच्छी जगह पर बुकिंग बहुत जल्दी भर जाती है।"- राशि कपूर ने कहा।

"मंगनी में हमारे तरफ से 70 - 80 लोग होंगे। ठीक है ना खुराना साहब!"- खुराना साहब को देखते हुए कपूर साहब ने कहा।

"अरे बिल्कुल ठीक है 40 - 50 हमारे मेहमान होंगे। मैं उसी हिसाब से बात कर लेता हूं होटल में"-खुराना साहब ने कहा।

"शादी के लिए क्यों ना आप लोग हमारे शहर ही आएं"-निशा खुराना ने कहा।

"हमें तो कोई परेशानी नहीं।बस आप बच्चों से पूछ लें। आजकल के बच्चे डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए ज्यादा उत्सुक रहते हैं। हमें तो भाई बारात लेकर आना है। फिर चाहे आपके शहर आएं या फिर कहीं और। हमारे लिए तो एक ही बात है।"- कपूर साहब ने कहा।

"जैसी सभी की मर्जी। जगह कुछ सोचा है क्या?"- खुराना साहब ने पूछा।

"जयपुर या गोवा कैसा रहेगा?"-राशि का पूर्ण सलाह देते हुए पूछा।

"मेरे विचार से तो जयपुर ज्यादा सही रहेगा।आने जाने की सुविधा ज्यादा सही है। ट्रेन और हवाई जहाज की सुविधा भी है। साथ ही वहां पर काफी अच्छे होटल भी हैं। अगर आप लोग सहमत हों तो मैं होटल देख लेता हूं।"- खुराना साहब ने कहा।

"बढ़िया रहेगा। मुझे भी सही लग रहा है। है ना"कपूर साहब ने राशि कपूर की तरफ देखते हुए कहा।

राशि का पूर्ण सहमति में मुस्कुराते हुए अपना सर हिला दिया।

"ठीक है फिर मैं जयपुर का देख लेता हूं। कितने मेहमान आपके होंगे बता दीजिएगा ताकि मैं उसे हिसाब से कमरे और बाकी व्यवस्था देख लूं।"- खुराना साहब ने अपनी बात रखी।

"चलें बढ़िया। अब मंगनी और शादी की खरीदारी पर बात कर ली जाए। मंगनी की अंगूठी चलकर तनिष्क से हीरे की ले ली जाए तो कैसा रहेगा। मेरी बहू के लिए भी कुछ जेवर मैं ले लूंगी। बल्कि ऐसा करती हूं आपके यहां आ जाती हूं जल्दी ही।सौम्या के साथ ही उसके जेवर कपड़े ले लूंगी। आप भी बेटी दामाद के जेवर कपड़े ले लेना साथ ही शगुन की चीजें भी जरा देख लीजिएगा। वैसे तो हमें कुछ नहीं चाहिए लेकिन कुछ रस्म रिवाज तो होते ही हैं। रिश्तेदारों को कुछ कहने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। आप लोग समझ रहे हैं ना!"- राशि कपूर ने अपनी बात मुस्कुराते हुए कही।

खुराना पति पत्नी ने एक दूसरे को देखा। आंखों आंखों में ही मुस्कुरा दिए। जैसे कह रहे हों,देख लो!

खुराना साहब ने कहा,"बिल्कुल हम समझ रहे हैं समधन जी।"

आप बता दीजिएगा किस-किस को क्या शगुन देना है हमारी तरफ से। रोहन की खरीदारी हम भी उसकी पसंद से ही करवा देंगे। पहनना उसे है तो उसकी पसंद तो होनी ही चाहिए।"- नैना खुराना ने कहा।

"चलें फिर, सब तय हो ही गया। मेन्यु जब फाइनल कीजिएगा तब बात कर लीजिएगा एक बार। ठीक है ना? बैंड वाले से भी बात कर लीजिएगा।वहां होटल वाले बता देंगे। हम बाहर से आकर क्या-क्या करेंगे। आप ही देख लीजिएगा।"- कपूर साहब ने कहा।

"जरूर जरूर कपूर साहब। आप बस मंगनी और शादी में आने की तैयारी करें। हम लोग सारा इंतजाम करके रखेंगे। आपको शिकायत का कोई मौका नहीं देंगे।"खुराना साहब बोले।

"हमें पूरा भरोसा है आप पर। आप जो कुछ करेंगे अच्छा ही होगा। बस ऐसा है कि रिश्तेदारों को मौका ना मिले बोलने का। इसलिए ही इतना कुछ कहा।वैसे तो आप खुद समझदार हैं।"-कपूर साहब ने कहा। "सब कुछ तय हो गया अब तो।अब हमें इजाजत दीजिए।"- खुराना दंपति ने हाथ जोड़ खड़े होते हुए कहा।कपूर परिवार ने भी अभिवादन कर उन्हें विदा किया।

गाड़ी में बैठ थोड़ा आगे बढ़ने पर नैना खुराना ने पूछा,"कितने का बजट हो गया हमारा!" खुराना साहब ने कहा,"बजट तो बहुत बढ़ गया है। लेकिन चलो देखते हैं।" नैना खुराना ने कहा बिना दहेज वाली शादी इससे तो दहेज वाली शादी भली और दोनों हंस पड़े।

# अटूट-बंधन

सावित्री ने आईने में खुद को गौर से देखा—माथे पर लाल बिंदी, हाथों में काँच की चूड़ियाँ, पैरों में सुर्ख महावर, और सोलह श्रृंगार से सजी देह। आज उसका पहला हरितालिका तीज व्रत था। चेहरा मुस्कुराता हुआ, पर आँखों के भीतर कहीं एक महीन उदासी तैर रही थी। शादी को आठ महीने हुए थे। पति शहर में नौकरी करते थे, और दोनों साथ शायद ही कुछ दिन रह पाए थे। अकेलेपन के उन दिनों में माँ के शब्द अक्सर उसके कानों में गूँज उठते- "बिटिया, तीज का व्रत शिव–गौरा के प्रेम की तरह अटूट बंधन है। भूखे-प्यासे रहकर मन को दृढ़ करना होता है। तभी दाम्पत्य जीवन सच्चे सुख से भरता है।"



चारुमित्रा

सावित्री ने निर्जल व्रत रखा। पूरे दिन उसने जल तक ग्रहण नहीं किया। आँगन में औरतों के गीत गूँज रहे थे- "तीज माँहरिया, गौरा–शंकर जुगल जोड़ी..." संध्या ढलते ही उसने बालू से शिवलिंग बनाया, पेडुकिया और ठेकुआ चढ़ाया, फल और फूल अर्पित किए। दोनों हाथ जोड़कर बुदबुदाई- "हे भोलेनाथ! मेरी भी जोड़ी गौरा जैसी अटल रहे। दूरी कितनी भी हो, मन का बंधन कभी न टूटे।" रात्रि घिर आई। दिनभर का उपवास, थकान और प्रतीक्षा—सब मिलकर उसकी पलकों पर भारी हो चले थे। तभी मोबाइल की घंटी बजी। स्क्रीन पर पति का चेहरा झिलमिला उठा। "सावित्री... तुमने निर्जल व्रत किया है?" आवाज़ में चिंता और स्नेह घुला था। सावित्री की आँखें भर आईं। होठों पर धीमी मुस्कान उभरी। बाहर खिड़की से आती चाँदनी उसकी मुस्कान पर छिटक गई—जैसे व्रत का संकल्प, दूरी के बावजूद, प्रेम को और गहरा कर गया हो। उसने मन ही मन अनुभव किया- हरितालिका तीज केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाला एक अटूट–बंधन है।

# अपर लॉअर क्लास



अनामिका मिश्रा



तीज का त्योहार था। मीनू की ननद आयी हुई थी, मीनू हमेशा की तरह कामवाली की बेटी को मेहंदी लगाने के लिए बुलाती है।

तो उसकी ननद ने कहा,"इन लोगों से क्यों मेहंदी लगवाती हो? भाभी,...इन लोगों को तो आता भी नहीं होगा ढंग से मेहंदी लगाना....पार्लर से बुलाया करो ना ....इन छोटे लोगों से मेहंदी लगवाने का क्या मतलब!" मीनू ने मुस्कुराते हुए कहा,"आप यहां बैठो, आप भी लगवा लेना। मीनू मेहंदी लगवाते हुए, "शिखा पिछले बार तेरी सहेली आई थी मेहंदी लगाने,काफी दिनों से उसे देख नहीं रही हूं कहां है?"

शिखा- "उसकी शादी हो गई है!" मीनू ने कहा "अच्छा!" "इतनी जल्दी शादी, तुम लोगों में तो इतनी जल्दी शादी हो जाती है! अभी तो कोई उम्र नहीं थी,इससे अच्छा पढ़ाई लिखाई करती,अपने पैरों पर खड़ी होती!"

शिखा ने कहा- "वो अभी भी पढ़ रही है। "मीनू ने आश्चर्यचकित होते हुए कहा- "अच्छा तब उसकी सास और ससुराल वाले अच्छे होंगे।" शिखा ने हंसते हुए कहा -"सास जैसी भी हो,अगर पति साथ दे तो सब आसान हो जाता है।" मीनू ने कहा,"अच्छा तभी वो इच्छाओं को पूरा कर रही है!" शिखा ने कहा- हां मैंम,अगर ससुराल में सिर्फ पति का ही सपोर्ट रहे,एक स्त्री के लिए उतना ही काफी है, फिर कोई भी परिस्थिति बोझ नहीं लगती और कितनी भी आंधी चले उससे कोई फर्क नहीं पड़ता,उसने तो जॉब के लिए भी अप्लाई कर दिया है।

मीनू ने तिरछी नजर से ननद की ओर देखते हुए कहा- "सही कह रही हो,उसका पति काफी समझदार है और वो अपनी पत्नी का सहयोग कर रहा है, जो उसका कर्तव्य है,पर जो पति ऐसा नहीं करते हैं....इसी वजह से कितने घर टूट भी जाते हैं, सच में अप्पर ओर लोअर क्लास नहीं होता.....सोच का अंतर होता है और तुम्हारी सहेली के पति की सोच बहुत अच्छी है जो.... अपर क्लास वाले को भी मात देती है!"

# खांसी

"कृपया आप बच्ची को मेरे पास से ले जाएं। मैंने दूध पिला दिया है।" रानी के बोलने पर नर्स ने बच्ची को अपने गोद में ले लिया। आठवें महीने के गर्भ से हीं रानी को जुकाम था जो अभी तक है और जब भी खांसती है, उसे स्टिचेस वाले स्थान पर असहनीय पीड़ा होती है। रानी ने डर से अपने मन में सोचते हुए निश्चय किया कि नवजात बच्ची को अपने से दूर रखेगी तभी उसकी बच्ची सुरक्षित रह पाएगी। वह सोच हीं रही थी कि नर्स बच्ची के साथ वापस आ गई।



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

"मैडम, बच्ची रो रही है आप इसे थोड़ी देर अपने पास रख लें।" बेटी को लेने के लिए ममतामयी हाथ रानी के आगे बढ़े लेकिन झटके से हृदय कठोर कर हाथों को रोककर कहा- "उसे झूला में सुला दीजिए।" तभी नर्स रानी से पूछी- "क्या आपकी इसके पहले भी कोई संतान है?" रानी हाँ में सिर हिला दी। "क्या वह भी बेटी है?" "हाँ, इसके पहले भी बेटी है।" नर्स बच्ची को वापस ले जाते हुए कही- "तभी तो...." उसके शब्दों नें रानी के हदय पर वार किया। यह सोच पर उसे रोना और गुस्सा दोनों आया और वह चीख कर नर्स को रोकना और डांटना चाहती थी लेकिन बहुत जोर-जोर से खांसने लगी।

## काव्य कोना

### बीतते पल

गिनती उम्र की चल रही थी
शुरुआत का पता ही न चला
भीड़ के बीच यूं भी अकेला
गुज़रते कारवां को देखा किया।
अनुभव के दौर में लगा था
दहलीज को देखा किए
तपिश बुझाने को बरसात में खड़ा
हाय, बूंदों को गिरते देखा किए।
सुना शोर बहुत था जंगल में
परिंदे तक नहीं दिखे वहां
सन्नाटे में घिर गया जब
गुज़रते वक्त की थाप देर तक सुनाई दी।

नाग मणि

# भूख और भोज



मंजुला शरण 'मनु'



पांच किलो मीटर की थका देने वाली पैदल यात्रा से थके दोनों छोटे बच्चों ने पूछा, माँ और कब तक चलना होगा? बिरसी बोली, बस और कुछ देर में, पहुँच जाएंगे। बिरसी के बेटे ने रो कर कहा भूख लग रही है माँ तू यहीं पर खाना ला दे न। बिरसी ने पानी की बोतल से बेटे को पानी पिलाते हुए कहा , खाना तो वहीं जाने पर मिलेगा ।वहाँ चल कर तुम जी भर कर, जितना दिल चाहे खा लेना। बच्चे ने होंठों पर जीभ फेर कर अविश्वास से पूछा, क्या सच में वहाँ जितना मन उतना खाने को मिलेगा? बिरसी की बेटी भाई से बड़ी होने और माँ के काम में हाथ बँटाने के कारण, अपनी उम्र से खुद को बड़ा समझती थी, उसने भी आश्चर्य से पूछा क्या सच में? अपने भाई का हाथ पकड़ कर उसने माँ से कहा, चलो फिर जल्दी नहीं तो सारा खाना खतम हो जाएगा।

माँ बच्चों के आपसी संवाद में कब उनका गंतव्य सामने आ गया, उन्हें पता भी नहीं चला। भोज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए वहाँ बहुत सारे कार्यकर्ता लगे हुए थे , वे सभी को लाइन में लगा रहे थे। भोजन के लिए लंबी लाइन देख कर बिरसी मन ही मन सोचने लगी, सुबह की जरा सी मूढ़ी खा कर बच्चे घर से निकले हैं अब शाम होने को आई है। इतनी लंबी लाइन से तो खान पाने में रात होने लगेगी। कार्यकर्ता की बढ़ो-बढ़ो आवाज से बिरसी सजग हो गई। उसने अपने दोनों बच्चों का हाथ कस कर पकड़ा और लंबी लाइन में सरकते हुए आगे बढ़ने लगी । बच्चों की कौन कहे बिरसी भूख से खुद निढाल हुई जा रही थी।

खैर आखिर बिरसी अपने बच्चों के साथ भोजन की जगह पहुँचने में कामयाब हो ही गई। विभिन्न प्रकार के भोजन और ऊपर तक भरी प्लेट ले कर बिरसी बिन खाए ही तृप्त हो गई। अपने बच्चों को ले कर वह सावधानी के साथ मेज की ओर बढ़ने लगी। भोजन का एक भी कण न गिरे, इसकी चिंता में मेज की दूरी घर से पाँच कि. मी . की दूरी से भी ज्यादा लग रही थी। मेज पर जगह मिलते ही बच्चे बेसब्री से खाने पर टूट पड़े । बिरसी अपने बच्चों से कुछ कहती उस से पहले ही देखा कि उसके आस-पास हर किसी का वही हाल था। हर किसी की प्लेट में जरूरत से भी अधिक भोजन था और सभी चाह रहे थे, आज इतना खा लूँ कि कई दिन फिर भूख न लगे। बिरसी सोचने लगी काश ! मालूम होता एक साथ इतना खाने के लिए मिलेगा तो घर से बर्तन जरूर ले आती।

बच्चे अपनी भूख भर खा चुके तो, बच्चों की प्लेट में बचा खाना देख कर बिरसी का दिल कराह उठा, मेरे भूखे बच्चों ने कभी पेट भर खाया नहीं, आज उनकी प्लेट में इतना खाना छूट रहा है और मैं इसे कल के लिए बचा कर रख भी नहीं पा रही हूँ। बिरसी भी अपनी प्लेट में अन्न का एक दाना तक नहीं छोड़ना चाहती थी लेकिन, फिर भी पूरा नहीं खा सकी। बिरसी की आँखों से न चाहते हुए भी आँसू गिरने लगे। एक कार्यकर्ता ने देखा तो तुरंत आ कर कहा, अरे ! जितना खाना हो, और जा कर ले लो, कोई रोक नहीं है। बिरसी बोली नहीं भईया,खाना पूरा खतम नहीं हो सका इस लिए आँखों में आँसू आ गए। कार्यकर्ता एक फीकी सी हंसी बिखेर कर वहाँ से चला गया। बिरसी ने भोजन को प्रणाम किया और हाथ धोने के बाद बच्चों का हाथ थाम कर अपने गाँव के लोगों के काफिले में शामिल हो कर घर के लिए चल पड़ी। उसने देखा कुछ औरतें अपने कपड़ों में छुपा कर पालिथीन की थैलियों में भर कर खाना लिए चल रही हैं। बिरसी सोचने लगी, पालिथीन की थैलियाँ इस्तेमाल करना मना है, फिर भी ये लोग ले आए?

रास्ते में बिरसी की बेटी ने पूछा , माँ ये किसकी शादी थी, बिरसी बोली ये शादी नहीं , मरत्युभोज था बड़ी मालकिन का। बिरसी की बेटी ने सवाल किया, मरने का भोज? तो फिर हमारी आजी के मरने पर क्यों नहीं भोज हुआ? बिरसी ने कहा हम गरीब भूखे मरते हैं , इस लिए नहीं होता है। बिरसी की बेटी बोली ये लोग क्या बहुत ज्यादा खाते हैं? इनके यहाँ फिर कोई मरेगा, तो मैं भी पॉलिथीन की थैली ले आऊँगी। बिरसी ने अपनी बेटी को आँखें दिखा कर कहा-- नहीं। अच्छा खान खाने के लिए किसी की मौत मनाना बहुत बुरी बात है। अब से कभी किसी के लिए ऐसा नहीं बोलना। बच्ची ने कहा फिर अच्छा खाना कैसे मिलेगा? बिरसी समझ नहीं पा रही थी कि इसका क्या जवाब दे।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## बनाओ, कागज की इक नाव

बनाओ कागज की इक नाव,
मजे लेकर तैराओ।
मेघों ने जल बरसाए हैं,
रात गरजकर खूब,
क्षिति पर
इंद्रधनुष अब
बिहंसा,
खेत गए हैं डूब।
चलो, अब
छोड़ो घर की
ठाँव,
बनाओ कागज
की इक नाव,
मजे लेकर तैराओ।
तनिक थमी मेंढक की टर-टर,
झींगुर भी हैं शांत,
निशि-भर गाकर गीत पपीहे,
प्रातः में विश्रांत।
चलो, मेड़ों पर धर दो पांव,
लगाओ नौका पर अब दांव,
मजे लेकर तैराओ।
बावड़ियां, सरि, ताल-तलैया,
उमड़े सारी रात,
उछल-उछल चपला चमकी है,
तम को दे आघात।
चलो, छोड़ो मां-आंचल-छांव,
बनाओ कागज की इक नाव,
मजे लेकर तैराओ।
निकली है बच्चों की टोली,
सूरत सुंदर, भोली-भोली,
बिन मांझी, पतवार-बिना ही,
देख सुनहरे स्वप्न-रंगोली।
चलो, पढ़ लो मन के मृदु भाव,
उतारो धनखेतों में नाव,
मजे लेकर तैराओ।
पावस में भीगा मन-बचपन,
भीगी है हर बात,
शहरों का यह बेगानापन,
चुभता है दिन-रात।
चलो, वापस बचपन के गांव,
बना लो फिर कागज के नाव,
मजे लेकर तैराओ।



मनोज कुमार झा 'मनु'

# यू नॉटी मॉनसून



पढ़ा था पहले कि "बिन पानी सब सून" है मगर अभी तो बिल्कुल उल्टी गंगा बह रही है वो भी फुल वॉल्यूम में। हां जी, सही बोल रहा हूँ। जिधर नजर डालिए उधर पानी ही पानी है। काहें इतना ओवर टाइम कर रहे हैं प्रभु? सारा स्टॉक इसी साल क्लीयर कर दीजियेगा क्या? रखिए कुछ अगले बरस के लिए भी। हमको बुझा रहा है कि भुवन के आर्तनाद को सीरियस ले लिए हैं आप? वैसे भी आपके यहाँ देर है, अंधेर नहीं! सरकार के परिवहन मंत्रालय से अनुरोध करूंगा कि जनहित में "काले मेघा, काले मेघा, पानी तो बरसा" गाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करें वरना कई पुलों, फ्लाईओवरों और सड़कों की पोल खुल जायेगी।।



मनीष सिंह वंदन

आजकल मॉनसून इस कदर खुमारी में है
पूरा भारत 'चेरापूंजी' होने की तैयारी में है।।

पानी, पानी, पानी। ऐसा थोड़े ना होता है? नदी, तालाब, नाली, नाला सब ओवरफ्लो हो रहा है। का फायदा ऐसे पानी का? शास्त्रों के अनुसार पानी संचय का चीज है मगर यहां का बटोरें, का सहेजें सब बहता जा रहा है। आपकी वजह से नगर निगम वालों को मोहल्ले की साफ-सफाई का काम अब करना ही पड़ रहा है। काम के प्रति उनका समर्पण देखकर मुझको आपके उपर बहुत गुस्सा आ रहा है। देख लेना, उनकी हाय पड़ेगी आपको। जलजमाव से रोड़ में गड्ढे हैं या गड्ढों में रोड है, खोजबीन के लिए 'सीआईआई' को टेंडर जारी होगा। वैसे ही वोट चोरी के काले बादल छाए हुए हैं, ज्यादा बरसोगे तो सीमेंट चोरी का नया एपिसोड शुरू हो जाएगा। फिर सारे ठेकेदार लठ्ठ लेकर तुम्हारे पीछे पड़ जायेंगे।।

पार्षद, विधायक, कलेक्टर, सांसद जी जैसे खास को भी ऐसे मौसम में घर से निकलना पड़ रहा है अपने क्षेत्र का मुआयना करने । बताइए ये कोई बात हुआ जी? उनका भी घर परिवार है, अपना एसी-डीसी रूम में बैठकर चाय के साथ पनीर का पकौड़ा खाते, टीवी देखते हुए इसको-उसको गरियाते, पूरा मूड़ फ्रेश रहता लेकिन यहां आम की असीम सेवा भावना दिल में लिए हुए पब्लिक का गाली खाना पड़ रहा है। ऐसे नहीं चलता गुरु, सिस्टम से आइए आप, नहीं तो केस-मुकदमा के लिए तैयार रहिए। बहुत वकील लोग खलिहर है इधर। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री जी का बात अलग है, उ लोगन के पास महंगा वाला हेलीकॉप्टर है। चाय पीते-पीते एक राउंड टहल आते हैं पूरा जिला।। आप इतना रुड कैसे हो सकते हो, सैकड़ों सालों से बरस रहे हो इसलिए क्या? सरकार बदल चुकी है, थोड़ा तो तेवर ढीला करो भाई। अब यह आरक्षण वाला भारत है, आप सबको एक बराबर बरसात का पानी नहीं दे सकते, विपक्ष धरने पर बैठ जाएगा। दया, पता लगाओ कहीं हवाला के जरिए विदेशी मुद्रा का आगमन तो नहीं हो रहा इस बरसात के बहाने? एआई का जमाना है, कुछ भी हो सकता है? कुछ लोग कह रहे हैं कि मस्त मौसम है चाय की चुस्की लीजिए काहें कोस रहे हैं इंद्र देव को? वैसे लोगों को बता दूँ कि मेरे जैसा आम पब्लिक अब (G : जी S : हां : चाय (GST)) से डरने लगा है। इसलिए चाय की चुस्की भी हिसाब से ही ले पाता है अन्यथा उसके घर का जीडीपी क्रैश कर जाने का भय बन जाता है। क्रेजी कर रखा है बारिश ने, ना कपड़े सूख पा रहे हैं ठीक से ना ही जूते और हेलमेट! उधर सब्जी मार्केट वाले ट्रंप अंकल के टैरिफ रूल को ईमानदारी से फॉलो करने में लग गए हैं। आदमी जाए तो जाए कहां??

कहीं ऑसू टपक रहे हैं तो कहीं छत
माफ करो मॉनसून, कह रहा जनमत।।
इसलिए रेन-रेन गो अवे, कम अगेन अनदर डे!!

## बरसात की एक रात

वो थी बरसात की एक रात,
आकाश में मेघों का आच्छादन,
और हवाओं की सनन सनन,
कड़क रही थी बिजलियाँ,
और उसका नभ में नृत्तन।
था हाथों में तेरा हाथ,
वो थी बरसात की एक
रात।
हो गई थी तेज धड़कन,
दूर पेड़ों पर जुगनूओं की
जमघट ,
वे बुझ रहे थे फिर जलन,
कह न पाती थी दिल
की बात,
वो थी बरसात की एक रात।
सड़कों पर लोगों का आना-जाना,
क्षण भर रुक कर यों देखना।
फिर हमारा, संभल कर बैठना,
आगामी जीवन के लिए सपना बुनना,
कंधे पर सिर रखना,
फिसल रही थी हमारी जज्बात।
वो थी बरसात की एक रात।



डॉ0 गीता सिन्हा गीतांजलि

## आज का दोहा

स्वानों से हारा बहुत, अब की नगर समाज।
दरबारों का क्या जहां उनका ही सम्राज।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केंद्रीय गृह मंत्री ने मुंबई गणेशोत्सव में लिया हिस्सा




**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुंबई दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने परिवार के साथ अलग-अलग जगहों पर गणेशोत्सव में हिस्सा लिया। वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के घर गए, जहां श्री गणेश जी का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद अमित शाह ने परिवार के साथ प्रसिद्ध लालबागचा राजा के दर्शन किए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सरकारी आवास 'वर्षा' पर गृह मंत्री अमित शाह के आगमन पर स्वागत किया। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी थे। इसके बाद अमित शाह ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर स्थापित गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "हमारे नेता केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह व इनके परिवारजनों ने गणेशोत्सव के अवसर पर मुंबई स्थित मेरे सरकारी आवास 'वर्षा' पर भेंट दी, इस दौरान उनका हार्दिक स्वागत किया।"इसके बाद, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लिखा, "शनिवार को गणेश उत्सव के लिए मुंबई प्रवास पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालबागचा राजा गणेशोत्सव मंडल के श्री गणेश के भावपूर्ण दर्शन किए।

### जय शाह समेत परिवार ने किए बप्पा के दर्शन

अमित शाह लालबागचा राजा गणेशोत्सव मंडल गए, जहां श्री गणेश के दर्शन किए। मंडल की ओर से उनका स्वागत शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया। अमित शाह ने अपने बेटे जय शाह और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ लालबागचा राजा मंडल में भगवान गणेश का दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत महाराष्ट्र सरकार के अन्य मंत्री मौजूद रहे। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "हर साल की तरह इस साल भी हमारे नेता गृह अमित शाह व इनके परिवारजनों के साथ लालबाग के राजा के भक्तिमय दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर लालबाग के बाप्पा के चरणों में जनसेवा के लिए प्रार्थना की।

**पाकिस्तान और चीन सीमा पर सुरक्षा को सुदृढ़ करने की योजना**

# चीन व पाकिस्तान बॉर्डर पर 'भैरव' कमांडो बटालियन की तैनाती होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का सुरक्षा परिदृश्य लगातार जटिल होता जा रहा है। एक ओर चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के साथ सीमा पर दबाव बनाए हुए है, तो दूसरी ओर पाकिस्तान छद्म युद्ध और आतंकवाद के ज़रिए भारत को अस्थिर करने की कोशिश करता रहता है। ऐसे समय में भारतीय सेना का 'भैरव कमांडो' बल का गठन करना एक निर्णायक कदम है। खास बात यह है कि इसी साल 31 अक्टूबर तक भैरव बटालियन चीन और पाकिस्तानी सीमा पर तैनात भी हो जायेंगी। हम आपको बता दें कि ये नई इकाइयाँ आकार में छोटी लेकिन युद्धक क्षमता में कहीं अधिक घातक होंगी। गति, लचीलापन और सटीक प्रहार इनकी पहचान होगी। अत्याधुनिक हथियारों, ड्रोन और हाई-टेक गैजेट्स से लैस 'भैरव' कमांडो पल भर में दुश्मन को चौंकाकर उसकी रणनीति ध्वस्त कर देंगे। इससे न केवल सेना की सामरिक शक्ति बढ़ेगी बल्कि स्पेशल फ़ोर्सेस को भी अपने गुप्त अभियानों पर पूरी तरह केंद्रित रहने का अवसर मिलेगा। देखा जाये तो भारतीय सेना का इतिहास शौर्य और बलिदान से भरा है। कारगिल युद्ध से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक तक, हमारे सैनिकों ने यह साबित किया है कि वे हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। कठिन पहाड़ों, बर्फ़ीली चोटियों, रेगिस्तानों और घने जंगलों में भारतीय सैनिकों का पराक्रम दुश्मनों के लिए हमेशा चुनौती रहा है। ऐसे में 'भैरव' कमांडो का गठन इस गौरवशाली परंपरा में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ देगा। यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि भारत केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि प्रहारक क्षमता को भी बराबर महत्व देता है। सीमा पर बढ़ते खतरों के बीच यह नई शक्ति दुश्मनों के लिए भय और देशवासियों के लिए गर्व का कारण बनेगी।हम आपको बता दें कि सेना अब पाँच नई 'भैरव' लाइट कमांडो बटालियन खड़ी कर रही है, जिनमें प्रत्येक में 250 विशेष रूप से प्रशिक्षित और अत्याधुनिक हथियारों से लैस जवान होंगे। इन इकाइयों का उद्देश्य पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर तेज़ और निर्णायक कार्रवाई करने की क्षमता को बढ़ाना है।



### भारत की सैन्य शक्ति को नया आयाम 'भैरव' और नई इकाइयां

हम आपको याद दिला दें कि सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने हाल ही में ऐलान किया था कि 'भैरव' बटालियनों के अलावा 'रुद्र' ऑल-आर्म्स ब्रिगेड, 'शक्तिबान' आर्टिलरी रेजीमेंट और 'दिव्यास्त्र' निगरानी व लूटेरिंग म्यूनिशन बैटरियां भी बनाई जाएंगी। साथ ही अब हर पैदल सेना बटालियन में समर्पित ड्रोन प्लाटून होगी। इसके समानांतर त्रि-सेवा विशेष बलों (Special Forces) के लिए नई संयुक्त सिद्धांत (Joint Doctrine) भी जारी की गई है। वर्तमान में वायुसेना के पास 1,600 'गरुड़' कमांडो और नौसेना के पास 1,400 से अधिक मरीन कमांडो (मार्कोस) हैं। बहरहाल, 'भैरव' बटालियन भारतीय सेना की रणनीतिक सोच में एक महत्वपूर्ण विकास है। इनका गठन दर्शाता है कि भविष्य के युद्ध केवल भारी संख्या पर नहीं, बल्कि गति, तकनीक और सटीक हमलों पर आधारित होंगे। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर यह नई पहल भारत की सुरक्षा को और मजबूत करेगी तथा स्पेशल फ़ोर्सेस को उनके वास्तविक मिशनों पर केंद्रित रहने का अवसर देगी।

### क्यों ज़रूरी हैं 'भैरव' कमांडो?

हम आपको बता दें कि भारत के पास पहले से ही 10 पैरा स्पेशल फ़ोर्सेस और पाँच पैरा (एयरबॉर्न) बटालियन मौजूद हैं, जिनकी भूमिका शत्रु क्षेत्र में गुप्त और जोखिमभरे मिशनों को अंजाम देना है। लेकिन समय के साथ यह देखा गया कि इन उच्च स्तरीय इकाइयों को कई बार छोटे-छोटे सामरिक अभियानों में भी झोंक दिया जाता है। ऐसे में स्पेशल फ़ोर्सेस की मुख्य भूमिका प्रभावित होती है। 'भैरव' बटालियन इस अंतर को भरेंगी—ये सामान्य पैदल सेना और स्पेशल फ़ोर्सेस के बीच की कड़ी बनेंगी। इससे स्पेशल फ़ोर्सेस अपने असली रणनीतिक और गुप्त अभियानों पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगी।

### तैनाती और संरचना

हम आपको बता दें कि पहली पाँच 'भैरव' इकाइयों में से तीन, जम्मू-कश्मीर में सेना की उत्तरी कमान के अधीन होंगी। इनमें एक 14 कोर (लेह), एक 15 कोर (श्रीनगर), एक 16 कोर (नागरोटा) और चौथी इकाई पश्चिमी सेक्टर के रेगिस्तानी इलाके में और पाँचवीं पूर्वी सेक्टर के पहाड़ी इलाके में तैनात होगी। हम आपको बता दें कि 11.5 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना में पहले से 415 पैदल सेना बटालियन हैं (प्रत्येक में लगभग 800 जवान)। इन्हीं से चुन-चुनकर 'भैरव' कमांडो तैयार किए जाएंगे। यह "सेव एंड रेज़" कांसेप्ट है, यानी नई भर्ती किए बिना, मौजूदा संसाधनों का पुनर्गठन।

### युद्धक विशेषताएं

यह आकार में छोटी और फुर्तीली होगी, अत्याधुनिक हथियार, गैजेट्स और ड्रोन से लैस होगी। गति, लचीलापन और हाई-इम्पैक्ट ऑपरेशन्स के लिए इसे डिज़ाइन किया जायेगा। इसमें प्रत्येक इकाई में 7-8 अधिकारी होंगे। इनकी ट्रेनिंग दो से तीन महीने अपने-अपने रेजिमेंटल केंद्रों पर होगी और उसके बाद एक महीने तक स्पेशल फ़ोर्सेस इकाइयों के साथ एडवांस प्रशिक्षण मिलेगा।

## दुनिया में स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं सिर्फ स्थायी हित : राजनाथ सिंह

**अमेरिकी दबाव पर बेबाक जवाब, भारत रहेगा अडिग**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि दुनिया में कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, बल्कि स्थायी हित होते हैं। यह बात उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका तनाव और हाल के महीनों में चीन के साथ सुधरते संबंधों के बीच कही। ट्रंप द्वारा नई दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाने का स्पष्ट संदर्भ देते हुए, राजनाथ ने कहा कि भारत की नीति, रणनीति और आत्मनिर्भरता अडिग रहेगी और देश किसी भी वैश्विक दबाव के बावजूद और भी मज़बूती से उभरता रहेगा। राजनाथ ने ज़ोर देकर कहा कि भारत के किसानों और छोटे व्यापारियों के हित नरेंद्र मोदी सरकार के लिए सर्वोपरि हैं और सरकार इस पर कोई समझौता नहीं करेगी। एनडीटीवी डिफेंस समिट 2025 को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, केवल स्थायी हित होते हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता। हमारे किसानों और उद्यमियों का हित हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता। हम किसी भी कीमत पर अपने देश के कल्याण से समझौता नहीं कर सकते। चाहे कितना भी दबाव क्यों न डाला जाए, भारत अपने किसानों, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों, पशुपालकों और आम नागरिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, "हम सभी भूगोल में पढ़ते हैं कि जितना ज़्यादा दबाव डाला जाता है, चट्टान उतनी ही मज़बूत होती जाती है। मुझे लगता है कि भारत पर जितना ज़्यादा दबाव डाला जाएगा, वह उतनी ही मज़बूत चट्टान बनकर उभरेगा।" प्रधानमंत्री मोदी के बाद, वह सरकार में दूसरे मंत्री हैं जिन्होंने एक हफ़्ते के भीतर सार्वजनिक मंच पर दबाव के बारे में बात की है। हालाँकि, उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना, बल्कि स्पष्ट रूप से अमेरिका का ज़िक्र किया। राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, हमारी सरकार का हमेशा से यही मानना रहा है, कि आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से ही हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को मज़बूत रख सकते हैं।

### 2007 में बलात्कार और हत्या के मामले में फरार आरोपी को बिहार से गिरफ्तार

**बिहार।** पुलिस ने 2007 में छह साल की बच्ची से बलात्कार और हत्या के मामले में फरार एक व्यक्ति को बिहार से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पटना निवासी संजय उर्फ सुजॉय (40) नामक आरोपी को अक्टूबर 2007 में कापसहेड़ा में किए गए अपराध के लिए 2010 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2014 में उसकी दोषसिद्धि बरकरार रखी थी। जून 2021 में उसे परोल पर रिहा कर दिया गया और वह फिर कभी जेल नहीं लौटा। पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को चकमा देने के लिए उसने अपना नाम संजय से बदलकर सुजॉय रख लिया और बिहार में अपने ठिकाने बदलता रहा। डीसीपी ने कहा, इस अवधि के दौरान, उसने कथित तौर पर अपना आपराधिक व्यवहार जारी रखा। 2021 में, वह पटना में एक पड़ोसी के घर में घुस गया और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के इरादे से उन पर हमला किया।

## सेवानिवृत्त न्यायाधीशों का व्यवहार पक्षपात भरा : रिजिजू

**शाह के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान पर रिजिजू का वार**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को उन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की आलोचना की जिन्होंने 2011 के सलवा जुडूम फैसले को लेकर विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर आपत्ति जताई थी। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए, रिजिजू ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों पर गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ "हस्ताक्षर अभियान" चलाने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया चल रही है। कुछ दिन पहले, कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने एक हस्ताक्षर अभियान चलाया और गृह मंत्री के खिलाफ टिप्पणियां कीं। उन्होंने गृह मंत्री के खिलाफ लिखा है। यह सही नहीं है... यह उपराष्ट्रपति का चुनाव है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश इसमें क्यों पड़ना चाहते हैं? इससे ऐसा लगता है कि जब वे (कार्यरत) न्यायाधीश थे, तो उनकी विचारधारा अलग रही होगी। अन्यथा, गृह मंत्री के खिलाफ पत्र लिखना और हस्ताक्षर अभियान चलाना सही नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कथित वामपंथी समर्थक को अपना उम्मीदवार बनाने के लिए विपक्ष की आलोचना के बाद, सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी के समर्थन में आए।

### उत्तर प्रदेश के भदोही में अशिक्षित व्यक्ति का एटीएम कार्ड जारी खाते से पैसे उड़ाए

**भदोही।** भदोही में जालसाजी का एक अनोखा मामला सामने आया है जिसमें एक अशिक्षित ग्रामीण व्यक्ति के बैंक से एटीएम कार्ड जारी कराने के बाद आरोपियों ने उसके खाते से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने बताया कि इस मामले में शुक्रवार को सुरवाया थाने में पीड़ित हरिहर चौहान की शिकायत पर आरोपियों चित्रांश चौरसिया और दीपक सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय सहिंता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चौहान का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है, जिसमें उसने दो लाख रुपये जमा कर रखे थे। श्रीवास्तव ने कहा कि पढ़ा लिखा नहीं होने के कारण हरिहर ने कभी एटीएम कार्ड के लिए आवेदन नहीं किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

### वैष्णो देवी यात्रा 5वें दिन भी निलंबित, दर्शन को तरस रहे हजारों भक्त

**जम्मू-कश्मीर।** में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद वैष्णो देवी यात्रा शनिवार को लगातार पाँचवें दिन स्थगित रही। भारत के अन्य हिस्सों से आए कई भक्त अभी भी कटरा में रुके हुए हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि यात्रा जल्द ही फिर से शुरू होगी और वे दर्शन कर पाएँगे। सरोज सिंह नाम की एक भक्त ने एएनआई को बताया कि मुझे माता के दर्शन करने की उम्मीद थी, लेकिन मैं निराश हो रही हूँ। मुझे उम्मीद है कि वह मेरी प्रार्थना सुनेंगी और मैं दर्शन कर पाऊँगी। मैं 2 से 4 दिन और रुकूँगी। जब तक मैं दर्शन नहीं कर लेती, मैं नहीं जाऊँगी। मुझे बहुत उम्मीद है, मैं यहाँ पहली बार आई हूँ।रमेश शर्मा नाम के एक अन्य श्रद्धालु ने एएनआई को बताया कि मैं हर साल यहाँ आता हूं।

### उमा भारती का दो टूक, पाक की वापसी से ही भारत का मकसद पूरा

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर को वापस लेना देश में हर किसी के मन में है और जब यह हो जाएगा, तो हमारा उद्देश्य पूरा हो जाएगा। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को प्रायोजित करने से उसका पतन होगा। ऑपरेशन सिंदूर और कुछ लोगों द्वारा सवाल उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर, उमा भारती ने कहा कि वह ऐसी टिप्पणियों का जवाब नहीं देना चाहतीं। उन्होंने कहा कि जो लोग सवाल उठाते हैं, वे देश को बदनाम करते हैं, राष्ट्रीय गौरव की समझ नहीं रखते और राजनीति में रहने के लायक नहीं हैं।उमा भारती ने कहा कि हमारा अंतिम लक्ष्य पीओके को पुनः प्राप्त करना है। पीओके वापस लेते ही हमारा उद्देश्य पूरा हो जाएगा... मैं उन लोगों को जवाब नहीं देना चाहता जो भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता पर सवाल उठा रहे हैं।

## जगदीप धनखड़ को राजस्थान विस से पूर्व विधायक पेंशन मिलेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान विधानसभा के पूर्व सदस्य के रूप में पेंशन के लिए आवेदन किया है। विधानसभा सचिवालय ने उनके आवेदन को मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। धनखड़, जिन्होंने हाल ही में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया है, इससे पहले राजस्थान से विधायक रह चुके हैं। धनखड़ 1993 में कांग्रेस के टिकट पर अजमेर जिले के किशनगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से 10वीं राजस्थान विधानसभा के लिए चुने गए थे। विधायक के रूप में उनका कार्यकाल 1998 तक रहा। इस अवधि के दौरान, उन्होंने 1994 से 1997 तक विधानसभा की नियम समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। नियमों के अनुसार, राजस्थान में प्रत्येक पूर्व विधायक 35,000 रुपये मासिक पेंशन पाने का हकदार है। इसके अलावा, आयु-आधारित वृद्धि का भी प्रावधान है। 70 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व विधायक 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन के पात्र हैं, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के विधायकों को 30 प्रतिशत की वृद्धि मिलती है।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 17/2025-26

पत्रांक– 650 लातेहार/दिनांक–29.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | लाटो नदी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–महुआडाड़, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 76.068 (लाख में) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक ) |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक )e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 360804 Water Resource(25-26)#D


### अवैध विस्फोटक के भीषण विस्फोट में 1 की मौत

**केरल।** कन्नूर की कन्नपुरम ग्राम पंचायत के कीझारा में शनिवार तड़के करीब 1.50 बजे एक शक्तिशाली विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे एक किराए का मकान जमींदोज हो गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पड़ोसियों ने बताया कि विस्फोट से 500 मीटर के दायरे में घर हिल गए। पंचायत सदस्य वी.वी. पुष्पावल्ली, जो मुश्किल से 50 मीटर की दूरी पर रहती हैं, ने कहा "मेरा घर हिल गया, और जब हम बाहर निकले, तो पहले तो कुछ भी दिखाई नहीं दिया। थोड़ी देर बाद, हवा में बारूद की गंध फैल गई।संदेह है कि इस घर का उपयोग अवैध रूप से विस्फोटक बनाने के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी। कण्णपुरम थाने के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट रात एक बजकर 50 मिनट पर एक किराए के घर में हुआ। अधिकारी ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि पूरा घर ढह गया और आसपास के चार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए।

**महुआ ने गृह मंत्री का सर काटने की बात कही थी**

## अभद्र टिप्पणी के लिए देश से माफी मांगे टीएमसी : योगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करके नया विवाद खड़ा कर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महुआ मोइत्रा के बयान की निंदा करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस को इस अभद्र टिप्पणी के लिए अविलंब समूचे देश से माफी मांगनी चाहिए। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा मीडिया से बातचीत करते हुए सीमापार से घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को घेर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने अमित शाह के लिए विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया। इस पर प्रतिक्रिया के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह पर तृणमूल कांग्रेस सांसद की तरफ से की गई असंसदीय और आपत्तिजनक टिप्पणी अक्षम्य और घोर निंदनीय है।" सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगे लिखा, "तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों को प्रकट करती यह टिप्पणी भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करने वाले प्रत्येक भारतीय का अपमान है। तृणमूल कांग्रेस को इस अभद्र टिप्पणी के लिए अविलंब समूचे देश से माफी मांगनी चाहिए।"असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी टीएमसी सांसद के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, "मैं समझता हूं कि एक मुख्यमंत्री के रूप में मुझे सभी बयानों पर प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए, विशेषकर कुछ लोगों के बयानों पर, क्योंकि इससे देश का फायदा नहीं होता है।


**कार्यालय:-जिला अभियंता, लातेहार**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

ई0–संख्या–ZP/LATEHAR- 33/2024-25 (5th Call)

1.कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्रक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुआ (दरहा) में पुलिया निर्माण। | 69,50,986 | 1,39,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–02.09.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–10.09.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–12.09.2025 अपराहन 01:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या–6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. प्राप्तपत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
12. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार

PR 360846 Rural Development(25-26).D

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के गवर्नरों के साथ किया संवाद, कहा

# भारत और जापान का साथ खोलेगा नया द्वार

**टोक्यो (आईएएनएस)**



**बोले पीएम**

- जापान के प्रांतों की तरह भारत के हर राज्य की अपनी पहचान है
- जापान व भारत के छोटे शहर पैदा कर सकते हैं नए अवसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान के गवर्नरों के साथ एक विशेष संवाद में भारत-जापान के ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मुलाकात उनके लिए खुशी का मौका है, क्योंकि जापान के राज्यपाल उनकी क्षेत्रों की विविधता और ऊर्जा के जीवंत प्रतीक हैं।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा, मैं अनुभव कर रहा हूं कि इस कमरे में सैतामा की रफ्तार है, मियागी की मजबूती है, फुकुओका की जीवंतता है और नारा की विरासत की खुशबु है। आप सभी में कुमामोतो की गर्मजोशी है, नागानो की ताजगी है, शिजुओका की सुंदरता है, और नागासाकी की धड़कन है। आप सभी, माउंटी फूजी की ताकत और साकुरा की आत्मा के प्रतीक हैं, जो जापान को टाइमलेस बनाते हैं। भारत और जापान का रिश्ता हजारों साल पुराना है, जो भगवान बुद्ध की करुणा और राधाबिनोद पाल जैसे नायकों के साहस से जुड़ा है।

### टोक्यो और दिल्ली करेंगे नेतृत्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के कनेक्शन पर जोर देते हुए कहा कि जापान की विश्व प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज में भारतीय छात्रों को लाने और अगले पांच साल में पांच लाख लोगों के आदान-प्रदान के लिए एक एक्शन प्लान लांच किया गया है। साथ ही, 50,000 भारतीय कुशल पेशेवरों को जापान भेजने की योजना है, जिसमें प्रांतों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने आशा जताई कि टोक्यो और दिल्ली नेतृत्व करेंगे और कानागावा-कर्नाटक, आइची-असम, और ओकायामा-ओडिशा मिलकर नई इंडस्ट्री, स्किल, और अवसर बनाएंगे।

पीएम मोदी ने अपने गृह राज्य गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि बीती सदी में गुजराती हीरे के व्यापारी कोबे आए थे, जबकि हमा-मात्सु की कंपनियों ने भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में क्रांति लाई। यह उद्यमशीलता दोनों देशों को जोड़ती है। आज ट्रेड, टेक्नोलॉजी, पर्यटन, सुरक्षा, स्किल और संस्कृति के क्षेत्र में नए अध्याय लिखे जा रहे हैं, जो केवल टोक्यो या दिल्ली तक सीमित नहीं, बल्कि राज्यों और प्रांतों की सोच में जीवंत हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने 15 साल के गुजरात मुख्यमंत्री कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने नीति-आधारित शासन, उद्योग को बढ़ावा, मजबूत बुनियादी ढांचा और निवेश के लिए माहौल बनाने पर ध्यान दिया, जो आज 'गुजरात मॉडल' के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने इस सोच को राष्ट्रीय नीति में शामिल किया। राज्यों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाई और उन्हें राष्ट्रीय विकास का मंच बनाया। जापान के प्रांतों की तरह भारत के हर राज्य की अपनी पहचान है, कहीं समुद्र तट, कहीं पहाड़। इस विविधता को लाभ में बदलने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' अभियान, आकांक्षी जिले-ब्लॉक कार्यक्रम, और दूरदराज गांवों को मुख्यधारा में लाने के लिए 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' शुरू किया गया, जो अब विकास के केंद्र बन रहे हैं।

पीएम मोदी ने जापान के राज्यपालों की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनके प्रांत टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग और नवाचार के केंद्र हैं, कई की अर्थव्यवस्था कई देशों से बड़ी है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का भविष्य उनके हाथों में है। पहले से चली आ रही साझेदारियों गुजरात-शिजुओका, उत्तर प्रदेश-यमानाशी, महाराष्ट्र-वकायामा, आंध्र प्रदेश-तोयामा को उन्होंने कागज से निकालकर लोगों और समृद्धि तक ले जाने की बात कही।

प्रधानमंत्री इशिबा के साथ लांच की गई 'स्टेट-प्रांत साझेदारी पहल' के तहत हर साल तीन भारतीय राज्य और तीन जापानी प्रांतों के प्रतिनिधिमंडल एक-दूसरे का दौरा करेंगे। उन्होंने राज्यपालों को भारत आने का निमंत्रण दिया और साझा प्रगति के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जापान और भारत के छोटे शहरों के स्टार्टअप्स और एमएसएमई मिलकर विचारों का आदान-प्रदान, नवाचार और अवसर पैदा कर सकते हैं। इसी सोच के साथ कानसाई में बिजनेस एक्सचेंज फोरम शुरू हो रहा है, जो निवेश, स्टार्टअप साझेदारी और कुशल पेशेवरों के लिए नए रास्ते खोलेगा।

# गलत वित्तीय शिक्षा से लोग करोड़ों कमाने के बावजूद गरीब रहते हैं : कियोसाकी

**-ब्यूरो**



- स्पोर्ट्स स्टार्स लाखों डॉलर कमाते हैं, सेवानिवृति के 7 साल बाद 65% खिलाड़ी दिवालिया हो जाते हैं

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध अमेरिकी निवेशक व 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने X पर कहा कि ज्यादातर मामलों में पैसा लोगों और देशों को और गरीब बना देता है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए लोगों से वित्तीय शिक्षा (फाइनेंसियल एजुकेशन) को बेहतर करने की अपील की ताकि वे गरीबी के जाल में न फंसें। कियोसाकी ने बताया कि कई बार लोग लाखों-करोड़ों कमाने के बावजूद गरीब रह जाते हैं। उन्होंने कॉलेज के स्पोर्ट्स स्टार्स का उदाहरण दिया, जो प्रोफेशनल टीम में शामिल होने के बाद लाखों डॉलर कमाते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के सात साल बाद 65% खिलाड़ी दिवालिया हो जाते हैं। यही हाल लॉटरी जीतने वालों का होता है, जो करोड़ों रुपये जीतने के बावजूद गरीब हो जाते हैं। उन्होंने एक औसत वेटर की मिसाल दी, जो अमेरिका में सालाना 35,000 डॉलर कमाता है। अगर वह 50 साल तक काम करे, तो वह कुल 17.5 लाख डॉलर कमाएगा, फिर भी ज्यादातर गरीब ही रहते हैं। कियोसाकी का मानना है कि इसकी सबसे बड़ी वजह गरीब माता-पिता व स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमजोर फाइनेंसियल एजुकेशन समझ है। उन्होंने अपने 'पुअर डैड' का जिक्र करते हुए कहा कि स्कूलों में अक्सर अच्छी पढ़ाई करने वाले शिक्षक भी फाइनेंशियल मामलों में कमजोर होते हैं। हालांकि, उन्होंने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि लोग अपने लिए अमीर व समझदार सलाहकार चुन सकते हैं, जैसे उनके 'रिच डैड' और उनके सलाहकार, जिन्होंने पैसों, मुश्किलों, मिशन आधारित कारोबार व सफल एंटरप्रेन्योरशिप पर किताबें लिखी हैं। कियोसाकी ने लोगों से अपील की कि वे लॉटरी जीतकर या पूरी जिंदगी मेहनत करके भी गरीब रहने से बचें और अपनी फाइनेंसियल समझ को बढ़ाएं। इसके अलावा, कियोसाकी ने कुछ दिन पहले ही शेयर बाजार में भारी गिरावट की चेतावनी दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि शेयर बाजार में बड़ा क्रैश आने के संकेत मिल रहे हैं, जो सोना, चांदी और बिटकॉइन रखने वालों के लिए अच्छी खबर हो सकती है, लेकिन 401k जैसी रिटायरमेंट योजनाओं में निवेश करने वाले बेबी बूमर्स के लिए बुरी खबर है। कियोसाकी पहले भी सोने, चांदी और बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश की सलाह दे चुके हैं, लेकिन साथ ही लापरवाही से निवेश न करने की चेतावनी भी दी है। जुलाई में उन्होंने यह भी कहा था कि वे बिटकॉइन में निवेश तभी करेंगे, जब बाजार की स्थिति को अच्छे से समझ लेंगे।

## उमा भारती तो 75 नहीं अभी 65 साल की भी नहीं हुई हैं, चुनाव लड़ेंगी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**



मप्र की पूर्व मुख्य मंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती आगामी चुनावों के लिए अभी से गंभीरता से विचार करने लगी हैं। वह मेहनती भी हैं , जुझारू भी हैं। यह बात अलग है कि उनको आगे बढ़ाने वाली राजमाता सिंधिया या अशोक सिंघल जैसे दिग्गज लोग नहीं रहे। और अब उनके विरोधी भी तमाम हो गये हैं। फिर भी वह हर चुनाव में लाये जा रहे तमाम नेताओं से तो अनुभवी, तेज -तर्रार हैं ही व जनता का काम करने के लिए जानी जाती हैं। और वह ख़ुद यह भी मानती हैं कि कोई पार्टी भले ही सेवानिवृति की उम्र तय कर सकती है, लेकिन यह तो तय नहीं कर सकती है कि किस व्यक्ति की किस उम्र में जनता के लिए काम करने की क्षमता ही ख़त्म हो जाएगी। उमा भारती बिल्कुल ठीक कह रही हैं । क्योंकि देश व विदेश में तमाम लोग उदाहरण हैं जो लंबी उम्र तक बहुत ही सक्रिय रहे व राजनीति, सत्ता से लगायत तमाम क्षेत्र में योगदान देते रहे। और उमा भारती मप्र में या केन्द्र में योगदान देने लायक तो अभी भी हैं ही। रही बात 75 की उम्र होने के बाद सेवानिवृत्ति की तो भारत में वाजपेयी, पीवी नरसिंह राव , मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी के राज में तो ऐसा नहीं हुआ। इसलिए 75 सेवानिवृत वाला तर्क केवल कुछ नेता अपनी अड़चन दूर करने या किसी को किनारे लगाने के लिए ही दे सकते हैं। अभी देखिए आज के 17वें दिन पीएम भी 75 पूरा कर 76 वें में चले जाएँगे। फिर भी वह देश सेवा करते रहने के लिए सेवानिवृत तो हो नहीं रहे हैं। इसी से प्रेरणा लेकर उमा भारती आगे फिर चुनावी मैदान में उतरने के बारे में तैयारी के बारे में सोचेंगी। अभी से गतिविधि तेज करेंगी तो बहुत से राहु -केतु उनके सामने तरह-तरह की रुकावट डालने लगेंगे। ऐसे में देखना है कि आगामी चुनावों में उमा भारती क्या रूख अपनाती हैं। वैसे उन्होंने चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटने का तो मन बना ही लिया है।और लड़ेंगी तो माहौल गरमाएगा ही।

### तियानजिन शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर बोले व्लादिमीर पुतिन

# एससीओ में नई गति लाएगा तियानजिन शिखर सम्मेलन

- कहा, समकालीन चुनौतियां और खतरों का सामना करने की एससीओ की क्षमता बढ़ेगी

**मास्को (आईएएनएस)**

### तियानजिन शिखर सम्मेलन आज से



**चीन** वर्ष 2024-2025 तक एससीओ की अध्यक्षता करेगा। वर्ष 2025 में, एससीओ शिखर सम्मेलन तियानजिन में आयोजित हो रहा है। तियानजिन शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित होगा।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा कि 31 अगस्त से चीन के तियानजिन में शुरू हो रहा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन संगठन में नई ताकत का संचार करेगा। शिखर सम्मेलन और बीजिंग में चीन के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए चीन की अपनी यात्रा की पूर्व संध्या पर एक लिखित साक्षात्कार में पुतिन ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन समकालीन चुनौतियों और खतरों का सामना करने की एससीओ की क्षमता को मजबूत करेगा और साझा यूरेशियाई क्षेत्र में एकजुटता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, यह सब एक अधिक न्यायसंगत बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को आकार देने में मदद करेगा।

पुतिन ने कहा, एससीओ का आकर्षण इसके सरल लेकिन शक्तिशाली सिद्धांतों में निहित है। ये सिद्धांत संस्थापक दर्शन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता, समान सहयोग के लिए खुलापन, किसी तीसरे पक्ष को निशाना न बनाना और प्रत्येक राष्ट्र की राष्ट्रीय विशेषताओं और विशिष्टता का सम्मान हैं। उन्होंने कहा, इन मूल्यों को अपनाते हुए एससीओ एक अधिक न्यायसंगत, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को आकार देने में योगदान देता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित है और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय समन्वयकारी भूमिका है।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, इस वैश्विक दृष्टिकोण का एक प्रमुख तत्व यूरेशिया में समान और अविभाज्य सुरक्षा की एक संरचना का निर्माण है, जिसमें एससीओ सदस्य देशों के बीच घनिष्ठ समन्वय भी शामिल है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि तियानजिन शिखर सम्मेलन एससीओ के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। रूस चीनी अध्यक्षता द्वारा घोषित प्राथमिकताओं का पूरा समर्थन करता है, जो एससीओ को मजबूत करने, सभी क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने और वैश्विक मंच पर संगठन की भूमिका को बढ़ाने पर केंद्रित हैं। पुतिन ने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे संयुक्त प्रयासों से हम एससीओ को नई गति प्रदान करेंगे और समय की मांग के अनुसार इसका आधुनिकीकरण करेंगे।

## यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड ने रूस के सामरिक महत्व के दो पुलों को उड़ाया



**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड ने रूस के सामरिक महत्व के दो पुलों को उड़ाने का दावा किया है। इन पुलों के आसपास बनाई गई बारूदी सुरंगें भी विस्फोट के दौरान उड़ गईं। ब्रिगेड का दावा है कि उसने बेहद सस्ते 600 डॉलर के ड्रोन का इस्तेमाल कर इस अभियान को अंजाम दिया। अमेरिका के सीएनएन चैनल ने इस खबर का प्रसारण यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड के हवाले से किया है। यूक्रेनी सेना ने कहा कि यह दोनों पुल खार्किव क्षेत्र की सीमा के पास स्थित थे। इन दोनों पुलों का इस्तेमाल रूसी सेना अपने सैनिकों को आपूर्ति करने के लिए कर रही थी। बताया गया है कि इससे पहले यूक्रेन ने फरवरी 2022 में रूस की कई सड़कों पर पुलों को नष्ट किया था। यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड के अनुसार, इन दोनों पुलों के आसपास असामान्य गतिविधि देखने के बाद अभियान शुरू किया गया। बारूदी सुरंगें होने के कराण पुल के नीचे सामान्य टोही ड्रोन को उड़ाना मुश्किल था। इसलिए फाइबर ऑप्टिक्स से लैस एक फर्स्ट-पर्सन-व्यू ड्रोन का सहारा लिया गया। रूस ने पुलों पर हुए हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। कीव पोस्ट की खबर के अनुसार, यूक्रेनी ड्रोन ने शुक्रवार सुबह आमतौर पर शांत रहने वाले रूसी शहर ओर्योल पर हमला किया। ओर्योल पर यूक्रेनी हमले में 20 से कम विमान शामिल थे। इस हमले में कम से कम चार रूसी नागरिक घायल हो गए। इससे पहले रूसी सेना ने गुरुवार को कीव पर केंद्रित हमलों में बमवर्षक, क्रूज मिसाइल, बैलिस्टिक मिसाइल, हाइपरसोनिक मिसाइल और 560 से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल किया। इस हमले में 23 यूक्रेनी नागरिक मारे गए और 50 से अधिक नागरिक घायल हुए थे।

## ट्रंप के टैरिफ से आसमान छूता सोना, चांदी के भाव भी बढ़ने लगे

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति चौतरफ़ा टैरिफ थोपने से सोने का भाव तेजी से बढ़ते हुए विश्व बाजार में तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतें भी 5 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर चला गया है। लिवाली जारी रहने व रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण बीते शुक्रवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस वर्ष भारत में सोने की कीमतें लगभग 32% बढ़ी हैं। इस वजह से निवेशकों का ध्यान इस ओर गया है। जनवरी में सोने की कीमत 80,000 रुपये प्रति दस ग्राम थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर स्पॉट गोल्ड मार्च में 90,000 रुपये को पार कर गया। हाल ही में यह 1 लाख रुपये के आंकड़े को भी पार कर गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, मई की शुरुआत में सोना 3,392 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया था। जून के मध्य में यह 3,368 डॉलर के आसपास रहा। इसका धंधा करने वालों का कहना है कि विश्व स्तर पर राजनीतिक तनाव, अमेरिकी डॉलर का कमजोर होना तथा रुपये की गिरावट के कारण सोने की कीमतें बढ़ रही हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक आगामी त्योहारी सीज़न के लिए ज्वैलर्स की मजबूत मांग ने भारतीय सोने के बाजार को आगे बढ़ाया है। आने वाले समय में सोने की कीमत में तेजी आ सकती है।

## 'बेलगाम ताकत का इस्तेमाल नहीं कर सकती पुलिस': इलाहाबाद हाईकोर्ट

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गौ हत्या निवारण अधिनियम के तहत 8 साल पहले दर्ज किए गए एक मामले की हिस्ट्रीशीट को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बंद करने का निर्देश देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस नागरिकों को दी गई मौलिक स्वतंत्रता को कम करने के लिए "बेलगाम और अनियंत्रित शक्ति" का प्रयोग नहीं कर सकती है। अपने आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस को निगरानी रजिस्टर में केवल व्यक्तिगत पसंद या नापसंद के आधार पर मनमाने ढंग से व्यक्तियों के नाम दर्ज करने का कोई अप्रतिबंधित लाइसेंस नहीं है। सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक ने हिस्ट्रीशीट संख्या -18-ए को बंद करने के याचिकाकर्ता के आवेदन को खारिज कर दिया था। 23 जून के उस फैसले को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने रिट लगाई थी और मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की थी। आवेदन को सर्किल ऑफिसर और स्टेशन हाउस ऑफिसर, भवानीगंज, सिद्धार्थ नगर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर खारिज कर दिया गया था, जिसमें उप्र पुलिस विनियमन के प्रावधानों, विशेष रूप से पैराग्राफ 228 और 240 (जो हिस्ट्रीशीट खोलने से संबंधित है) का उल्लेख किया गया था।इसको लेकर हाईकोर्ट ने कहा कि हमें तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर मामले की जांच करनी होगी। हमारा मानना है कि विनियमन 228 और 240 पुलिस को बेलगाम, अनियंत्रित शक्ति नहीं देते हैं जिसका इस्तेमाल वह इस तरह करे जिससे नागरिक की मौलिक स्वतंत्रता का हनन हो। इसमें आगे कहा गया है कि पुलिस के पास निगरानी रजिस्टर में अपनी पसंद या नापसंद किसी का भी नाम दर्ज करने का लाइसेंस नहीं है। आमतौर पर, निगरानी रजिस्टर में केवल उन्हीं लोगों के नाम दर्ज किए जाते हैं जिनका पिछला आपराधिक रिकॉर्ड हो। वे घोषित अपराधी या पूर्व में दोषी ठहराए गए अपराधी होने चाहिए। इसके अलावा, जिन लोगों के बारे में उचित रूप से माना जाता है कि वे आदतन अपराधी हैं या चोरी की संपत्ति प्राप्त करते हैं, चाहे उन्हें दोषी ठहराया गया हो या नहीं, उन्हें पुलिस विनियमन के तहत निगरानी रजिस्टर में वर्गीकृत और दर्ज किया जा सकता है।वहीं इस मामले में दलील देते हुए याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मोहम्मद वजीर आदतन अपराधी नहीं है और उसके खिलाफ 2016 में केवल एक मामला दर्ज किया गया था, जो गौ हत्या निवारण अधिनियम की धारा 3/5/7 के तहत दर्ज किया गया था।इस दौरान वकील ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है, आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और याचिकाकर्ता जमानत पर बाहर है। वकील ने कहा कि इस मामले को छोड़कर, वजीर के खिलाफ कोई एफआईआर, एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) या शिकायत दर्ज नहीं की गई है। यह तर्क दिया गया कि पुलिस प्राधिकारी ने बिना किसी ठोस या विश्वसनीय सामग्री के याचिकाकर्ता के खिलाफ अवैध और मनमाने ढंग से हिस्ट्रीशीट खोली है, जो कि उप्र पुलिस विनियम के पैराग्राफ 228, 229, 231, 233 और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों का उल्लंघन है। वकील ने कहा कि आगे तर्क दिया कि हिस्ट्रीशीट खोलने का उद्देश्य ही पुलिस को आपराधिक गतिविधियों में आदतन शामिल लोगों पर निगरानी रखने में सक्षम बनाना है लेकिन मौजूदा मामले में, वकील ने तर्क दिया कि हिस्ट्रीशीट केवल आठ साल पहले दर्ज एक मामले के आधार पर खोली गई थी।






## मनोज बाजपेयी की फिल्म 'जुगनुमा' का ट्रेलर रिलीज




बॉलीवुड के दमदार अभिनेता मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'जुगनुमा' का ट्रेलर शनिवार को रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर ने रिलीज होते ही दर्शकों का ध्यान खींचा। फिल्म की कहानी में कई रहस्य हैं, जो दर्शकों को हैरान कर देंगे।

'जुगनुमा' का ट्रेलर दर्शकों को 1980 के दशक में ले जाता है, जहां पहाड़ी इलाकों में बसे एक परिवार की जिंदगी दिखाई गई है। फिल्म में मनोज बाजपेयी एक ऐसे शख्स का किरदार निभा रहे हैं जो अपने परिवार के साथ खुशहाल और सुकून भरी जिंदगी जी रहा है। लेकिन ये सुकून ज्यादा समय तक नहीं टिकता और अचानक सब कुछ बदल जाता है।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि बागों में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जाता है ताकि फसल अच्छी हो, लेकिन मनोज बाजपेयी को इन दवाओं को लेकर शक होता है। उन्हें लगता है कि कुछ तो गलत हो रहा है। इस बीच एक महिला उन्हें बताती है कि कुछ अजनबी उनके घर के आस-पास मंडरा रहे हैं। फिर एक रात अचानक उन्हें एक फोन कॉल आता है, जिससे वे बेहद परेशान हो जाते हैं। तभी उनकी बेटी दौड़ते हुए आती है और बताती है कि खेतों में आग लग गई है। इस आग से सारी फसलें तबाह हो जाती हैं और गांव में अफरा-तफरी मच जाती है।

# राज भवन सचिवालय में अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल के नाम सौंपा मांग पत्र

**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के रांची विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को लेकर राजभवन के सचिवालय में राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा। राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौपते हुए अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों से डिग्री शुल्क लेने के बावजूद विवि के लगभग चार लाख छात्र-छात्राओं को अब तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्रियां उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। परिणाम स्वरूप विद्यार्थी डिग्री प्राप्त करने के लिए बार-बार महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश हैं। इसका सीधा असर उनके शैक्षणिक कार्य एवं भविष्य पर पढ़ रहा है। इस समस्या लेकर विगत सालों में विश्वविद्यालय प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, मगर विश्वविद्यालय नींद से जागने को तैयार नहीं है। वहीं, पीएचडी शोध कार्य एवं मूल्यांकन से जुड़ी समस्याओं से विश्वविद्यालय के शोधार्थी परेशान हैं। एचडी के शोधार्थी को थीसिस जमा करने से लेकर डिग्री प्राप्त करने तक अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विश्वविद्यालय द्वारा विभाग को शोध कार्य के लिए अत्यंत सीमित फंड उपलब्ध कराया जाता है, जिससे शोध की गुणवत्ता प्रभावित होती है। साथ ही, थीसिस मूल्यांकन प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब से शोधार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर भी प्रतिकूल असर पढ़ रहा है। शुक्ला ने कहा, एचआरडीसी, जेपीएससी एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अनेकों शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान एवं प्रमोशन वर्षों से लंबित है। इस कारण शिक्षक एवं कर्मचारियों को आर्थिक संकट एवं मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अग्रिम एडवांस के तौर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों को एचआरडीसी, अकादमिक स्टाफ काउंसिल परीक्षा विभाग आदि को लगभग 5 करोड़ रुपए अग्रिम एडवांस के रूप में दिए गए हैं, परंतु अब तक उसका समायोजन (एडजस्टमेंट) नहीं किया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**पूर्व मंत्री एनोस एक्का व उनकी पत्नी को...**

जुर्माने की राशि नहीं देने पर 1-1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इधर, एनोस एक्का के अधिवक्ता अनिल कंठ के अनुसार, इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी जाएगी। सीबीआई की विशेष अदालत ने विगत 29 अगस्त को सीएनटी का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से आदिवासी जमीन खरीदने के 15 साल पुराने मामले में एनोस एक्का समेत सजा पाए सभी को दोषी ठहराया था। वहीं, साक्ष्य के अभाव में गोवर्धन बैठा को बरी कर दिया गया था। दोषी ठहराए जाने के साथ ही एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत अन्य दोषियों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था। एनोस पर सीएनटी एक्ट की धारा 46 का उल्लंघन कर 1.18 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति खरीदने का आरोप था।

**प्रधानमंत्री मोदी चीन के...**

सदस्य है। हमारी अध्यक्षता के दौरान हमने नवाचार, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में नए विचार प्रस्तुत किए हैं। भारत एससीओ के सदस्य देशों के साथ साझा चुनौतियों का समाधान करने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि जापान और चीन की मेरी यात्राएं हमारे राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में सहायक होंगी और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा और सतत विकास में सहयोग को बढ़ावा देंगी।

**हेमंत सोरेन पर लगाए गए सभी...**

सभी सांसदों को पत्र भेजा गया है और मुझे भरोसा है कि समर्थन मिलेगा। आवश्यकता पड़ी तो मैं भाजपा नेतृत्व से भी मिलूंगा।

रेड्डी ने कहा कि हेमंत सोरेन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद थे। रेड्डी ने कहा, जिस तरह से उन्हें सताया गया और जिस प्रकार का व्यवहार हुआ, उसमें उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची, इसका जिम्मेदार कौन है? संविधान की इतिहास, संरचना और मूलभाव समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले 'वोटर फर्स्ट, सिटीजन लेटर' की अवधारणा थी। रेड्डी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए। संविधान सीमाएं तय करता है, लेकिन बहुमत में आने वाले दल इन सीमाओं को भूल जाते हैं। संसद सर्वोच्च है, पर नई कमेंटरी और नया नैरेटिव लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में व्हिप का प्रावधान नहीं है। 130वें संविधान संशोधन को जेपीसी को भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद उस पर चर्चा होगी। सुप्रीम कोर्ट भी संविधान का सम्मान करता है। बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक है। न्याय के पक्षधर सांसद अपनी अंतरात्मा की आवाज पर हमें वोट देंगे। सर्वसम्मति से उन्हें इस चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल उनके साथ हैं और कई गैर-गठबंधन दल भी समर्थन के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं सांसदों का समर्थन मांगने आया हूं। उपराष्ट्रपति का कार्यालय उच्च संवैधानिक दायित्व है। भारत के संविधान के साथ मेरी यात्रा 1971 में शुरू हुई थी और मैं संविधान के मूल्यों के साथ खड़ा हूं। देश को भरोसा दिलाता हूं कि संविधान के साथ यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी। रेड्डी ने इस अवसर पर झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झामुमो और कांग्रेस के कई सांसद एवं नेता मौजूद थे।


**कार्यालयः–जिला अभियंता, लातेहार**

**सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–33/2024–25 ग्रुप संख्या–01(4th Call)प्रखण्ड बालू माथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुवा में दर हा बांध नाला में पुलिया निर्माण कार्य प्रकाशित की गई थी जिसका PNR No-353961 Rural Development 25_26 D है। जिसे अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 360845 (Rural Development)25-26*D

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा**
**प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 185 दिनाक 26.08.2025 द्वारा निकाली गई ई0 अति अल्पकालीन निविदा संख्या **02/R-1/2025-26 NREP/LOHARDAGA** पी0 आर0 नं0 357457 लोहरदगा (25–26) डी0 के स्थान ई0 अति अल्पकालीन निविदा संख्या 02/R-2/2025-26 **NREP/LOHARDAGA** पढ़ें एवं प्राक्कलित राशि अंक में 89,63,500.00 एवं अक्षर में टंकण भूलवश उनासी लाख तीरसठ हजार पांच सौ रूपये हो गया है इसे नवासी लाख तीरसठ हजार पॉच सौ रूपये पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
PR 360791 Lohardaga(25-26)#D एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा


सीयूजे में की गई संवाद मंच 'तत्वबोध' की स्थापना

# भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने में 'तत्वबोध' महत्वपूर्ण कदम : डॉ गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के राजनीतिक विज्ञान और लोकप्रशासन विभाग ने सामाजिक विज्ञान संकाय के माध्यम से शनिवार को 'तत्वबोध' मंच का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ आलोक कुमार गुप्ता थे। डॉ आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि यह पहल भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एक महत्वपूर्ण मंच मिलेगा, जिसमें वे समसामयिक मुद्दों पर गहन चिंतन-मनन कर सकेंगे। भारत में शास्त्रार्थ की परंपरा रही है, जिसके माध्यम से अंतिम सत्य की खोज होती है। 'तत्वबोध' उसी दिशा में किया गया सार्थक प्रयास है। इसमें विद्यार्थी भारतीय परंपरा के अनुरूप शालीन तरीके से हर विषय की गूढ़ता पर प्रकाश डालते हुए ज्ञानार्जन करेंगे। इसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापक की भी सहभागिता होगी, जो सभी की समझ के अनुरूप और जन साधारण के लिए विश्व की गुह्यतम विषय पर अपने विचार का आदान-प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए 'तत्वबोध' के समन्वयक डॉ शशांक कुलकर्णी ने कहा कि यह मंच विश्वविद्यालय के छात्रों को अपने विचार रखने का मंच प्रदान करेगा। इसके माध्यम से भारतीय संविधान में लिखे गए मूल्यों को नागरिक अपने जीवन में कैसे लाए, इसके लिए विशेष प्रयास किया जाएगा। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण यह 'तत्वबोध' का मूल उद्देश है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में 'तत्वबोध' के माध्यम से वैचारिक प्रबोधन के लिए इस मंच की स्थापना की गई है। डॉ संजय कुमार अग्रवाल ने इस मंच के प्रथम वक्ता के तौर पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हमें अपने विचार में भारतीयता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इसलिए तत्वबोध एक सशक्त मंच बन सकता है। विश्वविद्यालय के आसपास के नागरिकों को भी इस मंच से जोड़कर लाभ पहुंचाया जाएगा। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा नागरिकों के बीच जागरूकता लाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# सीसीएल में हुआ मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का सफल आयोजन

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जन सेवा कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के दो बैच सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। यह प्रशिक्षण सीसीएल मुख्यालय, रांची स्थित मानव संसाधन विकास विभाग में 25 से 27 अगस्त एवं 28 से 30 अगस्त 2025 तक चला।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, चतरा**

**सूचना**

एक दिवसीय भर्ती–कैम्प, दिनांक– 02.09.2025

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक– 02.09.2025 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Flipkart/Swiggy Instamart, kolkata | Picker,Packer, Mover | 60 | 10th Pass | 18-45 | No | Kolkata | 14,000 to 22000 | Basic English |
| | ARVIND LTD | Hand Scrach, Washer Man | 50 | 08th To Graduation | | | SMVT Banglore | 13,000 to 23,000 | Free |
| | Flipkart/ Amazon Warehouse | Picker,Packer, Mover | 50 | 10th to Graduate | 18-40 | | Banglore | 18,000 to 28,000 | Free |
| | Escort Guard | Malgari Rail Staff | 50 | 10th Pass | | | All India | 18,000 In Hand | Dress Charge |
| 02 | Freedom Employability Academy | Teacher | 20 | Graduation | 18-45 | Not required | Bagodar | 14,500/- | Room allowance up to 3000/- or Travel allowance |
| 03 | Delhi public School Tandwa | Accountant | 1 | Computer Cources | 18+ | 1 Yrs | DPS Tandwa | 12,000+ | — |
| | | Gard | 1 | Matriculation | | 1 Yrs | | 10,000+ | — |
| | | Cook | 2 | No need | | 1 Yrs | | 10,000+ | — |
| | | PRT(atl) | 4 | Graduate | | 2 Yrs | | 12,000+ | — |
| | | Computer Account/Operator | 2 | Computer Cources | | 2 Yrs | | 15,000+ | — |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोटः– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 360841 Labour Employment and Traning(25-26)#D



**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा**

"प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" अन्तर्गत विगत चालू वित्तीय वर्ष 2020–21,2021–22,2022–23 एवं 2023–24 के लिये क्रमशः राज्योदश संख्या 49 दिनांक 31.03.2021, राज्यादेश सं0 18 दिनाक 03.09.2021, राज्यादेश सं0 40 दिनाक 17.02.2022,राज्यादेश सं0 22 दिनांक 07.11.2022,एवं राज्यादेश 29 दिनांक 01.12.2023 के आलोक में DLC के माध्यम से निम्नांकित लाभुकों का चयन किया गया था। जिसमें चयनित निम्न लाभुकों द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, अथवा संसाधन क्रय नहीं किया गया है। कार्य प्रारम्भ करने हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे DPR भूमि प्रतिवेदन LPC एकरानाम लाभुक अंशदान संबंधित शपथ–पत्र आदि कार्यालय में समन्वय स्थापित कर प्रस्तुत नही किया गया है। इस संबंध में कई बार लाभुकों को सूचित किया जा चुका है, परन्तु लाभुकों द्वारा आवश्यक कागजात कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है, और ना कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिसके कारण योजनाएँ लंबित पड़ी हुई है। जिन –जिन चयनित लाभुकों द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, उसकी विवणी निचे दर्शायी गयी है।

| S.no. | PMMSY Sl no. | Financial Year | Name of the Component | Name of Beneficary | Block | Unit Cost | Category | Subsidy | Beneficary Share | Work Status |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1.3 | 2020-21 | Rearing Tank | SHIVNANDAN DANGI | CHATRA | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 2 | 1.3 | | | BASUDEO TURI | CHATRA | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 3 | 1.3 | | | JITENDRA GANJHU | HUNTERGANJ | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 4 | 1.3 | | | VIJAY KUMAR BHUINYA | MAYURHAND | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 5 | 1.3 | | | DROUPADI DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 6 | 1.3 | | | MALTI DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 7 | 1.3 | | | BASANTI DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 8 | 1.3 | | | MANJU DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 9 | 1.3 | | | DEVANTI DEVI | TANDWA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 10 | 1.3 | | | SUBHADRA DEVI | TANDWA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 11 | 1.3 | | | SUNITA DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 12 | 1.4+1.5 | | Growout tank | MUKESH KUMAR YADAV | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 13 | 1.4+1.5 | | | RAKESH YADAV | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 14 | 1.4+1.5 | | | KULDEEP KUMAR YADAV | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 15 | 1.4+1.5 | | | JAGLAL MAHTO | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 16 | 1.4+1.5 | | | SURESH MAHTO | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 17 | 1.4+1.5 | | | SURESH RAVIDAS | ITKHORI | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 18 | 1.4+1.5 | | | RAJ KUMAR BHUIYAN | ITKHORI | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 19 | 1.4+1.5 | | | ARTI DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 20 | 1.4+1.5 | 2020-21 | Growout tank | RITA DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 21 | 1.4+1.5 | | | NITU KUMARI | ITKHORI | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 22 | 1.4+1.5 | | | SAROJ DEVI | ITKHORI | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 23 | 1.4+1.5 | | | JHAMAN RAVIDAS | ITKHORI | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 24 | 5.3a | 2020-21 | SMALL RAS | IRFANA PARVEEN | CHATRA | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 25 | 5.4 | | Backyard Mini Ras | PINKI DEVI | ITKHORI | 0.50 | W | 0.30 | 0.20 | Non Started |
| 26 | 6.6 | | Ice Box With Cycle | KARU CHAUDHRY | HUNTERGANJ | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 27 | 6.6 | | | MOHAN CHOUDHARY | HUNTERGANJ | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 28 | 6.6 | | | ANUJ CHAUDHARY | HUNTERGANJ | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 29 | 6.6 | | | BASUDEV CHAUDHARI | HUNTERGANJ | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 30 | 6.6 | | | BHOLA CHAUDHARI | HUNTERGANJ | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 31 | 6.6 | | | MANOJ CHAUDHARI | HUNTERGANJ | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 32 | 6.6 | | | SATENDRA CHAUDHARI | HUNTERGANJ | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 33 | 6.6 | | | ASHOK KUMAR SHARMA | HUNTERGANJ | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 34 | 6.6 | | | VINAY KUMAR NISHAD | CHATRA | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 35 | 6.6 | | | ASHOK YADAV | CHATRA | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 36 | 6.6 | | | JAINATH KUMAR YADAV | CHATRA | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 37 | 6.6 | | | BHOLA BHUIYAN | CHATRA | 0.10 | SC | 0.06 | 0.04 | Non Started |
| 38 | 6.6 | | | PARMESHWAR BHUIYAN | CHATRA | 0.10 | SC | 0.06 | 0.04 | Non Started |
| 39 | 6.7 | 2020-21 | Ice Box With Three Wheeler | SAWAN KUMAR DAS | ITKHORI | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 40 | 6.7 | | | RAMJATAN BHUIYAN | MAYURHAND | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 41 | 6.7 | | | DILIP KUMAR BHARTI | HUNTERGANJ | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 42 | 5.3b | | Boi Flock (7 Tank) | MD. KHALID SAIFULLAH | CHATRA | 7.50 | GEN | 3.00 | 4.50 | Non Started |
| 43 | 5.3b | | | REHANA KHATUN | SIMARIYA | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 44 | 5.2b | 2020-21 | Establishment of Biofloc Culture System (25 tank of 4m dia and 1m High) | SITA KUMARI | HUNTERGANJ | 25.00 | W | 15.00 | 10.00 | Non Started |
| 45 | 1.3 | 2021-22 | Rearing Tank | BHAGIRATH MAHTO | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 46 | 1.3 | | | SURENDRA KUMAR TIWARI | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 47 | 1.3 | | | SANJAY PRASAD DANGI | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 48 | 1.3 | | | AJIT KUMAR | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 49 | 1.3 | | | SANJAY KUMAR | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 50 | 1.3 | | | TUNNI DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 51 | 1.3 | | | REKHA DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 52 | 1.3 | | | KALAWATI DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 53 | 1.3 | | | MINIYA DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 54 | 1.3 | | | SHOBHA KUMARI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 55 | 1.3 | | | PRIYA KUMARI | KANHACHATTI | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 56 | 1.3 | | | MINA DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 57 | 1.3 | 2021-22 | Rearing Tank | AARTI DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 58 | 1.3 | | | MINA DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 59 | 5.4 | | Backyard Mini Ras | RINKU DEVI | KANHACHATTI | 0.50 | W | 0.30 | 0.20 | Non Started |
| 60 | 6.7 | | Ice Box With Three Wheeler | ASHOK KUMAR NISHAD | CHATRA | 3.00 | GEN | 1.20 | 1.80 | Non Started |
| 61 | 6.7 | | | TULIYA DEVI | ITKHORI | 3.00 | W | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 62 | 6.8 | | LIVE FISH SELLING KIOSK | BIRAJ RAVIDAS | ITKHORI | 20.00 | SC | 12.00 | 8.00 | Non Started |
| 63 | 1.1 | | Carf Hatchery | SONI KUMARI | HUNTERGANJ | 25.00 | W | 15.00 | 10.00 | Non Started |
| 64 | 4.3 | | Breeding & Rearing of Ornamental fishes | VENU KUMARI | GIDHOUR | 25.00 | W | 15.00 | 10.00 | Non Started |
| 65 | 5.2a | | Ras (Medium Size) | ESRATH BANO | CHATRA | 25.00 | W | 15.00 | 10.00 | Non Started |
| 66 | 6.1a | | Cold Storage | NIRU DEVI | TANDWA | 40.00 | W | 24.00 | 16.00 | Non Started |
| 67 | 6.9a | | Feed Mill | SARITA DEVI | HUNTERGANJ | 30.00 | W | 18.00 | 12.00 | Non Started |
| 68 | 1.4+1.5 | | | PREM KUMAR YADAV | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 69 | 1.4+1.5 | | | SIKENDAR KUMAR YADAV | KUNDA | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 70 | 1.4+1.5 | 2022-23 | Growout tank | YUGESH YADAV | KUNDA | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 71 | 1.4+1.5 | | | ANIL KUMAR YADAV | KUNDA | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 72 | 1.4+1.5 | | | JAY KUMAR YADAV | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 73 | 1.4+1.5 | | | NAREM KUMAR | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 74 | 1.4+1.5 | | | PANKAJ KUMAR | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 75 | 1.4+1.5 | | | SHIVNANDAN KUMAR | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 76 | 1.4+1.5 | | | NARESH PRASAD KESARI | HUNTERGANJ | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 77 | 1.4+1.5 | | | NEPALI GANJHU | PRATAPPUR | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 78 | 1.4+1.5 | 2022-23 | Growout tank | MAKUND BHUINYA | MAYURHAND | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 79 | 1.4+1.5 | | | VIRENDRA KUMAR BHARTI | HUNTERGANJ | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 80 | 1.4+1.5 | | | SANJU DEVI | PRATAPPUR | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 81 | 1.4+1.5 | | | PANWA DEVI | PRATAPPUR | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 82 | 1.4+1.5 | | | PHOTO DEVI | SIMARIA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 83 | 1.4+1.5 | | | KALAWATI DEVI | KUNDA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 84 | 1.4+1.5 | | | KALAWATI DEVI | TANDWA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 85 | 1.4+1.5 | | | CHAMELI DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 86 | 1.4+1.5 | | | PUMMI DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 87 | 1.4+1.5 | | | SARITA DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 88 | 1.4+1.5 | | | NITU DEVI | HUNTERGANJ | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 89 | 1.4+1.5 | | | KUNTI DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 90 | 5.3a | | SMALL RAS | BIRENDRA BHUIYAN | ITKHORI | 7.50 | SC | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 91 | 6.5 | | Ice Box With Motorcyle | UPESH BHOKTA | LAWALONG | 0.75 | ST | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 92 | 5.3b | | Boi Flock (7 Tank) | RUKMANI DEVI | TANDWA | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 93 | 5.3b | | | PRATIMA KUMARI | SIMARIA | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 94 | 5.1.2 | | 50 TANK BIO FLOCK | RIMJHIM KUMARI | CHATRA | 50.00 | W | 30.00 | 20.00 | Non Started |
| 95 | 1.12 | 2022-23 | BIO FLOCK POND | RAMJI BAIGA | PRATAPPUR | 14.00 | ST | 8.40 | 5.60 | Non Started |
| 96 | 1.12 | | | NANDKISHOR BAIGA | PRATAPPUR | 14.00 | ST | 8.40 | 5.60 | Non Started |
| 97 | 1.12 | | | BAL DEV GANJHU | PRATAPPUR | 14.00 | SC | 8.40 | 5.60 | Non Started |
| 98 | 1.12 | | | ANCHO DEVI | PRATAPPUR | 14.00 | W | 8.40 | 5.60 | Non Started |
| 99 | 1.12 | | | DEVANTI DEVI | PRATAPPUR | 14.00 | W | 8.40 | 5.60 | Non Started |
| 100 | 1.12 | | | SABITA DEVI | PRATAPPUR | 14.00 | W | 8.40 | 5.60 | Non Started |
| 101 | 6.8 | | LIVE FISH SELLING KIOSK | SHAMBHU CHAUDHARI | HUNTERGANJ | 20.00 | GEN | 8.00 | 12.00 | Non Started |
| 102 | 6.8 | | | ARUN KR. PASWAN | HUNTERGANJ | 20.00 | SC | 12.00 | 8.00 | Non Started |
| 103 | 1.4+1.5 | 2023-24 | Growout tank | ABHISHEK KUMAR DANGI | CHATRA | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 104 | 1.4+1.5 | | | LIYAKAT MIYAN | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 105 | 1.4+1.5 | | | KAMLESH KR. YADAV | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 106 | 1.4+1.5 | | | SAURABH KUMAR | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 107 | 1.4+1.5 | | | ASHOK MAHTO | PRATAPPUR | 7.00 | GEN | 2.80 | 4.20 | Non Started |
| 108 | 1.4+1.5 | | | CHALITRA BHUIYA | HUNTERGUNJ | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 109 | 1.4+1.5 | | | UDAY KR. PASWAN | HUNTERGUNJ | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 110 | 1.4+1.5 | | | PRAMOD DAS | HUNTERGUNJ | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 111 | 1.4+1.5 | | | AJAY KUMAR DAS | MAYURHAND | 7.00 | SC | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 112 | 1.4+1.5 | | | HARDAYAL GANJHU | CHATRA | 7.00 | ST | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 113 | 1.4+1.5 | | | RAMESHWAR GANJHU | TANDWA | 7.00 | ST | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 114 | 1.4+1.5 | | | BALESHWAR GANJHU | TANDWA | 7.00 | ST | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 115 | 1.4+1.5 | | | ARUNA DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 116 | 1.4+1.5 | | | PARWATI DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 117 | 1.4+1.5 | | | SUNITA DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 118 | 1.4+1.5 | | | TETARI DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 119 | 1.4+1.5 | | | KHAGIYA DEVI | CHATRA | 7.00 | W | 4.20 | 2.80 | Non Started |
| 120 | 5.3a | | SMALL RAS | PUNIYA DEVI | ITKHORI | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 121 | 5.3a | | | MONI DUBE | KANHACHATTI | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 122 | 5.3a | | | SIVANI DEVI | TANDWA | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 123 | 6.6 | 2023-24 | Ice Box With Cycle | ASHISH KUMAR YADAV | CHATRA | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 124 | 6.6 | | | MITHUN BHUIYAN | CHATRA | 0.10 | SC | 0.06 | 0.04 | Non Started |
| 125 | 6.6 | | | VIJAY TURI | SIMARIA | 0.10 | SC | 0.06 | 0.04 | Non Started |
| 126 | 6.6 | | | RAJ KUMAR | SIMARIA | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 127 | 6.6 | | | AASHISH KUMAR | PRATAPPUR | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 128 | 6.6 | | | GOVND YADAV | PRATAPPUR | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 129 | 6.6 | | | RAMJI YADAV | PRATAPPUR | 0.10 | GEN | 0.04 | 0.06 | Non Started |
| 130 | 6.6 | | | MINIYA DEVI | HUNTERGUNJ | 0.10 | W | 0.06 | 0.04 | Non Started |
| 131 | 6.6 | | | BABIT DEVI | HUNTERGUNJ | 0.10 | W | 0.06 | 0.04 | Non Started |
| 132 | 6.6 | | | BALIYA DEVI | MAYURHAND | 0.10 | W | 0.06 | 0.04 | Non Started |
| 133 | 6.7 | | Ice Box With Three Wheeler | PRADIP BHUIYAN | LAWALONG | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 134 | 6.7 | | | ROHIT KUMAR | SIMARIA | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 135 | 6.7 | | | NITISH PASWAN | CHATRA | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 136 | 6.7 | | | GAUTAM KUMAR PASWAN | CHATRA | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 137 | 6.7 | | | RUPESH KUMAR | PRATAPUUR | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 138 | 6.7 | | | KAPIL KUMAR PASWAN | PRATAPUUR | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 139 | 6.7 | | | KELASH PASWAN | GIDHAUR | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 140 | 6.7 | 2023-24 | Ice Box With Three Wheeler | SHANKAR BHUIYAN | HUNTERGUNJ | 3.00 | SC | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 141 | 6.7 | | | PRAMOD GANJHU | TANDWA | 3.00 | ST | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 142 | 6.7 | | | DULAR CHAND GANJHU | SIMARIA | 3.00 | ST | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 143 | 6.7 | | | KULSUM KHATUN | TANDWA | 3.00 | W | 1.80 | 1.20 | Non Started |
| 144 | 6.7 | | | KULDEEP KUMAR SAW | ITKHORI | 3.00 | GEN | 1.20 | 1.80 | Non Started |
| 145 | 6.5 | 2023-24 | Ice Box With Motorcyle | BINDOD RAM | CHATRA | 0.75 | SC | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 146 | 6.5 | | | BINDESWARI RAM | PATHALGADDA | 0.75 | SC | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 147 | 6.5 | | | SUNIL KUMAR RAJAK | TANDWA | 0.75 | SC | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 148 | 6.5 | | | RAJDEV BHUIYAN | LAWALONG | 0.75 | SC | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 149 | 6.5 | | | BINOD PASWAN | HUNTERGUNJ | 0.75 | SC | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 150 | 6.5 | | | RETESH KUMAR | CHATRA | 0.75 | GEN | 0.30 | 0.45 | Non Started |
| 151 | 6.5 | | | KAILASH GANJHU | CHATRA | 0.75 | ST | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 152 | 6.5 | | | ISHWAR SINGH BHOKTA | CHATRA | 0.75 | ST | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 153 | 6.5 | | | YOGENDRA GANJHU | KANHACHATTI | 0.75 | ST | 0.45 | 0.30 | Non Started |
| 154 | 6.3 | 2023-24 | Refrigerated vehicles | MITHLESH KUMAR CHOUDHARY | KUNDA | 25.00 | GEN | 10.00 | 15.00 | Non Started |
| 155 | 5.3b | | Bio Flock (7 Tank) | DIPU KUMAR | HUNTERGUNJ | 7.50 | GEN | 3.00 | 4.50 | Non Started |
| 156 | 5.3b | | | CHANDAN KUMAR | PRATAPPUR | 7.50 | SC | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 157 | 5.3b | | | GUNJA DEVI | ITKHORI | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 158 | 5.3b | | | LALI KUMARI | ITKHORI | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 159 | 5.3b | | | JAYANTI DEVI | TANDWA | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 160 | 5.3b | | | DEVANTI DEVI | TANDWA | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 161 | 5.3b | | | DEVANTI DEVI | HUNTERGUNJ | 7.50 | W | 4.50 | 3.00 | Non Started |
| 162 | 6.8 | 2023-24 | LIVE FISH SELLING KIOSK | SHARMILA KUMARI | PRATAPUUR | 20.00 | W | 12.00 | 8.00 | Non Started |
| 163 | 5.2b | | Establishment of Biofloc Culture System (25 tank of 4m dia and 1m High) | MOSART KHATUN | HUNTERGUNJ | 25.00 | W | 15.00 | 10.00 | Non Started |
| 164 | 6.9a | | Feed Mill | RAKESH KUMAR | CHATRA | 30.00 | GEN | 12.00 | 18.00 | Non Started |
| 165 | 6.9a | | | DINESHWAR RAM | PATHALGADDA | 30.00 | SC | 18.00 | 12.00 | Non Started |
| 166 | 6.9a | | | SHABNAM PERWEEN | CHATRA | 30.00 | W | 18.00 | 12.00 | Non Started |

अतः आप सभी चयनित लाभुकों से अनुरोध है कि 10 दिनों के अन्दर कार्य प्रारम्भ करने संबंधित दस्तावेज/लिखित सहमाती पत्र/अंशदान संबंधित शपथ–पत्र, एकरारनामा,संसाधन क्रम आदि अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराये। अन्यथा आपके स्थान पर नये लाभुकों की चयन करने की प्रक्रिया अपनायी जाएगी। जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेवार होगें इस संबंध में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
चतरा

PR 360862 (Fish)25-26*D




**पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ने की दमदार वापसी**

# चार साल बाद मिली डब्ल्यूडब्ल्यूई में पहली जीत

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूडब्ल्यूई की पूर्व चैंपियन और रेसलिंग लीजेंड मेलिना ने तीन महीने के ब्रेक के बाद एक बार फिर रिंग में वापसी की है। 46 साल की मेलिना ने पेरिस में आयोजित ड्रैग अटैक डिवाज इवेंट में अपनी वापसी की जहां उन्होंने जैजे पैरी और जेजीयू को हराकर 2021 के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मेलिना के करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है क्योंकि उन्होंने 2001 से 2022 तक रेसलिंग की दुनिया में अपना नाम बनाया था। हालांकि उन्होंने 2022 के बाद रेसलिंग से दूरी बना ली थी। पिछले साल मई में उन्होंने रेसल नेशन बैटल रॉयल में वापसी की थी, लेकिन तीन महीने के छोटे ब्रेक के बाद अब वह पूरी तरह से वापसी के लिए तैयार दिख रही हैं।

### वापसी से पहले भावुक संदेश

पेरिस में अपनी वापसी से पहले मेलिना ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा कि 'पेरिस में वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। बचपन में मैं इस शहर का सपना देखती थी। अब मैं यहां सिर्फ फ्रांस के जादू का आनंद लेने नहीं बल्कि उस शहर में फिर से कुश्ती करने आई हूं जहां मैंने अपना दूसरा खिताब जीता था।'

# एशिया कप 2025 : भीषण गर्मी के कारण बदली मैच टाइमिंग, आधे घंटे देरी से शुरू होंगे मुकाबले

**एजेंसी। दुबई**




एशिया कप 9 सितंबर को शुरू होने वाला है। टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाला यह टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होगा। इसमें क्रिकेट के 19 मैच खेले जाने हैं, लेकिन वहां पड़ रही भीषण गर्मी मैचों के पूर्व निर्धारित समय बदलने की वजह बन गई है। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमानों के अनुसार, सितंबर में यूएई में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस वजह से टूर्नामेंट के दिन-रात को होने वाले सभी मैचों का समय भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे) से बदलकर भारतीय समयानुसार रात 8 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे) कर दिया गया है।

इस बदलाव से अप्रभावित एकमात्र मैच 15 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जो यूएई और ओमान के बीच होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे (स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे) शुरू होगा।

अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच होने वाले मुकाबले से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। दुबई में 11 मैच खेले जाएंगे, जिनमें 28 सितंबर को होने वाला फाइनल भी शामिल है। शेष 8 मैच अबू धाबी में खेले जाएंगे।

टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में आयोजित होने वाले एशिया कप में आठ टीमें होंगी। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग शामिल हैं।

भारत अपने ग्रुप ए के मैच क्रमशः 10 और 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कृमशः यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। ओमान और भारत के बीच होने वाला मैच खिलाफ 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण में आगे बढ़ेंगी। इससे पहले 2023 के एशिया कप फाइनल में श्रीलंका को हराकर भारतीय टीम चैंपियन बनी थी।

## हॉकी चैंपियनशिप में संत जेवियर कॉलेज व डिफेंस कॉलोनी की टीमें जीती



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर हॉकी सिमडेगा और जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में 29 अगस्त से 10 सितंबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित 20 वी मेजर ध्यान चंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपिनशिप 2025 में आज दूसरे दिन पुरुष वर्ग के दो मैच खेले गए। पहला मैच में संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा ने फरसापानी को 2-1 से पराजित कर तथा दूसरे मैच में डिफेंस कॉलोनी ने कसईदोहर को 05=02 गोल से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए।

आज के मैच में मुख्य अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मति सुशीला लकड़ा एवम पूर्व हॉकी खिलाड़ी स्मिता तिग्गा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया।

कल तीसरे दिन 09 मैच खेले जायेंगे। आज के मैच में मनोज कोणबेगी ,पंखरासियुस टोप्पो,कमलेश्वर मांझी, बसंत बा,राहुल मिंज, कुनुल भेंगरा, फ्लेबियस तिर्की, करिश्मा परवार , रोहित बेसरा , बिनोद कुल्लू, मनसुख सुरीन इत्यादि ने आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।

## हॉकी : एशिया कप के लिए चीन रवाना हुई भारतीय महिला टीम



**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम महिला एशिया कप के लिए शनिवार को चीन के हांग्जो रवाना हो गई। 20 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व सलीमा टेटे कर रही हैं। टेटे ने हॉकी विश्व कप 2026 में जगह पक्की करने के उद्देश्य से एशिया कप जीतने का लक्ष्य रखा है। सलीमा ने कहा, "यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने का अवसर है। हम इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी पहली प्राथमिकता अपने पूल में शीर्ष पर रहना और सुपर फोर में पहुंचना है। वहां से, हम मैच दर मैच ट्रॉफी की ओर बढ़ेंगे।" 20 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। गोलकीपर बंसरी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम टीम में गहराई प्रदान करते हैं।

## वॉलीबॉल खेल में खिलाड़ी हुए सम्मानित



**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर रांची में झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के कर कमलों द्वारा "खेल रत्न सम्मान 2025" से नवाजे गए विभिन्न खेलों के प्रख्यात प्रशिक्षकों एवं झारखंड के उभरते श्रेष्ठ खिलाड़ियों । इसी कड़ी में वॉलीबॉल खेल में कूल 5 स्पोर्ट्र्सपर्सन्स भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं कार्यों के लिए पुरस्कृत हुए। भारत सरकार के खेलो इंडिया मिशन द्वारा इसी वर्ष (2025) देश की पहली एवं एकमात्र मान्यता प्राप्त बालकों का आवासीय वॉलीबॉल अकादमी झारखंड की मोंगिया राष्ट्रीय वॉलीबॉल अकादमी के उभरते राष्ट्रीय खिलाड़ियों, रितेश यादव, सोनू कुमार एवं राहुल कुमार सहित भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक (एशियन गेम्स ) सह मोंगिया राष्ट्रीय वॉलीबॉल अकादमी के महासचिव एवं सेल, बोकारो के खेल सलाहकार डॉ जयदीप सरकार को वॉलीबॉल खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए "खेल रत्न सम्मान 2025 " से प्रोत्साहित किया गया। चित्र में महामहिम राज्यपाल के साथ सम्मानित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के साथ खड़े हैं झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव एवं महासचिव पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सौरभ तिवारी ।

## खो-खो प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**रांची।** आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रांची जिला सुपर स्पीड बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीम के एक सौ बालक-बालिका ने खो-खो मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नारी शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्षा आरती बेहरा, विशिष्ट अतिथि बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सचिव सजल बनर्जी, डोरंडा महाविद्यालय, रांची के प्राध्यापक अवधेश कुमार ठाकुर एवं रिलेशन ग्रुप के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ी को पदक देकर सम्मानित किया। जबकि आंगन्तुको का स्वागत सह मंच का संचालन झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अजय झा ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक संजय कुमार, शुभम सिंह, सरिता कुमारी,अनुशिखा कुमारी, सारथी बेहरा एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरीय झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार ने किया। बालक वर्ग में डे बोर्डिंग बालक प्रशिक्षण केंद्र ,धुर्वा ने बी.एस.पी.स्पोर्टस केंद्र को 24-17 अंकों से पराजित कर विजेता बना। डे बोर्डिंग के ओर से सन्नी कुमार, अभिषेक उरांव,अरूण गाड़ी एवं बी.एस.पी.के ओर से शिवम नायक, शिवा कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया ।बालिका वर्ग में बी.एस.पी.स्पोर्टस केंद्र ने बिरसा मुंडा क्लब को कड़े संघर्षपूर्ण मैच में 18-13 अंकों से पराजित कर विजेता बनी।

## टी20 में पोलार्ड का जलवा

# 14,000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने




**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान किरॉन पोलार्ड को टी20 क्रिकेट का महानतम खिलाड़ी माना जाता है। 38 साल के पोलार्ड इस सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे हैं। शनिवार को बारबडोस के खिलाफ हुए मैच में पोलार्ड ने अपने 14,000 टी20 रन पूरे किए। बारबडोस के खिलाफ हुए मैच में पोलार्ड जब बल्लेबाजी करने उतरे तो टी20 में 14,000 रन पूरे करने के लिए 19 रन की जरूरत थी। पोलार्ड ने 9 गेंद पर 19 रन बनाकर अपने 14,000 रन पूरे किए। क्रिस गेल के बाद टी20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे करने वाले पोलार्ड दूसरे बल्लेबाज हैं। क्रिस गेल ने 2005 से 2022 के बीच राष्ट्रीय टीम, घरेलू टीम और लीग क्रिकेट के कुल 463 मैचों की 455 पारियों में 22 शतक और 88 अर्धशतक की मदद से 14,562 रन बनाए। गेल टी20 के सर्वोच्च स्कोरर हैं। पोलार्ड ने 2006 से राष्ट्रीय टीम और दुनियाभर की लीग में अब तक 712 मैचों की 633 पारियों में 1 शतक और 64 अर्धशतक लगाते हुए 14,000 रन बनाए हैं। पोलार्ड 38 साल के हैं और लीग क्रिकेट में सक्रिय हैं। संभव है जल्द ही वे गेल को पीछे छोड़ते हुए टी20 फॉर्मेट के सबसे सफल बल्लेबाज बन जाएं। पोलार्ड ने 332 विकेट भी लिए हैं। पोलार्ड 14,000 रन बनाने और 300 विकेट लेने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं। वहीं, पोलार्ड टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में 26वें स्थान पर हैं।

## राहुल द्रविड़ ने आईपीएल 2026 से पहले छोड़ा राजस्थान रॉयल्स का साथ

नई दिल्ली, 30 अगस्त (आईएएनएस)। आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स चर्चा में है। कप्तान संजू सैमसन के टीम से अलग होने की खबरों के बीच मुख्य



कोच राहुल द्रविड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की जानकारी दी। आरआर ने अपने बयान में कहा कि हाल ही में हुई संरचनात्मक समीक्षा के तहत, फ्रेंचाइजी ने द्रविड़ को एक व्यापक भूमिका की पेशकश की थी, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच ने यह पद नहीं लेने का फैसला किया है। अपनी कोचिंग में भारतीय क्रिकेट टीम को 2024 का टी20 विश्व कप जिताने वाले राहुल द्रविड़ ने आईपीएल 2025 से पहले आरआर के साथ मुख्य कोच के रूप में अनुबंध किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका अनुबंध लंबे समय के लिए था, लेकिन अचानक उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। आरआर ने कहा, "राहुल कई वर्षों से रॉयल्स की यात्रा के केंद्र में रहे हैं। उनके नेतृत्व ने खिलाड़ियों की एक पीढ़ी को प्रभावित किया है। टीम के भीतर मजबूत मूल्यों का निर्माण किया है और फ्रेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी है। राजस्थान रॉयल्स उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक फ्रेंचाइजी के प्रति राहुल की उल्लेखनीय सेवा के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।" द्रविड़ ने आईपीएल 2012 और 2013 में आरआर की कप्तानी की थी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### अमेरिकी टैरिफ के झटके से निपटने के लिए सरकार सक्रिय

## निजी क्षेत्र के साथ मिलकर हो रहा काम: सीईए नागेश्वरन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा हाल ही में भारतीय सामानों पर लगाए गए अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ से प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को सहारा



देने के लिए केंद्र सरकार, निजी क्षेत्र और अन्य स्टेकहोल्डर्स मिलकर जोर-शोर से काम कर रहे हैं। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लागू किया है, जिसके बाद से सरकार सक्रियता से इस चुनौती का सामना करने की तैयारी में जुट गई है। नागेश्वरन ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से निर्यातकों, उद्योग संगठनों, निजी क्षेत्र की निर्यात एजेंसियों और संबंधित मंत्रालयों के साथ लगातार बातचीत चल रही है। सरकार और वित्त मंत्रालय इस मुद्दे पर रणनीति बनाने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस रणनीति का मुख्य मकसद प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को समय और वित्तीय सहायता देना है, ताकि वे इस संकट से न केवल उबर सकें, बल्कि और मजबूत होकर सामने आएं। हालांकि, उन्होंने सरकार की योजना के बारे में और जानकारी देने से इनकार कर दिया।

### जीडीपी के आंकड़े एक पॉजिटिव संकेत


नागेश्वरन ने इस चुनौती के बीच अर्थव्यवस्था में कुछ पॉजिटिव पहलुओं की भी बात की। उन्होंने हाल ही में सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी किए गए चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़ों का जिक्र किया। इन आंकड़ों के मुताबिक, स्थिर कीमतों पर वास्तविक जीडीपी बढ़ोतरी दर पिछले साल की पहली तिमाही की तुलना में 7.8 फीसदी रही। उन्होंने कहा कि यह नाममात्र बढ़ोतरी खास तौर पर उत्साहजनक है, क्योंकि कुछ निजी क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि यह 8 से 8.2 फीसदी के बीच रहेगी। 9 फीसदी के करीब पहुंचना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## भारत बनेगा एआई समाधान हब

**नई दिल्ली।** वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने के लिए भारत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और किफायती इंजीनियरिंग का उपयोग करने वाला देश होगा। इन्फोसिस के चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में तीन तरह से यह काम आगे बढ़ेगा। पहला, देश में अपने वैश्विक क्षमता केंद्र रखने वाली कंपनियां जो मूल उद्यम के इतर एआई से जुड़े कार्यक्रम बनाएंगी। दूसरे, वे आईटी सेवा प्रदाता कंपनियां, जो एआई परिवर्तन यात्रा में अपने ग्राहकों की मदद करेंगी और तीसरा, डिजिटल बुनियादी ढांचा, जो पूरे एआई तंत्र की नींव हैं। दुनिया की सबसे बड़ी खुदरा कंपनी वॉलमार्ट की प्रौद्योगिकी इकाई वॉलमार्ट ग्लोबल टेक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नीलेकणि ने कहा, 'अगर बिहार में बैठा कोई किसान अपने फोन से ही हिंदी में बात करते हुए अपने एजेंट से खेती की बेहतरीन पद्धतियों और बाजार पहुंच के बारे में तत्काल जानकारी हासिल कर लेता है तो समझिए, हमने यह कर दिखाया है।' नीलेकणि के मुताबिक, भारत में कंपनियों के पास बड़े पैमाने पर नवाचार करने का मौका है, जो किसी भी प्रौद्योगिकी को व्यापक स्तर पर अपनाने के लिए सबसे जरूरी चीज है।

## अगले साल आ सकता है जिओ का आईपीओ

**नई दिल्ली। एजेंसी**




निवेशकों के लिए बनेगा सुनहरा मौका रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) अपनी दूरसंचार सेवा इकाई रिलायंस जियो को अगले साल जून तक सूचीबद्ध कराएगी, जबकि समूह भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता बनने के बाद जियो की सेवाओं को अन्य वैश्विक बाजारों में भी ले जाने की योजना बना रहा है। कंपनी के 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं, जिनमें से 22 करोड़ 5जी सेवा का उपयोग कर रहे हैं। मामले से अवगत लोगों ने बताया कि आईपीओ जियो प्लेटफॉर्म्स (जेपीएल) द्वारा लाया जाएगा, जो रिलायंस जियो इन्फोकॉम की होल्डिंग कंपनी है और दूरसंचार कंपनी की पूर्ण स्वामित्व भी रखती है। आरआईएल के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को समूह की सालाना आम बैठक (एजीएम) में कहा, 'आज, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि जियो अपने आईपीओ के लिए तैयारी कर रहा है। हमारा लक्ष्य सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाने पर 2026 की पहली छमाही तक जियो को सूचीबद्ध कराना है।' उन्होंने कहा, 'मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इससे यह साबित होगा कि जियो हमारे वैश्विक समकक्षों के समान ही मूल्य सृजन करने में भी सक्षम है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सभी निवेशकों के लिए एक बेहद आकर्षक अवसर होगा।' जियो प्लेटफॉर्म्स को वर्ष 2020 में कुल 152,055.45 करोड़ रुपये या 20 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ था, जिसके तहत उसने मेटा और गूगल जैसे दो दर्जन से अधिक निवेशकों को 32.97 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी।

## ई-विटारा से मारुति को मिलेगी ईवी सेगमेंट में मजबूत एंट्री

- **ब्रोकरेज हाउस ने बढ़ाया टारगेट प्राइस**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मारुति सुजूकी इंडिया के पहले इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी)- ई-विटारा को दलाल पथ के विश्लेषकों से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। विश्लेषकों के अनुसार इस पेशकश के साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेगमेंट में धमाकेदार शुरुआत की है, लेकिन कीमतों और कड़ी प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंताएं उम्मीदों पर पानी फेर सकती हैं। मारुति सुजूकी इंडिया के शेयर ने 28 अगस्त को बीएसई पर 14,940.6 रुपये का ऊंचा स्तर छुआ था और 26 अगस्त को ई-विटारा लॉन्च किए जाने के बाद इसमें 2.2 फीसदी की तेजी आई है। इसकी तुलना में सेंसेक्स इस अवधि में 2.2 फीसदी फिसला है।

- *इस सप्ताह की शुरुआत में मारुति सुजूकी ने अपने गुजरात संयंत्र में ई-विटारा का उत्पादन शुरू किया*
- *यह एसयूवी शुरुआत में जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और ऑस्ट्रिया जैसे वैश्विक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करेगा*



- **2.2 फीसदी की तेजी आई है**

### उत्पादन और निवेश

ई-विटारा का उत्पादन मारुति सुजूकी के एसएमजी प्लांट में किया जा रहा है जिसकी तीन लाइनों में 7.5 लाख वाहन बनाने की क्षमता है। ढाई लाख वाहनों की अतिरिक्त क्षमता वाली चौथी लाइन वित्त वर्ष 2027 में चालू हो जाने की उम्मीद है और यह आईसीई, ईवी और हाइब्रिड पावरट्रेन में बदली जा सकेगी।